

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 341 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 01 अक्टुबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## अमेरिका में कल से सरकारी कामकाज ठप, संकट में आएगी दुनिया ! क्या है ये शटडाउन ?




नई दिल्ली. दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका में आज रात 12 बजे के बाद शटडाउन लगने वाला है. इमरजेंसी सेवाओं के अलावा तमाम सरकारी कामकाज रुक जाएंगे. अमेरिका की सरकार और उसकी तमाम एजेंसियां काम करना बंद कर देंगी. बीते एक दशक में यह चौथा मौका है जब अमेरिका में शटडाउन लगने जा रहा है. केवल अमेरिका ही नहीं पूरी दुनिया पर इसका असर पड़ना तय है. आज के ग्लोबल युग में अमेरिका में सरकारी कामगाज ठप होते ही निवेशकों के मन में इसका नेगेटिव इम्पैक्ट पड़ सकता है. ऐसे में दुनिया भर के बाजार भी इस यूएस शटडाउन से अछूते नहीं रहेंगे.

अर्थव्यवस्था की नजर से समझें तो अमेरिका सहित पूरी दुनिया के निवेशकों की भावनाओं पर इस शटडाउन का असर पड़ेगा, जिसके चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट आ सकती है. मन में सवाल उठना लाजमी है कि आखिर अमेरिका के इस शटडाउन का क्या मतलब है? यूएस में हाल के दिनों में ऐसा क्या हुआ है जो सरकार को देश में शट-डाउन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? चलिए हम आपको इसके पीछे की पूरी कहानी समझाते हैं.

### क्या है यूएस शटडाउन?

अमेरिकी में जब भी सरकार की फंडिंग को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच गतिरोध पैदा होता है तो वहां शटडाउन की स्थिति पैदा हो जाती है. शटडाउन होते ही वहां फेडरल सरकार के करीब 40 लाख कर्मचारियों का वेतन अधर में अटक जाता है. नासा जैसी एजेंसियों के शोध प्रभावित होते हैं. नेशनल पार्क बंद कर दिए जाते हैं. केवल इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सरकार की फंडिंग से चलने वाली तमाम चीजें बंद कर दी जाती हैं. हालांकि प्राइवेट सेक्टर पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ता.

### क्यों आई शटडाउन की नौबत?

अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में 29 सितंबर को शटडाउन को टालने के लिए अहम वोटिंग हुई थी. ऐसी उम्मीद थी कि सरकारी कामकाज के खर्चों के लिए फौरी उपाय को मंजूरी मिल सकती थी, जिसे 30 दिनों के लिए टाल दिया गया. हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में फौरी उपाय के फेवर में महज 198 वोट पड़े, जबकि इसके विरोध में 232 मेंबर्स ने वोटिंग की. हाउस में फेडरल एजेंसियों के खर्च में कटौती सहित इमिग्रेशन पर रोक जैसे प्रावधानों को विपक्ष की तरफ से पेश किया गया था. हालांकि यह पास नहीं हो सका. इन प्रावधानों के पास होने के बाद भी आगे इसके सीनेट में अटकने का खतरा था, क्योंकि वहां राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी बहुमत में है.

## प्रदेश में कानून व्यवस्था की कोई चीज नहीं- रामगोपाल



**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। नगर के नेशनल हाईवे की सर्विस रोड स्थित एक होटल में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। भाजपा सरकार ओवीसी और पिछड़े, अति पिछड़े और दलित लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। भाजपा चुनाव आते ही मंदिर-मस्जिद विवादों में उलझा कर जनता को गुमराह कर वोट हासिल करने का कुचक्र रचती है। लेकिन अब जनता सब जान चुकी है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पता नहीं भाजपा ने कौन सा स्कूल खोल रखा है, जहां झूठ सिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के चुनाव में भाजपा ज्यादातर मंत्रियों को चुनाव में उतार रही है। उन्होंने कहा कि आरोप तो किसी पर भी लगाये जा सकते हैं। उन्होने कहा कि कोई भी एसा जनप्रतिनिध नहीं है, जिस पर आरोप न लगाये जा सकते हों और लगाए न गये हों। प्रोफेसर ने कहा कि विद्यालय निर्माण और किसी गरीब बेटी की शादी में लगाया गया धन पवित्र हो जाता है। इस लिए विद्यालयों में दी गई सांसद व विधायक निधि की जांच करना ही गलत है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी डॉ. दिलीप यादव, जिलाध्यक्ष के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## बी०पी०टी०, बी०एम०एल०एस० एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रम का महत्व तथा देश विदेश की मेडिकल चिकित्सा में उनका योगदान समझाया गया




**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । एम.एस. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,एम. एस. इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग लखनऊ के अन्तर्गत ओरियेन्टशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत संस्थान में अध्ययनरत नर्सिंग, बी०पी०टी०, बी०एम०एल०एस० एवं पैरामे-डिकल पाठ्यक्रम का महत्व तथा देश विदेश की मेडिकल चिकित्सा में उनका योगदान समझाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बहादुर शान्ति देवी द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्राप्त हुए। विशेष अतिथि डॉ० एस०पी० चौधरी कंचन चौधरी द्वारा ऊजार्वान निर्देश प्राप्त हुए। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए निदेशक डॉ० कामिनी पाठक प्रधानाचार्य, मीनाक्षी तिवारी अमिता सिंह डॉ० सुबिया हसन द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने और अपना विकास करने के लिये निर्देश प्राप्त हुए । आयोजन में नर्सिंग के ए०एन०एम०. जी०एन०एम०, पोस्ट बेसिक बी०एस०सी० नर्सिंग और बी०एम०एल०एस० बी०पी०टी० डिप्लोमा इन ओ०टी० एवं डिप्लोमा इन डायलिसिस के विद्यार्थी उपस्थित थे विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहें, नर्सिंग व पैरामेडिकल की उच्चतर स्तर हेतु अनेक योजनाओं से जागरूक किया गया। मिशन निरामया की योजनाओं के सफलतापूर्वक प्रयासों से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के विभिन्न कॉलेजों की ग्रेडिंग प्रक्रिया से शिक्षा का स्तर ऊँचा उठा साथ ही साथ राज्य सरकार द्वारा वेबसाइट पोर्टल पर ग्रेडिंग विवेचना का पारदर्शी प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को प्रवेश से पूर्व संस्थान की ग्रेडिंग का पता हो जाता है ।समस्त टीम के सहयोग से एम० एस० हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, एम० एस० इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लखनऊ को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन निरामया के अन्तर्गत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विद्यार्थियों को देश विदेश में रोजगार अवसर प्रदान करने हेतु भी विभिन्न योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया है।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

## अभिनेता अनुपम खेर ने किया भगवान रामलला का दर्शन, लोगों के कल्याण का मांगा आशीर्वाद

**राजेश तिवारी**
**दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या।सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने शनिवार सुबह रामलला के दर्शन किए। मंदिर निर्माण कार्य भी देखा। इस-के बाद प्रसिद्ध मंदिर कनक भवन में भी दर्शन पूजन किया, आरती उतारी।




इस दौरान वीडियो कॉल पर उन्होंने अपनी वृद्ध माताजी को भी कनक बिहारी सरकार के दर्शन कराए और भगवान के साथ सेल्फी भी खींची। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अनुपम खेर ने कहा कि यह धरती बहुत पवित्र है। यहां के कण कण में भगवान राम विराजमान है। मेरी पूरे भारत और पूरे विश्व में रहने वाले सनातन धर्मियों से अपील है कि वह अयोध्या जरूर आए और यहां आकर भगवान राम लला का सानिध्य को प्राप्त करें।

आज भगवान रामलला से सभी सनातन धर्मियों के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा है। मैंने तो उनके लिए भी आशीर्वाद मांगा है जो सनातन को नहीं मानते हैं। भगवान राम सभी का कल्याण करें। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के सवाल पर अनुपम खेर ने कहा कि मुझे निमंत्रण मिलेगा तो भी आऊंगा अगर नहीं मिलेगा तो भी सामान्य श्रद्धालु की तरह ही कतार में लगकर रामलला के दर्शन जरूर करूंगा।

## जल्दबाजी के चक्कर में फुलवरिया फोरलेन की बिगड़ी डिजाइन

### फिर से झेलना होगा जाम, 70 फीसदी लाइटें भी खराब

**पंकज झा, समाज जागरण ब्यूरो**



वाराणसी फुलवरिया फोरलेन पर एक महीने और जाम झेलना पड़ेगा। लहरतारा सर्विस रोड 20 अक्तूबर तक खुल सकेगी। इससे पहले लहरतारा और बौलिया सर्विस रोड के बीच बने कट के पास जाम की समस्या बनी रहेगी।

सेतु निगम के इंजीनियर का कहना है कि जल्दबाजी की इंजीनियरिंग में सब गड़बड़ हुआ है। पहले फोरलेन लहरतारा चौराहा तक बननी थी, लेकिन इसे बढ़ाकर कबीर प्रकाट्य स्थली तक कर दिया गया। इससे डिजाइन बदलनी पड़ी। फोरलेन संकरी हो गई। जगह की कमी की वजह से ही इसे सिंगल लेन करके लहरतारा की तरफ स-र्विस रोड बनानी पड़ी है। जल्द ही शिवपुर से आने वाले लोगों को सीधे बौलिया जाने को नहीं मिलेगा। उन्हें लहरतारा सर्विस रोड से नीचे उतरकर बौलिया की तरफ जाना पड़ेगा। शिवपुर से कबीर प्रकाट्य स्थली तक की सड़क वन-वे कर दी जाएगी। इस सड़क से मंडुवाडीह की तरफ ही जाया जा सकेगा। लहरातारा सर्विस रोड के पास से ओवर ब्रिज के ऊपर से मुड़कर बौलिया की तरफ जाने का मौका किसी को नहीं मिलेगा। इसी तरह बौलिया से ओवरब्रिज पर चढ़कर मंडुवाडीह की तरफ सीधे नहीं जाया जा सकेगा। सर्विस रोड से ही होकर जाना पड़ेगा। सभी रास्ते वन-वे हो जाएंगे। इसका साइनेज बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

### चौथी बार मियाद बीती, अब अक्तूबर में पूरा होगा निर्माण

फुलवरिया फोरलेन का निर्माण चौथी बार निर्धारित मियाद पर नहीं पूरा हो सका। सड़क का काम 30 सितंबर तक पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब सेतु निगम अक्तूबर अंत तक फोरलेन का निर्माण पूरा करने का दावा कर रहा है। अगर ऐसा हुआ तो फोरलेन का लोकार्पण अक्तूबर में संभव नहीं होगा। नवंबर में लोकार्पण करके आधिकारिक तौर पर फोरलेन से आवागमन शुरू हो सकेगा। अभी लोकार्पण नहीं हुआ है। शहरवासियों की सुविधा को देखते हुए गत 15 अगसत से आवागमन की अनुमति दी गई है।

### 70 फीसदी लाइटें भी खराब

जाम से निजात दिलाने को बनाए गए फुलवरिया फोरलेन अंधेरा हो जाता है। इनकी 70 फीसदी स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। इससे हादसों का डर बना रहता है। फुलवरिया फोरलेन पर जेल रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर लगाई गई लाइटें बीते एक हफ्ते से नहीं जल रही हैं। इस मार्ग का लोकार्पण अभी नहीं हुआ है, लेकिन रास्ता चालू होने से इस पर दिनों रात छोटे बड़े वाहन फरार्टा भर रहे हैं।

शहर की सभी मार्गों पर लगाए गई स्ट्रीट लाइटें जल्द ही सही कराई जाएंगी। इसके लिए निविदा प्रक्रिया में है। खराब लाइटों को बदला जाएगा और मांग के अनुरूप लाइटें लगाई जाएंगी। - अजय राम, अधिशासी अभियंता, नगर निगम

## क्षेत्रीय मुख्यालय खगड़ा कैम्प परिसर में मिलेट मेले का रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो**
**किशनगंज।**



30 सितम्बर 2023 को खगडा कॅम्प, किशनगंज परिसर में एक विशाल मिलेट मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेले में किशनगंज सेक्टर एवं इसके अधीन समस्त वाहिनियों यथा, 17वीं वाहिनी, 72वीं वाहिनी, 132वीं वाहिनी, 152वीं वाहिनी एवं 175वीं वाहिनी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिलेट मेले का विधिवत उद्धघाटन श्रीमती मोना औल, क्षेत्रीय बावा अध्यक्षा द्वारा किया गया। इस मेले में क्षेत्रीय मुख्यालय एवं इसके अधीन समस्त वाहिनियों ने श्रीअन्न (मिलेट) से निर्मित भांन्ति भांन्ति के खाद्य-पदार्थों जैसे मिलेट रसगुला, बालूशाही, बर्फी, लड्डू इटली, डोसा, मोमोज, वडा, हलवा एवं मिलेट खिचड़ी बनाकर मेले में प्रदर्शित किया। क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल किशनगंज एवं पांचो वाहिनियों के सभी परिवारवालों ने उक्त मेले का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक इश औल ने 132वीं वाहिनी एवं 17वीं वाहिनी का मिलेट मेला में निर्मित विभिन्न खाद्य-पदार्थों में तैयारी के आधार पर मेले में ही प्रथम एवं द्वितीय पु-रस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। साथ ही उप महानिरीक्षक महोदय ने मेले मे उपस्थित समस्त अधिकारियों जैसे श्री आई. के. वाल्दे कमांडेंट, क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल एस. के सिन्हा, कमांडेंट, 72वीं वाहिनी सीसुबल, विवेक सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, 152वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, मोहित कोठियाल, द्वितीय कमान अधिकारी (संचार) क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, स्वरूप शाहा, द्वितीय कमान अधिकारी 17वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, नीरज कुमार, उप कमांडेट, 132वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, शशांक भूषण, उप कमांडेट (परिवहन) क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, अन्य अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को मिलेट मेला के सफलतापूर्वक आयोजन पर हार्दिक बधाई एवं अपनी शुभकमानाये प्रेषित किया।

## कहीं गोल्ड तो कहीं ट्रॉफी... भारत ने 1 दिन में पाकिस्तान को 3 बार पटका, चारों ओर हो रही टीम इंडिया की जय जयकार

नई दिल्ली. खेलों की दुनिया में भारत के लिए शनिवार का दिन बेहद शानदार रहा. भारतीय खिलाड़ियों ने एक दिन में पाकिस्तान को एक या दो नहीं बल्कि तीन बार पटखनी दी. कहीं भारतीय सूरमाओं ने पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया तो कहीं फाइनल में चारों खोने चित का ट्रॉफी अपने नाम की. वहीं हॉकी के मैदान पर तो गजब हो गया. ऐसा पहली बार हुआ है जब भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 10 गोल के अंतर से हराया है. इससे पहले दोनों टीमों की एक दूसरे के खिलाफ बड़ी जीत 9 गोल के अंतर से रही है. आइए जानते हैं कि भारत ने एक दिन में ऐसे कौन 3 जख्म पाकिस्तान को दिए हैं, जिसका उसे वर्षों तक मलाल रहेगा.

# कुछ तो अद्भुत है गांधी में !

## तभी तो भुलाए जाते हैं गांधी

**दैनिक समाज जागरण**

गांधी नाम की खुशबू हिंदुस्तान की हवा में शाश्वत है । गांधी महज दो अक्टूबर को याद किए जाने वाली नहीं वरन सदा मन में बसाने है शख्सियत हैं ।डसदी पुरुष व राष्ट्रपिता एवं बापू कहलवाते गांधी में भविष्यद्दष्टा की समझ थी ।आजाद भारत को उन्होंने कुछ ऐसे मंत्र दिए जो आज भी प्रासंगिक एवं उपयोगी हैं

गांधी के बारे में उनके विरोधी कुछ भी कहें, उन पर कितने भी इल्जाम लगाएं, उनके देश विभाजन, पाकिस्तान के निर्माण को स्वीकृति उसे करोड़ों रुपए दे देना और मुसलमानों को उसके बाद भी भारत में रहने देने के निर्णयों पर कितनी भी उंगलियां उठाएं लेकिन काल की शिला पर गांधी ने जो लिखा वह बार-बार घिसे जाने पर भी नहीं मिटा है।

यें गांधी वही गांधी हैं जिन्हें दुनिया ने महामानव, महात्मा आदि न जाने किस किस उपाधि से अलंकृत किया, वही गांधी जिसके बारे में आइंसटीन ने तो यहां तक कह दिया था कि हाड़ मांस से बना ऐसा मानव सदियों में एक बार ही पैदा होता है ।डेढ़ पसली के कृशकाय गांधी एक ऐसी रक्तहीन क्रांति के अगवा बने जैसी न उससे पहले कभी हुई थी और न ही उसके बाद हुई है । काल के पहिए के अनगिन चक्करों ने न जाने कितने महापुरुषों को अर्श से फर्श दिखाए पर गांधी शिखर पर बने हुए है तो कुछ तो खास है गांधी में।

यह उपयोगितावाद के युग में आदमी भी वस्तुओं की तरह काम का होने पर ही याद आता है और कोई तो बात है गांधी में जोआज प्रधानमंत्री भी 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान कर रहे हैं, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं । गांधी दर्शन द्वारा दिए गए विचार के चलते ही स्वच्छता पखवाड़े एवं मास मनाए जा रहे हैं स्थानीय उत्पादों की महत्ता पर बल दिया जा रहा है शिक्षा में स्किल डेवलपमेंट यानी कौशल विकास एक बार फिर से नए रूप में लौट आया है और लोक संस्कृति तथा भारतीयता पर जबरदस्त जोर है और जब देश में जीवन में सादगी लाने की बात की जाती है तब गांधी याद आते ही हैं क्योंकि गांधी ही वह शख्स थे जिन एवं जिन्होंने देश को आत्मनिर्भरता स्वदेशी जैसे विचार दिए थे ।

गांधीजी जानते थे के कि राष्ट्र का विकास स्थानीय संसाधनों के विकास पर निर्भर करता है इसलिए उन्होंने आजादी से पहले ही स्वदेशी की अवधारणा पर बल दिया कृषि व कुटीर उद्योगों के साथ-साथ बुनियादी शिक्षा पर जोर दिया जिससे कि आम आदमी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय संसाधनों से करते हुए जीवन सुचारु रुप से चला सके ।

समय के साथ प्रौद्योगिकी आई, वैश्विक व्यापार की बातें जोर पकड़ती गई, भूमंडलीकरण की अवधारणा ने पैर पसारे और समय की मांग को देखते हुए हिंदुस्तान भी उसी रौ में बहने लगा मगर समय ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि विदेशों से कितने भी संसाधन यह सुविधाएं आए लेकिन 140 करोड़ लोगों की आवश्यकताओं की सम्यक पूर्ति यदि कहीं से होगी तो वह स्वदेशी उत्पाद ही हैं क्योंकि विदेशों से आयात में विदेशी मुद्रा का भारी खर्च होता है, चीजें महंगी भी पड़ती है तथा विदेशी वस्तुओं के उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ने से देशी कुटीर उद्योग नष्ट होने लगते हैं । आज समय की नजाकत को देखते हुए यदि वोकल फॉर लोकल की बातें हो रही हैं तो यह साफ संकेत है कि हम प्रच्छन्न रूप से गांधी एवं गांधीवाद को मान्यता दे रहे हैं।

गांधी का प्रदेय इस देश के लिये अमूल्य है। आज के युग की सीधी - सच्ची गुणा भाग है कि जो बिकता है वही टिकता है। जो काम का है ,वही सर आंखों पर रखा जाता है । और गांधी आज भी टिके हैं मगर बदकिस्मती से नई पीढ़ी के लिये गांधी ज्यादा महत्व नहीं रखते जो गहन चिंतन का विषय है ।

भले ही कुछ राजनीतिक विचारधाराओं के लिए गांधी बहुत उपयोगी न रहे हों लेकिन आम आदमी के लिए गांधी आज भी पूज्य हैं, जब गांधी के अधिकांश समकालीन महान नाम या तो गायब हो चुके हैं या भुला दिये गये हैं तब भी उनका ह्यटालिज्मह्लयानी जंतर व प्रभामंडल चमकदार है । कोई तो बात है गांधी में जो उन्हें न केवल जिंदा रखे है अपितु सम्मान दिला रही है ।

गांधी का सबसे बड़ा बल था उनकी दृढ़ता। भले ही सारी दुनिया ने उनकी आलोचना की पर गांधी ने वही किया जो उनकी आत्मा को गवारा होता था । वे न किसी से डरते थे, न दबते थे बेखौफ जीने का यही अंदाज गांधी की ताकत था । बेशक, गांधी के निर्णय कई बार विवाद के सबब बने पर, गांधी अपने मन की करते रहे अब इस पर बहस की जा सकती है कि वें सही थे कि गलत ।

गांधी का अहिंसावाद , निर्धन के प्रति प्रेम , महिला हितों के प्रति लगाव , बेसिक शिक्षा का सिद्धांत , आखिरी आदमी तक आजादी का सुख पंहुचाने का संकल्प किसी भी कीमत पर हिंसा का सहारा न लेने का जिद भरा दुःसाहस, सत्य के साथ अनवरत प्रयोग , हथियरों के सामने निहत्थे अड़ने व लड़ने का जज्बा गांधी को अपने समय के दूसरे नेताओं से अलगकरता है ।

गांधी कुटीर उद्योगों के माध्यम से रोजगार को हर हाथ तक पंहुचाकर समृद्ध व साम्यवादी हिंदुस्तान बनाने का सपना पाले थे । और स्किल इंडिया का पैगाम भी कमोबेश यही है स्वदेशी के प्रोत्साहन के लिए ह्यमेक इन इंडियाह्न कार्यक्रम पर बल भी गांधीजी के चिंतन कर मुहर लगाने जैसा ही मानना चाहिए ।

अस्तु ,गांधी पैदा नहीं होते बल्कि गांधी बनना पड़ता है । गांधी बनने के लिए अड़ने, लड़ने , कुव्वत से काम पर जुटने, आखिरी अंजाम तक पंहुचने से पहले किसी भी हालत में न थकने और न ही रुकने का दम चाहिए । हिंसा व ताकत के खिलाफ लड़ने के लिए अदम्य आत्मबल चाहिए, सुविधाओं को लात मारने की निस्पृहता चाहिए , पद से दूर रहने व सत्ता से न घबराने का दिल चाहिए तब कहीं जाकर थोड़ा बहुत ह्यमहात्माह्न बना जा सकता है और गाधी ने ऐसा ही 'महात्मा' बनकर दिखाया है दुनिया को। और कलयुग में ऐसे महात्मा प्रणम्य हैं।

**डॉ0 घनश्याम बादल**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार एवं स्वतंत्र पत्रकार हैं ।)**

# कुछ दिन घर क्यों नहीं बैठते महामहिम

**दैनिक समाज जागरण**

चुनाव के मौसम में देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के दौरों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आपत्ति से महामहिम उपराष्ट्रपति जी तिलमिला गए है । वे गहलोत की आपत्ति को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की मयार्दा के खिलाफ मानते हैं। सचमुच ये विमर्श का विषय है कि चुनावी मौसम में क्या देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति अपने घरों पर नहीं बैठ सकते ? ये सवाल भी जेरे बहस आना चाहिए कि क्या ये दोनों महानुभाव परोक्ष रूप से सत्तारूढ़ दल के लिए तो काम नहीं कर रहे ?

ये बात किसी से छिपी नहीं है कि राष्ट्रपति हों या उपराष्ट्रपति पिछले कुछ महीनों से उन पांच राज्यों की लगातार यात्राएं कर रहे हैं जहां अगले महीनों में विधानसभाओं के चुनाव होना है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु मध्यप्रदेश जा रहीं हैं तो उप राष्ट्रपति जयदीप धनकड़ राजस्थान। इन पांच राज्यों में महमहिमों के दौरों की वजह से राज्य सरकारों को अलग से इंतजाम करना पड़ते हैं। इसका असर राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार अभियान पर पड़ता है। राजस्थान के नीमराणा में एक चुनाव अभियान के दौरान सीएम अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति की पांच जिलों की यात्रा पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था, "ऐसी यात्राओं से सभी प्रकार के संदेश जाएंगे, जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

राजस्थान में उपराष्ट्रपति के दौर इसलिए गहलोत को खलते हैं क्योंकि उपराष्ट्रपति जयदीप धनकड़ जी राजस्थान से ही हैं और उनके बार -बार राजस्थान जाने से न केवल सरकार की चुनावी तैयारियां प्रभावित होती हैं बल्कि सत्तारूढ़ दल को राजनीतिक नुक्सानभी होता है ,क्योंकि उपराष्ट्रपति परोक्ष रूप से जो बातें करते हैं वे सत्तारूढ़ दल के खिलाफ जातीं हैं। एक राज्यपाल के रूप में धनकड़ जी अच्छे खासे बदनाम रहे है। उन्होंने बंगाल में अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा के एजेंट के रूप में खुलकर काम किया था और उनकी खूब बदनामी भी हुई थी। लेकिन उन्होंने किसी आलोचना की फ़िक्र नहीं की। नतीजा उन्हें केंद्र सरकार से ईनाम भी मिला और आज वे देश के उप राष्ट्रपति तथा राज्यसभा के पदेन सभापति भी हैं।

उपराष्ट्रपति पिछले दिनों मध्यप्रदेश भी गए। वहां भी विधानसभा के चुनाव है। मध्यप्रदेश में धनकड़ माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में गए थे । इस समारोह में छात्रों और अतिथियों को जो पगड़ी पहनाई गयी वो मारवाड़ी थी। कहा गया कि इस समारोह के जरिये मध्यप्रदेश में एक खास वर्ग को संकेतों में सत्तारूढ़ दल के लिए मनाया गया। हालाँकि मै ऐसा नहीं मानता की मध्यप्रदेश में धनकड़ की मौजूदगी से चुनाव प्रभावित होंगे,लेकिन राजस्थान में ये आशंका सही साबित हो सकती है। हाँ पत्रकारिता कि छात्रों को कूढ़ मगज बनाने की एक कोशिश जरूर यहां हुई। उसमें उप राष्ट्रपति जी की कोई भूमिका नहीं थी।

मध्यप्रदेश आदिवासी बहुल राज्य है । यहां आदिवासियों को साधने के लिए केंद्र की सरकार बार-बार किसी न किसी कार्यक्रम के बहाने से राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को आमंत्रित कर रही है। ताकि मध्यप्रदेश के आदिवासियों के मन में ये बात बैठाई जा सके कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जिसने एक आदिवासी को राष्ट्रपति जैसे संबसे बड़े पद पर बैठाया। राष्ट्रपति अपने मुंह से खुलकर भले ही भाजपा के लिए काम न करती दिखाई देतीं हों लेकिन बाकी सबको ऐसा ही लगता है। और ये हकीकत भी है । इससे आँखें नहीं फेरी जा सकतीं।

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पद राजनीति से ऊपर उठा देते हैं ,किन्तु दुर्भाग्य है कि जो लोग इन पदों पर पहुँचते हैं वे राजनीति से ऊपर उठ ही नहीं पाते । कांग्रेस के जमाने में भी यही समस्या थी और आज भाजपा के राज में भी स्थितियां बदलीं नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस के जमाने में महामहिम आज की तरह सत्तारूढ़ पार्टी के लिए काम नहीं करते थे। मध्यप्रदेश में राजस्थान की तरह सरकार की तरफ से राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के दौरों पर ऊँगली नहीं उठाई जा सकती ,लेकिन राजस्थान ने तो उठा दी और मजे की बात ये कि तीर निशाने पर लगा। उपराष्ट्रपति जी अशोक गहलोत की आपत्ति से तिलमिला गए।

उपराष्ट्रपति ने कहा है कि कुछ लोग संवैधानिक संस्थाओं पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं. ऐसा करना अच्छी बात नहीं हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, "जो व्यक्ति जितने बड़े पद पर है, उसका आचरण भी उतना ही मर्यादित होना चाहिए। राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कोई भी टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं है।" धनकड़ की प्रतिक्रिया एक तो जरूरी नहीं थी ,ऊपर से उनकी प्रतिक्रिया में कोई वजन नहीं है । उनकी टीप ' पर उपदेश ,कुशल बहुतेरे ' जैसी है । वे भी एक मर्यादित पद पर है। बेहतर होता कि वे मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया पर मौन रहते । किसी को प्रतिक्रिया देना ही थी तो भाजपा के नेता देते। लेकिन उपराष्ट्रपति के मन में तो कमल के फूल खिलते ही हैं। वे भूल नहीं पा रहे कि उपराष्ट्रपति किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश का होता है इसलिए उसका आचरण किसी राज्य के मुख्यमंत्री के आचरण से ज्यादा मर्यादित होना चाहिए।

राजयसभा के सभापति के रूप में श्री जयदीप धनकड़ के आचरण का मै मुरीद हूँ । वे मृदुभाषी हैं, उनके चेहरे से नूर टपकता है,उनके स्वर में वात्सल्य भी है लेकिन उनके भीतर का भाजपा कार्यकर्ता नहीं सो पा रहा। धनकड़ मुझे लोकसभा अध्यक्ष के मुकाबले ज्यादा गंभीर और जानकार लागते हैं किन्तु अशोक गहलोत की टीप के बाद उनका मुखर होना मुझे जंचा नही। मुमकिन है कि मैंने धनकड़ जी से कुछ ज्यादा ही उम्मीद लगा ली है ,मुझे शायद ऐसा नहीं करना चाहिए था । एक पत्रकार और लेखक के नाते मै धनकड़ जी को मश्विरा देना चाहता हूँ कि वे अपने पूर्ववर्ती उप राष्ट्रपति से कुछ सीखें । पूर्व उप राष्ट्रपति शाखामृग थे ,बावजूद उन्हें पार्टी ने राष्ट्रपति पद पर पदोन्नत नहीं किया। धनकड़ के साथ भी यही होगा । वे चाहे जितनी स्वामिभक्ति दिखा लें अब उन्हें और मौका नहीं मिलेगा । अब राष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी का चयन दूरदृष्टि से किया जाता है। वोट बैंक देखा जाता है। धनकड़ केवल राजस्थान विधानसभा चुनाव तक ही प्रासंगिक है। चुनाव निबटने के बाद उनका कोई महत्व रहने वाला नहीं है। इसलिए जरूरी है कि गहलोत के मुकाबले वे ज्यादा मर्यादित आचरण करें ।

उपराष्ट्रपति की चुनावी मौसम में यात्राओं को रोकने के बजाय केंद्र के मंत्री अशोक गहलोत पर बरसने लगे है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी गहलोत से पूछा है कि क्या उपराष्ट्रपति को राजस्थान दौरे के लिए मुख्यमंत्री की अनुमति लेने की जरूरत है ? मेघवाल ने कहा कि, "उपराष्ट्रपति के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अब क्यों आ रहे हैं? तो क्या अब उपराष्ट्रपति उनसे अनुमति लेकर आएंगे ?" मेघवाल और गहलोत आपस में जूझें तो ठीक है । मेघवाल को मंत्री बनाया इसीलिए गया है कि वे गहलोत से जूझें लेकिन जो काम मेघवाल कार रहे हैं वो उप राष्ट्रपति की हैसियत से धनकड़ साहब नहीं कर सकते । इसे अमर्यादित कहा और माना जाएगा। उन्हें मौन रहना चाहिए।

आप माने या न माने ,सहमत हों या न हों किन्तु ये हकीकत है कि देश में पहली बार संवैधानिक संस्थाओं का ही नहीं बल्कि शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों का भी सदुपयोग नहीं किया जा रहा । उनकी गरिमा तार-तार की जा रही है । संसद भवन का शिलान्यास हो या लोकार्पण या संसद का विशेष सत्र किन्तु देश कि राष्ट्रपति को पूछा नहीं जा रहा। राष्ट्रपति अब रबर की मुहर ही नहीं पत्थर के सनम भी बनकर रह गयीं है। वे हर दिन अपमान का घूँट पीती हैं, किन्तु मयार्दा में बंधीं है। बोल नहीं सकती। वे ज्ञानी जैल सिंह की तरह मौजूदा सरकार कि किसी आधे-अधूरे विधेयक पर दस्तखत करने से इंकार नहीं कर सकतीं, पुनर्विचार कि लिए नहीं कह सकतीं। आखिर पार्टी कि प्रति निष्ठा भी तो ऐसा करने में उनके आड़े आती है। उनकी जगह यदि उमा भारती होतीं तो शायद वे जैल सिंह बन भी जातीं

अशोक गहलोत जैसे पुरानी पीढ़ी के नेता कम ही हैं जो किसी भी मुद्दे पर खुलकर बोल सकते है। वे भूपेश बघेल की तरह सौम्य नहीं हैं। जो आपत्ति गहलोत ने की वो ही बघेल भी कर सकते थे ,लेकिन उन्होंने नहीं की । संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों का मान रखा।यही मान अब भाजपा को रखना चाहिये । जब तक चुनाव हैं तब तक राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति कि दौरों को स्थगित रखना चाहिए। शीर्ष पदों पर बैठे लोग यदि राजनीतिक कार्यकताओं की तरह काम करेंगे तो उन पदों की गरिमा गिरेगी। मुझे नहीं लगता कि गहलोत की आपत्ति कि बाद केंद्र की सरकार या राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति स्वयं इस मामले में कोई संज्ञान लेंगे ,किन्तु यदि ले लें तो उनका मान बढ़ेगा ही कम तो बिलकुल नहीं होग। चुनाव बिना राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का इस्तेमाल किये बिना भी लड़े और जीते जा सकते हैं।

**@ राकेश अचल**

# संजीवनी ।।

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,
तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे का''
वह धंधा करता है मुखौटों का'
कारोबार है बहुत फायदे का''

सच के बीच भी लोग फरेब करते हैं'
यह चलन भी है बहुत कायदे का '
यहां कौन सच्चा कौन झूठा है यहां।।
काम साधते डराकर कानून कायदे का ।।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े अकूत वायदे का।।
सच गुम है झूठ के बवंडर में आज संजीव।
क्या फायदा है सबूत ,कायदे का।

**संजीव ठाकुर, कवि,रायपु**

# श्रेष्ठ दैवीय वृत्तियों में से एक अहिंसा

**दैनिक समाज जागरण**

आदि काल से ही मानव जीवन के साथ दैवी (दैवीय) और आसुरी वृत्तियों का संघर्ष निरंतर चला आ रहा है। जीवन संग्राम में आसुरी वृत्तियों के विजय होने पर क्लेशों का समुद्र उमड़ पड़ता है। यह क्लेश मानव को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार आदि विविध रूपों में व्यथित करते हैं। इनके वशीभूत होकर मनुष्य जब अन्य प्राणियों को कष्ट देने के लिए संनद्ध होता है, तो उस वृत्ति का ही नाम हिंसा है। परंतु व्यक्ति जब आसुरी वृत्तियों की प्रबल विरोधिनी सेनाओं के द्वारा दैवी वृत्तियों को विजयी बना लेता है, तो दैवी वृत्तियों के विशाल साम्राज्य में सात्विकता, शांति, श्रद्धा, प्रेम, उत्साह आदि आध्यात्मिक सुखद राज्यों की स्वतः स्थापना हो जाती है। इन्हीं श्रेष्ठ दैवी वृत्तियों की जननी एवं कोशिका वृत्ति का नाम है -अहिंसा। आसुरी अर्थात हिंसात्मक वृत्तियां व्यक्ति को विविध कष्टों से दुखित करने के साथ ही अध्यात्म- प्रसाद से भी वंचित रखती हैं। इसलिए ऋग्वेद 7/32/9 में कहा गया है कि सोम स्वरूप परमेश्वर को चाहने वाले तुम किसी की हिंसा मत करो- मा स्त्रेध सोमिनः। हिंसा न करने का हेतु बताते हुए ऋग्वेद 7/32/9, सामवेद 868 में कहा है- न स्त्रेधन्तं रयिर्नशत। अर्थात- हिंसक वृत्ति वाला व्यक्ति मोक्ष रूपी अनुपम संपदा को कदापि पा नहीं सकता। इसके विपरीत अन्याय अनीति से स्वार्थवश किसी की हिंसा नहीं करने वाले ही धर्मात्मा, शक्तिशाली होकर निर्भयता से विजय पाते हैं। यद्यपि वेदों में अहिंसा शब्द का प्रयोग नहीं मिलता, लेकिन अहिंसा के कारण विकसित होने वाले ऊदात्त मूल्यों की चर्चा वेदों में स्पष्ट परिलक्षित होती है। मैत्री, सद्भावना, अपराध को क्षमा करने का चिंतन आदि अहिंसात्मक विचार ऋग्वेद, यजुर्वेद में स्पष्ट रूप से देखने को मिलते हैं। ऋग्वेद में प्रार्थना को ही अहिंसा माना गया है। अहिंसा अत्यंत हितकारी है। ऋग्वेद में प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि हे वरुण ! यदि हमने हमें प्यार करने वाले व्यक्ति के प्रति कोई अपराध किया हो, अपने मित्रों, साथियों, पड़ोसियों के प्रति कोई गलती की हो अथवा किसी अज्ञात व्यक्ति के प्रत्ति कोई अपराध किया हो, तो हमारे अपराधों को क्षमा करो। मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह एक दूसरे की रक्षा करें। इसीलिए यजुर्वेद में कहा गया है कि मैं सभी प्राणियों को मित्रवत देखूं, आपस में सभी एक दूसरे को मित्र सम्मान देखें।

अहिंसा का अर्थ होता है- अ-हिंसा अर्थात हिंसा न करना। अर्थात दूसरों के प्रति वैर भावना का त्याग करना। दूसरों के प्रति वैर भाव होने अथवा निजी कोई स्वार्थ होने पर ही मनुष्य दूसरों के प्रति हिंसा करने को बाध्य होते हैं। जबकि हम यह कभी नहीं चाहते कि दूसरे लोग व प्राणी हमारे प्रति हिंसा करें। हिंसा जिसके प्रति की जाती है, उसको हिंसा से दुःख व पीड़ा होती है। यदि हम चाहते हैं कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार न करे, तो हमें भी दूसरों के प्रति हिंसा का त्याग करना होगा। इसके लिए दूसरों के प्रति अपने मन व हृदय में प्रेम व स्नेह का भाव उत्पन्न करने से ही हिंसा दूर हो सकती है। इससे हमारे मन व हृदय में शान्ति उत्पन्न होगी, जिससे हमारा मन व मस्तिष्क ही नहीं अपितु शरीर भी स्वस्थ एवं दीघार्यु को प्राप्त होगा। इसलिए हर उस व्यक्ति को दूसरे प्राणियों के प्रति अहिंसा का व्यवहार करना चाहिए, जो दूसरों के द्वारा अपने प्रति हिंसा का व्यवहार करना पसन्द नहीं करता है। दूसरों को पीड़ा देना अधर्म कहलाता है। कोई भी विवेकी मनुष्य व विद्वान इस कृत्य को उचित नहीं कह सकता। इसलिए मनुष्य हो या पशु-पक्षी, किसी को भी पीड़ा देना अधर्म व महापाप होता है। दूसरों को पीड़ा देना उनके प्रति हिंसा ही कही जाती है। इसका उपाय यह है कि हम स्वयं को अहिंसक स्वभाव व भावना वाला बनाएं। ऐसा करने पर ही हम वास्तव में मनुष्य बनते हैं। वेद मनुष्य को मनुर्भवः अर्थात मनुष्य बनने अर्थात मननशील होकर सत्य का ज्ञान प्राप्त करने व उसका आचरण करने की प्रेरणा व आज्ञा देते हैं। मनुष्य को सबसे यथायोग्य व्यवहार करना चाहिए। यथायोग्य का अर्थ होता है जैसे को तैसा। जैसे को तैसा की नीति का पालन नहीं करने से असत्य व हिंसक आचरण करने वाले मनुष्य का सुधार नहीं किया जा सकता। हमारे विरोध न करने से उसकी हिंसा की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। अंततः इसका दोष हम पर ही होगा। मनुष्य को सुधारने के चार तरीके होते हैं- साम, दाम, दण्ड और भेद। सज्जन व्यक्ति को प्रेम से समझाया जा सकता है। उसके नहीं सुधरने पर उसका कुछ दमन करना होता है। उस पर भी वह न सुधरे और हिंसा का आचरण करे तो फिर उसको दण्ड वा अल्प हिंसा से युक्त दण्ड देकर ही सुधारा जा सकता है। अहिंसा का यह अर्थ कदापि नहीं होता कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार करे, और हम मौन होकर उसे सहन करें। ऐसा करने पर हिंसक मनुष्य का स्वभाव और अधिक हिंसा वाला होगा और वह अन्य सज्जन लोगों को भी दुःख देगा। वेद हिंसक मनुष्य या प्राणियों के प्रति यथायोग्य व्यवहार की ही प्रेरणा देते हैं। श्रीमद्भवद्गीता में श्रीकृष्ण ने भी दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल दे ने के लिए कहा है - विनाशाय च दुष्टकृताम् । ऐसा करके ही अहिंसा का पालन व सत्य की रक्षा की जा सकती है। इसीलिए गीता में मनुष्यों को अहिंसा का प्रयोग करते हुए विवेक से कार्य लेने के लिए कहा गया है। कहावत है-अहिंसा कायरों का आभूषण होता है। एक सीमा तक ही लोगों का बुरा व्यवहार सहन करना चाहिए। और यदि वह न सुधरे तो फिर उसका समुचित निराकरण यथायोग्य व उससे भी कठोर व्यवहार करके करना चाहिए। अष्टांग योग में योग के प्रथम अंग यम की महता से सब परिचित है। यम पांच होते हैं - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह। आदिकाल से ही योगी, ऋषि-मुनि व वैदिक मत के अनुयायी अहिंसा व सत्य सहित पांचों यमों का पालन करते आये हैं। यह सार्वजनीन हैं अर्थात विश्व के सभी मनुष्यों के पालन व आचरण करने योग्य हैं। सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित करने और अहिंसा का मार्ग अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से मोहनदास करमचंद गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसे गांधी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। मोहनदास करमचंद गांधी को भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और अहिंसा के पुजारी के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्हें विभाजित भारत में महात्मा और राष्ट्रपिता की उपाधि से विभूषित किया गया है। मान्यता है कि गांधी का दर्शन, सत्य व अहिंसा श्रीमद्भगवद्गीता, हिन्दू व जैन दर्शन से प्रभावित है। अहिंसा के पुजारी गांधी सदैव ही भारत के बहुसंख्यकों की सभा में अहिंसा के संबंध में प्रचलित एक श्लोक को पढ़ा करते थे-

अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः।

अर्थात- अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है और धर्म रक्षार्थ हिंसा भी उसी प्रकार श्रेष्ठ है।

इतिहासकारों के अनुसार मोहनदास करमचंद गांधी अपनी सभाओं में इस श्लोक को अधूरा - अहिंसा परमो धर्मः- ही पढ़ते थे। ताकि देश के बहुसंख्यकों में अहिंसा की भावना बनी रहे और उनका धार्मिक खून उबल न पड़े, जिससे उनके प्रिय अल्पसंख्यक बंधुओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसीलिए उन्होंने अहिंसा के एक पक्ष अहिंसा परमो धर्मः- को ही अपनी शिक्षा का अंग बनाया। उन्होंने के दूसरे पक्ष- धर्म हिंसा तथैव च को कभी अपना समर्थन नहीं दिया। फिर भी अहिंसा की नीति के माध्यम से विश्व भर में शांति के संदेश को बढ़ावा देने में गांधी के योगदान को सराहने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में 15 जून 2007 को दो अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया। तब ही प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वैदिक मतानुसार सत्य व अहिंसा सर्वस्वीकार्य और अत्यंत उत्कृष्ट विचार है, परंतु अपने धर्म की रक्षा, राष्ट्र धर्म, मानवता, प्रकृति, कर्त्तव्य रक्षा, समाज रक्षा, गृहस्थ रक्षा अर्थात सभी धार्मिक कर्तव्यों के आड़े आने वाली हर बाधा की समाप्त करने के लिए किया गया आवश्यक हिंसा उतना ही श्रेष्ठ है। अपने बंधु-बान्धवो की रक्षा, राष्ट्र रक्षा में यदि हिंसा आवश्यक है तो करना श्रेष्ठ है।

उल्लेखनीय है कि इस जगत को देखने से सम्पूर्ण प्राणि जगत हिंसा से परिपूर्ण, जीव ही जीव का घातक दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में जीव, जीव का भोजन बना हुआ है, सबल निर्बल को ही खा रहा है, पीड़ा दे रहा है, दुखित कर रहा है। ये दुखित करने की भावनाएं गुण कर्म तथा स्वभाव में आ चुकी हैं। इनसे मानव स्वयं दुखी है और दूसरों को भी कष्ट देने के लिए तैयार रहता है। ऐसे में सुख की अनुभूति कदापि नहीं हो सकती। इसीलिए ऋग्वेद 5/82/5 एवं यजुर्वेद 30/3 में दुःख, पीड़ा व दुरितों को दूर करने की प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि- हे सविता देव ! हमारे संपूर्ण दुर्गुण दुर्व्यसन और दुखों को दूर कर दीजिए- ओम विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। सामवेद 1806 में कहा गया है कि हे इंद्र हिंसा कराने वाले काम, क्रोध, द्वेष आदि के अधीन हमें न होने दीजिए। द्वेष की भावना ही सब प्रकार की हिंसा की मूल है, इनके विनष्ट हुए बिना व्यक्ति आगे बढ़ नहीं सकता, इसलिए ऋग्वेद 4/1/4 में विनम्र हो पुनः ईश्वर से संपूर्ण द्वेष युक्त कर्मों को हम से पृथक कर देने के लिए निवेदन किया गया है। हिंसा से पृथक रहने की अवस्था हिंसा के दुष्परिणामों को भली-भांति जान लेने पर ही आती है। क्योंकि व्यक्ति पहले अज्ञान एवं कुसंगवश दुष्कर्मों में फंस जाता है, पुनः उनसे छुटकारा पाना कठिन समझकर परमेश्वर से विनय करता है, साथ ही लोक में अपने से वरिष्ठ विद्वानों से अत्याचार करनेवाले, दान न देने वाले तथा दुख देने वाले द्वेष भावों को हमसे दूर करके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रार्थना करता है। हिंसा करने की बात तो दूर वेदों में हिंसक के संसर्ग से भी दूर रहने का उपदेश देते हुए कहा गया है कि जैसे विद्वान लोग हिंसा रहित मित्र के घर जाते रहते हैं, उन्हीं का अनुसरण मैं करूं।

**-अशोक ह्लप्रवृद्धह्न**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# युगों से चली आ रही गुरु शिष्य की परंपरा को रिजवान ने किया कलंकित, छात्रा से की छेडछाड़


## ▪ मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार, बीएसए ने किया सस्पेंड

**समाज जागरण अयोध्या**

जनपद में गुरू शिष्य की परंपरा को कलांकित करने वाली घटना प्रकाश में आई है। रूदौली के एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने छात्रा के साथ अशलील हरकत की। अनुसूचित जाति की पीड़ित छात्रा कक्षा पांच की छात्रा है। उसकी उम्र लगभग 10 वर्ष बताई जा रही है।

रूदौली तहसील मवई शिक्षा क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कक्षा पांच की छात्रा से लगभग 13 दिन पहले छेड़ छाड़ की थी। छात्रा ने सारी बात पिता को बताई तो पिता न थाना बाबा बाजार में मुकदमा दर्ज कराया। घटना 16 सिंतबर की बताई जा रही है।

छात्रा ने अपने परिजनों को बताया कि स्कूल में छुट्टी होने के बाद प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद ने उसे रोक दिया। वहां पर छात्रा के साथ गलत हरकत करते हुए कपड़े उतारने को कहा। विरोध करने पर प्रधानाध्यापक ने डराया धमकाया।




शिक्षक ने छात्रा के सभी कपड़े उतारकर निर्वस्त्र कर दिया । छात्रा के चीखने चिल्लाने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए अश्लील हरकत करने लगा।

प्रभारी निरीक्षक बाबाबाजार संतोष सिंह ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। प्रधानाचार्य रिजवान अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

# फर्जी बीमा कंपनी का भंडाफोड़

**बीमा पॉलिसी के नाम पर करोड़ों रुपए का कर चुके हैं फ्रॉड**

***फर्जी कॉल सेंटर बनाकर बीमा पॉलिसी इंश्योरेंस बेचने चलता था काम**

***गिरफ्तार अभियुक्त

ओमप्रकाश पुत्र सुदिष्ट राम उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी दिहवा, थाना नगरा जनपद बलिया

जितेंद्र पुत्र वरुण कुमार सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष रावली रोड, गोपालपुरम थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद,

सुमित कुमार पुत्र इंद्रजीत सिंह उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी चित्तौड़ा थाना मूसारी, जिला गाजियाबाद

मोनू कुमार गिरी पुत्र ओमप्रकाश गिरी कुंभकरण लगभग 31वर्ष निवासी रामनगर थाना सिधवाली अहीर, जिला बागपत,

अशोक कुमार पुत्र राजपाल सिंह उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी ईश्वरदेवा, थाना वछरियूं, जिला अमरोहा,

अजीत सिंह पुत्र ब्रह्मपाल सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी मीरपुर, थाना गजरौला जिला अमरोहा।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। सोशल नेटवर्किंग आने के बाद अपराध करने का तरीका भी बदलता जा रहा है, जिसमें अपराधी सोशल नेटवर्किंग का उपयोग कर लोगों को ठगने का काम बहुत आसानी से कर रहे हैं।

ठगी के गिरोह का आज शनिवार की दोपहर साइबर क्राइम पुलिस थाना परिक्षेत्र वाराणसी ने एक मामला का खुलासा किया। जिसमें साइबर क्राइम थाने के प्रभारी विजय नारायण मिश्र ने बताया कि, साइबर क्राइम थाने पर सर्वेश कुमार चौबे निवासी लालपुर पांडेयपुर ने शिकायत दर्ज कराया था कि बीमा सिक्योरिटी के नाम पर झांसा देकर लगभग 9 लाख का धोखाधड़ी हुआ था। इस मुकदमा की जांच करते समय सर्विलांस की मदद से नोएडा के सेक्टर नंबर 63 में फर्जी कॉल सेंटर का पता चला। जहां पर फर्जी मोबाइल नंबरों का प्रयोग कर इंश्योरेंस पॉलिसी के प्राप्त डाटा के अनुसार बीमा धारकों के फंसे हुए प्रीमियर, मेच्योरिटी, बैंकिंग बीमा की फाइलों के निस्तारीकरण के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग फीस, जीएसटी, का झांसा देते हुए अवैध रूप से पैसा प्राप्त कर साइबर ठगी करते थे। इसी ठगी में सर्वेश कुमार चौबे निवासी खजूरी वाराणसी का बीमा लोकपाल में तीन फाइलों की धनराशि करीब 9 लाख का साइबर फ्रॉड किया गया था। और अलग-अलग खातों में मंगाकर एटीएम द्वारा सभी 9 लख रुपए निकाल लिए गए थे। पकड़े गए सभी 6 अभियुक्त पूर्व में इंडिया इन्फो लाइन इंश्योरेंस पॉलिसी सेल करने वाले कंपनी में काम कर चुके थे। यह कंपनी बंद होने के बाद कंपनी के ही एक कर्मचारी सुमित चौधरी निवासी मेरठ ने सभी डाटा इन लोग को दे दिया था। अब तक यह गिरोह करोड़ो रूपया लोगों को ठगी कर कमा चुके हैं। वहीं विभिन्न बैंकों के खातों की जानकारी प्राप्त हुई जिसे सील करने की कार्यवाही प्रचलित है।

इनके पास से 5 लाख कीमत के 4 आईफोन, डेढ़ लाख कीमत के 5 मल्टीमीडिया एंड्रॉयड फोन,10 कीपैड मोबाइल, 10500 रुपए नगद बरामद हुआ। उप निरीक्षक सतीश सिंह, हेड कांस्टेबल श्यामलाल गुप्ता, सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे इस फर्जी इंश्योरेंस कंपनी का भंडाफोड़ करने में

# स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु बैठक संपन्न

**उत्तर प्रदेश चंदौली वाराणसी ब्यूरो**

अपर जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि जिला न्यायालय परिसर में स्थित तहसील सभागार में जनपद के समस्त पैरा विधिक स्वयं सेवकों की मासिक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान सभी पैरा विधिक स्वयं सेवकों को उच्च न्यायालय, मा. नालसा,मा.सालसा एवं शासन द्वारा निर्देशित स्वच्छता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।




अपर जिला न्यायाधीश ने बताया कि जनपद में 02 अक्टूबर( गांधी जयंती) से 08 अक्टूबर तक जिला सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और साथ ही साफ सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य भी संपादित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि समस्त विद्यालयों में स्वच्छता से संबंधित प्रभात फेरी एवं स्वच्छता विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है।उन्होंने बताया कि जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित निर्णायक मंडल द्वारा इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट निबंध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

... उक्त सूचना ज्ञान प्रकाश शुक्ल, एडीजे/सचिव , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली द्वारा दी गई...!!

# कदौरा थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने लगाई कप्तान से गुहार

## अश्लीलता सहित गाली गलौज से त्रस्त महिला ने दी थी थाने में शिकायत

कदौरा/जालौन 29सितंबर।एक तरफ उच्चाधिकारियों द्वारा सख्त निर्देश दिए जाते है कि फरियादियों की सुनवाई कर समाधान करे लेकिन कदौरा थाने में अक्सर इसके विपरीत रवैया रहता है जिसके चलते फरियादियो को न्याय के लिए कप्तान दरबार में जाना पड़ता है क्षेत्र पीड़िता द्वारा दो दिन तक जिले में जाकर गुहार लगाई गई जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में संज्ञान में लेकर आवश्यक जांच कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

गौरतलब हो कि थाना कदौरा क्षेत्र ग्राम मबई अहीर निवासनी सुमलेश पत्नी अनिल कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि उसका मकान भाई के साझे में था जिसे भाई ने अन्य भूरा पुत्र गया प्रसाद को बेच दिया है।एब भूरा अक्सर शराब के नशे में रात में नग्न होकर पीड़िता वा उसकी बेटी का सामने पेशाब करता है जिस्के चलते कई बार मना किया तो उक्त गंदी गाली गलौज करता है अस्त अश्लीलता न हो जिसके लिए प्रार्थिनी द्वारा बीच में दीवाल बनाने का प्रयास किया बावजूद आरोपी अभद्रता करता है त्रस्त होकर पीड़िता ने दो दिन पूर्व कदौरा थाने में शिकायत देकर पुलिस से गुहार लगाई लेकिन पुलिस द्वारा दो दिन तक कोई सुनवाई न करने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है।



कप्तान के यहां शिकायत करते हुए तत्काल कदौरा पुलिस द्वारा पीड़िता को लगाकर सुनवाई करने के आश्वासन दिया।

ऐसा पहली बार नही बल्कि तमाम फरियादियों को थाने से लौटा दिया जाता है जिसमे खुद पथरेहटा निवासिनी महिला द्वारा सप्ताह भर पूर्व अज्ञात लोगो द्वारा उसके बच्चे को मारने पीटने का आरोप अज्ञात लोगो पर लगाया था लेकिन पुलिस द्वारा यह कहकर लौटा दिया कि पता लगाई ऐसे कैसे अज्ञात के नाम रिपोर्ट लेले।

फिलहाल एक तरफ पुलिस अधीक्षक डा इराज राजा द्वारा जनपद में फरियादियों की समस्या सुनने ब समाधान के सख्त निर्देश दिए जाते है लेकिन कदौरा क्षेत्र में अक्सर फरियादियों को थाने के बाद कप्तान से न्याय की गुहार लगानी पड़ती है।

# मार्ग पर छुट्टा गोवंश से टकराई मोटरसाइकिल, बाइक सवार घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण अयोध्या**

जिले के खंडासा थाने के पूरे भवानी मजरे घटौली निवासी मजदूर बृजेश कुमार चौहान गुरुवार सायं मजदूरी से वापस लौटते समय अमरगंज बाजार में छुट्टा गोवंश से टकराकर घायल हो गए थे। शुक्रवार दोपहर मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजेश कुमार चौहान पुत्र जियालाल उम्र 34 वर्ष गांव के ही पवन साहू पुत्र दल बहादुर उम्र 25 वर्ष के साथ फैजाबाद मजदूरी करने गया था। शाम को मजदूरी से घर वापस लौटते समय बृजेश कुमार की मोटरसाइकिल खंडासा थाना क्षेत्र के ही अमरगंज बाजार में एक छुट्टा गोवंश से टकरा गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा सीएचसी से जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बृजेश कुमार की मौत हो गई। मृतक बृजेश कुमार के तीन बेटे व एक बेटी है। वहीं बाइक पर सवार मामूली रूप से घायल पवन कुमार साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर से प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

# लाखों की कीमत से बना भवन फाइलों में गुम हो रहा है

**समाज जागरण**

चन्दौली डीडीयू नगर। क्षेत्र के महरखा गांव में एक दशक पूर्व स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाखों रुपए लागत से बना भवन फाइलों में गुम हो हो रहा है।जिस कारण भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। गांव के बीच में बना भवन ग्रामीणों को मुंह चिढ़ा रहा है।कुछ दिन पहले वरिष्ठ अधिकारीयों ने तीन सदस्यीय टीम पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।साथ ही ग्रामीणों से जानकारी एकत्रित की।



क्षेत्र के महरखां गांव में सत्र2011-12में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 20 लाख रुपए लागत से चिकित्सालय का तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के शासन ने लगभग 20 लाख रुपए लागत से अस्पताल का निर्माण कराया गया। इसमें मरीज हाल, डॉक्टर के रहने के लिए आवास, हैंडपंप,शौचालय,बाउंड्रीवॉल, खिड़की, दरवाजा सहित मुख्य गेट भी लगाया गया। बावजूद स्वास्थ्य विभाग के फाइल में यह भवन गुम हो गया। एक दशक से इस भवन का संचालक स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं किए जाने से खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।गत दिनों स्वास्थ्य केंद्र संचालित ना होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन नामक शीर्षक से छपने के बाद सीएमओ जुगल किशोर ने तीन सदस्यीय टीम में डॉ बजरंग प्रसाद यादव,डॉ धर्मदेव प्रसाद कुशवाहा,डॉ राजेंद्र प्रसाद रजक को भेजकर जांच पड़ताल कराई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के उद्देश्य से अस्पताल बनाया गया था । विभागीय लापरवाही की वजह से अस्पताल का संचालन नहीं होना ग्रामीणों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इसको लेकर ग्राम प्रधान जयप्रकाश, तत्कालीन ग्राम प्रधान श्याम सिंह, रविकांत गुप्ता, राम नगीना शर्मा, अमित पांडेय, रवि शंकर आदि ने अस्पताल संचालक करने की मांग की है।इस संबंध में पूछे जाने पर सीएमओ जुगल किशोर ने बताया कि जांच के लिए टीम भेजी गई थी। अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।

# आपत्ति दर्ज कराने पहुँचे विभिन्न दल और संस्थाएं

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर/ वाराणसी नगर निगम द्वारा रामनगर क्षेत्र में गृहकर की प्रस्तावित दरों पर आपत्ति मांगे जाने की अंतिम तिथि पर शनिवार को कई आपत्तियां दर्ज कराई गई। कांग्रेस कार्यकताओं के अलावा लायर्स एसोसिएशन द्वारा विभिन्न तर्कों के आधार पर गृहकर आरोपण को गलत ठहराते हुए इसे वापस लेने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि रामनगर को निगम में मिलाए जाने के प्रदेश शासन के निर्णय को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई है। यह याचिका अभी लंबित है। इस मामले में फैसला आये बगैर कैसे गृहकर लिया जा सकता है। रामनगर को निगम में शामिल हुए अभी पांच वर्ष नही हुए है। जबकि नियमानुसार नए क्षेत्रों से पांच साल पहले कोई कर नही लिया जा सकता। रामनगर में निगम जैसी कोई सुविधा नही है। हर तरह की बुनियादी सुविधाओं का यहां अभाव है। पड़ाव रामनगर मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों के समक्ष रोजी रोटी का सवाल उठ खड़ा हुआ है। ऐसी सूरत में कर लगाया जाना मानसिक उत्पीड़न जैसा है। विलय के बाद रामनगर में कोई विकास कार्य नही कराया गया जबकि विलय के बाद रामनगर पालिका से दस करोड़ से ज्यादा की धनराशि निगम को मिली। गृहकर की प्रस्तावित दरों को 24 मीटर, 12 से 24 मीटर और 12 मीटर से कम चौड़ी सड़क के आधार पर निर्धारित किया गया है। जबकि यहां कोई सड़क 12 फीट से चौड़ी नही है। ऐसे में गृहकर आरोपण का प्रस्ताव वापस लिया जाना चाहिए। वही लायर्स एसोसिएशन ने काशी राज्य मर्जर डीड का हवाला देते हुए कहा है जब काशी राज्य का स्टेट में विलीनीकरण हुआ था तब जो डीड बनी थी कि न तो काशी राज घराने और न ही रामनगर की जनता से किसी भी प्रकार का कर लिया जाएगा। रामनगर के लोग गरीब है और किसी तरह जीवन यापन करते हैं। वैसे भी अभी तक निगम द्वारा कोई सुविधा रामनगर के लोगों को नही दी गई है। ऐसे में गृहकर आरोपण पूरी तरह गलत है। आपत्ति दर्ज कराने वालों में लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा, किरण शर्मा, नूरुल शेख, लालजी, बीनू सिंह, रईस अहमद, कृष्ण मुरारी, सन्तु प्रसाद, आकिल मिर्जा, पार्षद रामकुमार यादव, प्रशांत सिंह, नीलू पाठक, विष्णु श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# महानिदेशक, मानव संसाधन रेलवे बोर्ड मोहित सिन्हा का बरेका दौरा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

महानिदेशक, मानव संसाधन मोहित सिन्हा ने बनारस रेल इंजन कारखाना का दौरा किया । इस अवसर पर बरेका कर्मशाला का भ्रमण किया। कर्मशाला भ्रमण के दौरान उन्होंने बरेका के विभिन्न कार्यशालाओं जैसे लोको फ्रेम शॉप, लोको असेम्बली शॉप, लोको टेस्ट शॉप गए, जहां पर उन्होंने विद्युत रेल इंजनों के उत्पादन से संबंधित कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोको अरूण शर्मा ने उत्पादन गतिविधियों, निर्माण सुविधाओं, बरेका में चल रही परियोजनाओं के साथ ही उत्पादन प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी विषयों के बारे में विस्तारपुर्वक जानकारी दी।

बरेका कीर्ति कक्ष में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम महानिदेशक, मानव संसाधन मोहित सिन्हां ने विभिन्न कर्मचारी संगठनों से वार्ता किया। बरेका कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव सर्वश्री श्रीकांत यादव, सदस्य नविन सिन्हा, अमित कुमार, अमित कुमार यादव, संजय कुमार, संतोष कुमार तथा हरि शंकर यादव, महामंत्री, ओ.बी.सी. एसोसिएशन के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों एवं हर्षदीप कुमार, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष, एस.सी.-एस.टी. एसोसिएशन के नेतृत्व में अन्य सदस्यों ने बैठक की एवं कर्मचारियों से संबंधित मांगो पर विस्तारपुर्वक चर्चा की। इस दौरान कर्मचारी परिषद एवं दोनों संगठनों ने अपनी-अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सोंपा ।



महानिदेशक, मानव संसाधन मोहित सिन्हा ने बरेका के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ भी बैठक की । बैठक में महाप्रबंधक बासुदवे पांडा के साथ-साथ प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक रजनीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर प्रबीर कुमार साहा, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी रणविजय, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री देवेश कुमार, मुख्य इंजीनियर वी.के .शुक्ला, मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/टी.ओ.टी. अजय श्रीवास्तव, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी,मुख्यालय श्याम बाबू, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, कर्मशाला राजेश कुमार, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी,मु. राज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ विधि अधिकारी मनीष सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी पियुष मिंज एवं जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार उपस्थित थे।

# आखिर कब सुनवाई होगी मोहल्लेवासी परेशान उरई के मबई रोड का मामला कई बार शिकायत कर चुके हैं मोहल्ले वासी

उरई जालौन - नगर पालिका उरई के मैन रोड मबई रोड स्थित मोहल्ला व मुख्य हाइबे से जुड़ा हुआ है जिसमे विद्युत पोल ना होने से बिजली की समस्या बनी हुई है कई बार विद्युत विभाग को भी जानकारी व लिखित शिकायतें की गयी लेकिन कार्यवाही के नाम पर समस्या का निदान अब तक नही हो पाया ।

इस बार शिकायतकर्ता ने जनप्रतिनिधि से सहायता मांगी है जिसमे उक्त शिकायतकर्ता ने केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उरई के मबई रोड स्थित विद्युत विभाग द्वारा पोल ही नही गाड़े गये बिजली कहाँ से आये यह समस्या लगभग एक किलोमीटर बसे मोहल्ले की है जिसमे बिजली ना आने के कारण अंधकार बना हुआ है विभाग को बिजली के लिए कई फरियादें की गयी लेकिन समस्या जस की तस है




जबकि मुख्य हाइबे भी इसी मोहल्ले से गुजरा हुआ है जिसमे रहवासियो ने विद्युत पोल के लिए विभाग से कई बार गुजारिश की लेकिन निदान नही हो पाया है। समस्या को लेकर सांसद केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा ने कहा कि संबंधित जानकारी विभाग को दी जाएगी व जल्द ही विद्युत पोल लगवाये जाएंगे जिससे अंधकार में डूबा मोहल्ला उजाले में विकसित हो सके।

# नवागत खण्ड विकास अधिकारी बीकापुर ने लिया चार्ज

**समाज जागरण अयोध्या**

खंड विकास अधिकारी बीकापुर की कुर्सी हुई आबाद। मया विकासखंड से स्थानांतरित होकर बीकापुर आई नवागत खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव ने अपना कार्यभार संभाला। शासन की योजनाओं को सही ढंग से क्रियान्वित करवाना तथा विकास खंड को नई पहचान के साथ ऊंचाइयों पर स्थापित करना बताया अपनी प्राथमिकता। ब्लॉक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवागत खंड विकास अधिकारी का स्वागत किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडे, एडिओ पंचायत अजय तिवारी, अवनीश शुक्ला, उषा रानी शर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी नसीम खान, कमलेश वर्मा, धनंजय मौर्य, भीम सिंह रौनक, शुभम शुक्ला, अंशु यादव, सृष्टि सिंह, राजकुमार यादव, जयप्रकाश, राजेश चौधरी, अवधेश प्रताप सिंह सहित ब्लॉक के अन्य अधिकारी और कर्मचारी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



# आटो ने मारी टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर / वाराणसी स्थानीय थाना क्षेत्र के पीएसी त्रिमुहानी के समीप शनिवार की सुबह ऑटो व बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।लोगों ने घायलावस्था में पड़े युवक को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर बीएचयू के लिए रेफर कर दिया। युवक का ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक की पहचान मिजार्पुर के जमालपुर थाना के धारा गांव निवासी प्रदीप सिंह के बड़े पुत्र अखिलेश सिंह उर्फ शुभम सिंह(25) के रुप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि अखिलेश कुछ काम से बाइक से ही बनारस के लिए निकला था। वह जैसे ही रामनगर से आगे पीएसी त्रिमुहानी के समीप पहुंचा कि तभी सामने से आ रही तेज गति ऑटो ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार के सिर व सीने में गंभीर चोट लगी। बड़े बेटे की मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। लोगों ने ऑटो चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना: देसी गाय खरीदें, सरकार देगी अनुदान

**समाज जागरण उत्तर प्रदेश चंदौली वाराणसी ब्यूरो**

मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समिति का गठन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गायों को पालने के लिए और पशुपालकों को प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने हेतु प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू किया है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वदेशी नस्ल की गाय पालने पर किसानों एवं पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह प्रोत्साहन राशि पशुपालकों को अधिकतम 2 स्वदेशी नस्ल की गायों पर सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## सिरसाकलार थाना पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

उरई(जालौन)।थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त धीरज पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरारा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

# पंडितपुर की शांति देवी ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई जमुना में छलांग

कुठौद जालौन, कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पंडितपुर की शांति देवी पत्नी माता प्रसाद उम्र लगभग 65 वर्ष ने गृह कल से ऊभ कर जमुना में छलांग लगा दी प्राप्त जानकारी के अनुसार शांति देवी पत्नी माता प्रसाद का घर में कुछ वाद विवाद हुआ जिससे नाराज होकर वह अपनी मांयके खानपुर के लिए जा रही थी तभी रास्ते में उन्होंने यमुना पुल से छलांग लगा दी इस घटना की सूचना तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति को दी गई जो तत्काल मय पुलिस फोर्स की घटना स्थल पर पहुंच गए और शव की खोजबीन शुरू कर दी समाचार लिखे जाने तक शव नहीं मिला था



# आत्म हत्या के इरादे से यमुना पुल पर गए युवक की पुलिस की तत्परिता से बची जान

**समाज जागरण संवाददाता मोनू शर्मा,**

उरई जालौन, कालपी आत्म हत्या के इरादे से यमुना पुल पर गए युवक की पुलिस की तत्परिता से बची जान।

जानकारी के अनुसार कालपी के मोहल्ला राम चबूतरा निवासी सुधीर पाटकर पुत्र स्व राजेंद्र पाटकर उम्र लगभग 40 बर्ष जो शनिवार को सुबह 11बजे



के आस पास घर से झगड़ा करके आत्म हत्या की बात कह कर यमुना पुल की ओर निकल पड़ा इसकी सूचना युवक की मां ने कालपी कोतवाल शिव कुमार राठौर को दे दी उन्होंने तत्काल पुलिस जवानों को यमुना पुल की ओर भेज दिया तभी पुराने पुल पर होमगार्ड जवान अरविंद निषाद तथा सोम सिंह को एक युवक दिखाई दिया जो पुल की रेलिंग पर चढ़ता दिखाई दिया तो उसे पकड लिया और थाना लाया गया तो युवक ने बताया कि हमारे पिता सरकारी नौकरी करते थे जिसका पैसा मुझे नही दिया गया तथा हमारे दोनो भाईयो को दे दिया गया जिससे त्रस्त होकर हम अपनी जान देने जा रहे थे इसके बाद इंस्पेक्टर शिवकुमार राठौर ने समझा बुझाकर घर भेज दिया है।

# गोह में सेविका व सहायिकाओं ने दूसरे दिन भी हड़ताल पर दिखें।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका संघ शाखा गोह से सेविका और सहायिका द्वारा बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति पटना के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस दौरान सेविका व सहायिकाओं ने शनिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय गोह के समक्ष प्रदर्शन किया।इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संगीता कुमारी ने की। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जब हमारी सरकार बनेगी तो आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को मानदेय में बढ़ोतरी करेंगे । लेकिन नहीं हुआ इसलिए 29 सितंबर से हम सभी सेविका व सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।आज तक केंद्र सरकार व राज्य सरकार आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं को मानदेय में बढ़ोतरी की और नहीं सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया है। इसलिए हम सभी सेविकाओं व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। अगर सरकार सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं देती है तो सेविकाओं को मानदेय के रूप में 25 हजार व सहायिकाओं को 18 हजार रुपए मिलना चाहिए।जब तक



सरकार हमलोगों की मांगे पूरी नहीं करती है तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ही रहेंगे।केंद्र सरकार व राज्य सरकार महिलाओं को आरक्षण के नाम पर दिग्भ्रमित कर रही है । एक तरफ पंचायत में टोला सेवक व मकरज तालिब को मानदेय बढ़ाया है। तो फिर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी की दर्जा क्यों नहीं दे रही है। हमलोगों को भी सरकारी कर्मी घोषित करे। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ग्रेच्युट लागू , अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दिया जाए । जब सरकार के सभी योजनाओं का कार्य सेविका व सहायिकाओं से कराई जाती है। तो फिर हमलोगों के साथ सरकार सौतेलापन वाली व्यवहार क्यों कर रही है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे।तो वहीं परिजनों कार्यालय पर ताला बंद दिखा। इस मौके पर कुमकुम कुमारी , मनोरमा माला , सरस्वती देवी, नीलम कुमारी , इन्दु कुमारी , रेणु कुमारी , शकुंतला देवी , अनुपम कुमारी , अर्चना कुमारी , प्रतिमा देवी , कविता कुमारी , मंजू देवी प्रमिला कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बिहार प्रदेश भाजपा कार्यालय की कैलाशपति मिश्र सभागार में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- बिहार प्रदेश भाजपा कार्यलय के कैलाशपति मिश्र सभागार में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक हुई, बैठक में मोर्चा के पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष ने भाग लिया, बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पातेपुर विधायक लखेन्दर पासवान,ने अध्यक्षता किये ,बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी जी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कैलाशपति मिश्र की 100 वां जयन्ती 5 अक्टूबर को बापू सभागार होना है और इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी भाग लेंगे इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता की संख्या सबसे ज्यादा उपस्थित होंगे बैठक में मोर्चा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण




दास ताँती, उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, महामंत्री संजय दास, मिलन रजक, भोला भास्कर, आनन्द राम, भारती सुमन पासवान, कुवँर विजय पासवान, उमेश राम, ललित दास, सुनील दास, नरेश तुरी, सुनीता पासवान, राजकुमार पासवान, हरि बैठा, किरण देवी,ललित दास सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# नगर निगम परिसर में आरटीपीएस काउंटर का किया गया शुभारंभ।

## निगम कार्यालय में ही बनेंगे विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र।

**समाज जागरण,विश्वनाथ आनंद, वरीय संवाददाता ,मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- गया नगर निगम के परिसर में आरटीपीएस काउंटर का शुभारंभ शनिवार को किया गया है.आरटीपीएस काउंटर का शुभारंभ मेयर डॉ. वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिलाष शर्मा और पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया .मेयर ने कहा शहरवासियों को आय, जाति, आवास एवं अन्य प्रमाणपत्र अब नगर निगम कार्यालय में ही बनाए जाएंगे. अब लोगों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगा. उन्होंने आगे कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से यह पहल की गई है, शीघ्र ही लोगों को लाभ मिलना शुरू हो जाएगा. लोगों विभिन्न प्रकार की समस्या से जुड़े भी आवदेन लिए जाएंगे. स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा निगम परिसर में आरटीपीएस काउंटर खोले गए हैं.आय, जाति सहित अन्य विभिन्न प्रकार के आवदेन पर एक साथ इतनी सारी सुविधाएं अब काउंटर के माध्यम से दी जाएगी. यह नगर निगम की बड़ी पहल है. इसके लिए वह नगर विकास एवं आवास विभाग को धन्यवाद किया . उन्होंने आगे कहा कि आरटीपीएस काउंटर



पर ऑनलाइन 127 तरह के आवेदन लिए जाएंगे. पूर्व से ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन लिए जाते थे, लेकिन अब आय, जाति सहित आम लोगों से जुड़ी विभिन्न प्रकार के आवेदन जो की 127 तरह के होंगे इसी आरटीपीएस काउंटर से लिए जाएंगे. भविष्य में इसका दायरा इसके अनुरूप बढ़ाया जाएगा. आने वाले दिनों में इसे पूरे तौर पर लागू कर दिया जाएगा.नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग महत्वकांक्षी योजना में यह आरटीपीएस काउंटर खोलना था, जिसका आज शुभारंभ हुआ है.इस काउंटर के माध्यम शहरवासियों का राइट टू पब्लिक सर्विस का आवेदन वो सारे लिए जाइंगे.जो अंचल कार्यालय से काम होते थे, अब गया नगर निगम के माध्यम से काम होंगे.जो भी आम नागरिक की शिकायत है, इस काउंटर के माध्यम से भी लिया जाएगा. दूसरी ओर इंडियन बैंक के द्वारा निगम कार्यालय में लगाए गए आरओ वाटर का मशीन का शुभारंभ मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा एवं स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया है.उस दौरान उन्होंने ने इंडियन बैंक के पदाधिकारी को धन्यवाद व आभार प्रकट किया है.इस मौके पर पार्षद ममता किरण, अंजली कुमारी सारिका वर्मा, अमृता सिंह, विनोद यादव, डिम्पल कुमार, दीपक चंद्रवंशी, ओम यादव, अशोक कुमार, रणधीर कुमार गौतम, गोपाल कुमार आदि मौजूद थे.

# सीयूएसबी का तीसरा दीक्षांत दीक्षांत समारोह में आगामी 19 अक्टूबर को, राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में होगी शामिल.

## # सीयूएसबी पहली बार गया स्थित अपने स्थाई 300 एकड़ के हरे-भरे परिसर में दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है।

**समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद, वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार ) नैक से ए ++ ग्रेड प्राप्त दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री एवं मेडल प्रदान करने के लिए आने वाले 19 अक्टूबर गुरुवार को पहली बार गया स्थित अपने स्थाई 300 एकड़ के हरे-भरे परिसर में तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है. सीयूएसबी के जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्वविद्यालय की कुलाध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगी. भव्य समारोह का आयोजन सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में आयोजित किया जाएगा।कुलपति ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2018 के पश्चात बीआईटी पटना स्तिथ अस्थाई परिसर किराये के मकान में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह के पांच वर्ष के लंबे अंतराल के बाद तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थाई परिसर में आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर समस्त विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष व उल्लास का माहौल है` दीक्षांत समारोह टॉपर्स को डिग्री के साथ मेडल दिए जाएंगे जिनमें चांसलर गोल्ड मेडल, स्कूल गोल्ड मेडल, डिपार्टमेंट गोल्ड मेडल आदि शामिल हैं।परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांतिगोपाल पाईन द्वारा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि दीक्षांत समारोह अकादमिक वर्ष - 2016 बी.वोक2017 एलएलएम, एम.फिल.,पीएचडी, 2018, 2019 और 2020 के दौरान उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री प्रदान करने के लिए आयोजित किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने उपरोक्त अवधि के दौरान अंडर ग्रेजुएट , पोस्ट ग्रेजुएट और एम.फिल.,पीएच.डी. में उत्तीर्ण किया है, उनको सूचित किया जाता है कि वे सीयूएसबी की वेबसाइट www.cusb.ac.in पर जाएं और 08.10 रविवार तक सीयूएसबी की वेबसाइट पर उपलब्ध दीक्षांत पंजीकरण लिंक के माध्यम से खुद को पंजीकृत करें। इसके लिए दीक्षांत समारोह शुल्क के रूप में रु. 500/- गैर-वापसीयोग्य की राशि का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक है।पोशाक (पगड़ी और अंगवस्त्र) के लिए रु. 500/- वापसीयोग्य की राशि का भुगतान करना होगा जो पोशाक वापस करने पर वापस कर दिया जाएगा। पोशाक 17-18 अक्टूबर, 2023 मंगलवार और बुधवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच विश्वविद्यालय परिसर में वितरित की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए और पोशाक प्राप्त करने के लिए पंजीकृत सभी उम्मीदवारों को दीक्षांत समारोह शुल्क की रसीद, पहचान प्रमाण, आधार कार्ड की एक प्रति के साथ-साथ अंतिम सेमेस्टर ग्रेड रिपोर्ट, संचयी ग्रेड रिपोर्ट, अंतिम डिग्री प्रमाण पत्र , उन्हें जारी किए गए प्रवासन प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करनी होगी।

# ओल्ड एज होम की वृद्धि समाज व संस्कृति के लिए अहितकारी है - सारदा मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर देश के वर्तमान परिदृश्य में वरिष्ठजनों के साथ हो रहे समाजिक बदलाव को ध्यान में रखकर पश्चिम बंगाल के वर्धमान यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ सोशल वेलफेयर विषय की कुशल जानकार औरंगाबाद जिले के देवकुंड निवासी डॉ आशुतोष मिश्रा की धर्मपत्नी लेखिका सह समाज सेविका सारदा मिश्रा ने बताया कि विगत दशकों में संयुक्त परिवारों का स्थान बड़े पैमाने पर एकल परिवारों ने लिया है। जिससे ना केवल सामाजिक तानाबाना बिखरा, बल्कि पीढ़ियों से जो संस्कार आसानी से अगली पीढ़ी तक पहुंच जाते थे उसमें कमी आ रही है। अब शहरों में बुजुर्ग ओल्ड एज होम्स या वृद्धाश्रम में रहने को विवश हैं। यही कारण है कि बड़े शहरों में विगत एक दशक में ओल्ड एज होम्स की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वर्तमान समय में देश में वरिष्ठ नागरिकों की आबादी 11



करोड़ से अधिक है। इस लिहाज से एक आंकड़ा यह भी है कि दुनिया के हर दसवें बुजुर्ग का घर भारत है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो का हवाला देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति अपराध बढ़े हैं और सबसे आम अपराध लूटपाट की घटनाएं हैं जो इनके साथ घटित होती हैं। बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन अक्सर उनके बच्चे हड़प लेते हैं और असहाय बुजुर्ग कुछ नहीं कर पाते। घरों में होने वाली मारपीट, भोजन न देना, कमरे में अकेले बंद करना जैसी कई घटनाएं आजकल सामान्य हो गई हैं जो वरिष्ठ नागरिकों को झेलनी पड़ती हैं। सारदा मिश्रा ने बताया कि भारतीय संस्कृति के चिरकालिक होने में नानी के किस्सों व दादी के नुस्खों का भी योगदान रहा है। जिसे मौजूदा पीढ़ी अपने निमार्ताओं के योगदान को नजरंदाज करते हुए उन्हें अकेलेपन व असहायता के साये में धकेल रही है जो समाज व संस्कृति के लिए अहितकारी है।

(लेखिका सह समाज सेविका - सारदा मिश्रा, देवकुंड, औरंगाबाद, बिहार)

# नाली बनाने की स्वीकृति मिलने से लोगों ने जताया हर्ष

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 30 सितंबर 2023 :- अंबा-नबीनगर रोड में नाला निर्माण की स्वीकृति मिलने से स्थानीय लोगों ने हर्ष जताया है। कार्य निर्माण का श्रेय लेने के लिए क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक के कार्यकताओं में होड़ मची हुई है। कांग्रेस एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय राम ने बताया कि ग्रामीणों ने विधायक राजेश राम को नाली की समस्या से अवगत कराया था। मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने 30 जनवरी 2023 को पत्राचार कर पथ निर्माण विभाग से नाली निर्माण करने की अनुशंसा की थी। मामले पर संज्ञान लेते हुए पथ निर्माण विभाग के जेई एवं एसडीओ से सर्वेक्षण भी किया था। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयास से उक्त नाला के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। हर्ष जताने वालों में राजद नेता ओम सोनी, डॉ. राम नरेश मेहता, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र शर्मा, रौनक अंसारी, खुर्शीद आलम, रंजीत गुप्ता, हसबुद्दीन अंसारी, मोहम्मद लड्डू, अकबर अंसारी, अरुण कुमार सिंह आदि लोग शामिल थे।

इधर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि विधायक राजेश राम के द्वारा बहुत दिनों से नाली निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा था परंतु नाली निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। सांसद सुशील सिंह के प्रयास से मात्र दो महीने के अंदर नाली निर्माण करने की स्वीकृति मिल गई।

# पितृपक्ष मेला के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन वसुधैव कुटुंबकम एवं नर सेवा -नारायण सेवा शिविर का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार )- पितृपक्ष मेला के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा वसुधैव कुटुंबकम् एवं नर सेवा -नारायण सेवा के उदघोष के साथ चांदचोरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने सेवा शिविर का उद्घाटन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पितृपक्ष मेला में देश -विदेश से आएं हुए सभी तीर्थ यात्री हमारे वन्धु एवं कुटुंब हैं.और नर सेवा नारायण सेवा है. और इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय मानवाधिकार



संगठन द्वारा इस अवसर पर शिविर आयोजित किया है. उन्होंने आगे कहा कि इस शिविर में चाय, बिस्कुट, शीतल जल की व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहेगी.इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, कुंदन सिंह संजय यादव, महेश यादव, हिरा यादव, सुनील बम्बई, कारु सिह ,खुशी कुमारी, इन्दु प्रजापत, पम्मी कुमारी, खुशबू कुमारी,मोना शर्मा, सुनैना देवी, धर्मेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, बबलु सिंह, गुड्डू सिंह ,सुबोध सिंह समेत कई लोग शामिल थे.

# जीबीएम कॉलेज में एकदिवसीय 'पोषण मेले' का किया गया आयोजन.

## -छात्राओं को विभिन्न पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार के प्रति किया गया जागरूक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ की देखरेख में तथा गृहविज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ प्रियंका कुमारी के संयोजन में गृहविज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय 'न्यूट्रीशन फेयर' का आयोजन किया गया.इस पोषण मेले का शुभारंभ अंग्रेजी विभागाध्यक्षा प्रो. किश्वर जहाँ बेगम ने फीता काटकर तथा प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ ने सभी फैकल्टीज के साथ सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया.पोषण मेले में छात्रा पलक, ईशा शेखर, अमीषा कुमारी, शिल्पी, रिया, रागिनी, पल्लवी, नंदिनी, जूही, अनू, प्रिया रंजन, प्रतिज्ञा, मनु, लवली, प्रगति, अवनी, वंशिका, श्रेया आदि छात्राओं ने खुद से बनाये गये स्वादिष्ट तथा सेहत की दृष्टि से फायदेमंद ढोकले, मल्टीग्रेन ठेकुएँ, पापड़ी चाट, लिट्टी-चोखा, पोषक लड्डू, काला जामुन, दहीबड़े, बनाना शेक, सोया मोमोज, आटा मोमोज आदि के फूड स्टॉल्स लगाये. सभी फूड स्टॉलों पर खरीदारों की भारी भीड़ रही। छात्राओं ने खाद्य पदार्थों की बिक्री कर आत्मविश्वास के साथ आर्थिक उपार्जन किया. इस मेले में अलग से बिलिंग काउंटर का भी निर्माण किया गया था, जिसका नेतृत्व छात्रा अमीषा भारती तथा नमन्या कर रही थीं.तदोपरांत डॉ प्रियंका ने दस खाद्य समूहों यथा स्टार्च युक्त भोज्य पदार्थ, सूखे मेवे, दालें एवं फलियां, हरी साग-सब्जियाँ, दूध आदि पोषक पदार्थों की लगायी गयी प्रदर्शनी के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि यूनाइटेड नेशंस द्वारा वर्ष



2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया गया है.प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ ने इस मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्राओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की भावना आती है.महिलाओं के सशक्तीकरण में इस तरह के आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. कॉलेज की जन संपर्क अधिकारी-सह-मीडिया प्रभारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि कॉलेज में प्रतिवर्ष लगाये जाने वाले पोषण मेले का मूल उद्देश्य छात्राओं को संतुलित आहार के फायदों तथा भोजन में पोषक तत्वों की उचित उपस्थिति के प्रति जागरूक करना था. उन्होंने आगे कहा कि डॉ प्रियंका द्वारा छात्राओं को खाद्य पदार्थो को स्वास्थ्यवर्द्धक तथा पौष्टिक बनाने की पाक कुशलता भी सिखलायी गयी.डॉ रश्मि ने कहा कि यह 'न्यूट्रीशन फेयर' 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित किया गया.ज्ञातव्य है कि वर्ष 2023 के लिए पोषण मेले का थीम "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" है. पोषण मेले में प्रो किश्वर जहाँ बेगम, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ प्यारे मांझी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ नगमा शादाब, डॉ पूजा राय, डॉ अमृता घोष, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ फरहीन वजीरी, बनीता कुमारी, कृति सिंह आनंद, प्रीति शेखर आदि ने भी छात्राओं द्वारा लगाये फूड स्टॉल्स से मोमोज, पापड़ी चाट, रसगुल्ले, दहीबड़े आदि की जमकर खरीदारी किया. वही उपस्थित सभी लोगों ने पोषण मेले की तारीफ की तथा डॉ प्रियंका व सभी छात्राओं को इस मेले के सफल आयोजन पर हार्दिक बधाइयाँ दिया. शिक्षकेत्तर कर्मियों में अभिषेक कुमार, भोलू, नीरज कुमार, बिरसा उराँव, अजय कुमार, सुनील कुमार, विक्रम कुमार, डॉ रूही खातून आदि ने भी पोषण मेले का लुत्फ उठाया.

# पटमदा में ऐतिहासिक होगी संकल्प यात्रा : गुंजन यादव

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : भाजपा के पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त की अध्यक्षता में शनिवार को पटमदा के लावा निताई सिंह भवन में बूथ सशक्तिकरण एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई।

बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के दौरान 11 अक्टूबर को पटमदा ब्लॉक मैदान में प्रस्तावित सभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करते हुए भारी संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए आह्वान करें।



उन्होंने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ अध्यक्षों को बूथ मजबूत करने का निर्देश भी दिया।

बैठक में मुख्य रूप से अमिताभ सेनापति, विमल बैठा, मुचीराम बाउरी, नीलू मछुआ, प्रदीप कुमार महतो, प्रदीप बेसरा, निरंजन रजक, शरत सिंह सरदार, सुभाष माहली समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंटर की जांच परीक्षा में शामिल हुए शत प्रतिशत छात्राएं

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड अंतर्गत रामदेव प्रसाद सैनिक महिला कालेज में इंटर की जांच परीक्षा शुरू है। शिक्षा विभाग का आदेश से शत



प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई हैं। जिसका असर महिला कालेज हसपुरा में परीक्षा व वर्ग संचालन में छात्राओं का उपस्थिति देखने को मिल रहा है। प्राचार्य गीता कुमारी परीक्षा में घुम-घुम कर मोनेटरिंग कर रही है। परीक्षा के वीक्षण कार्य में लगे प्रो.डा . संजय कुमार,डा.सुनील कुमार,प्रो.विजय प्रसाद, नित्यानंद प्रसाद ने बताया कि 12 वीं से साइंस में 384 एवं आर्ट्स विषय से 225 छात्राएं तथा 11 वीं से कुल 120 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हैं। प्राचार्य गीता कुमारी ने बताया कि अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल होना व प्रतिदिन क्लास करना जरूरी है। शत प्रतिशत उपस्थिति नहीं रहने पर आगे की क्लास में नामांकन से वंचित होना पड़ेगा। प्रो राजधारी शर्मा, बृजनंदन सिंह, योगेन्द्र प्रसाद,अजय कुमार यादव, महेंद्र कुमार सहित कांलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी परीक्षा संचालन में सहयोग कर रहे हैं।

# थाना परिसर में लगा जनता दरबार , थानाध्यक्ष ने की सुनवाई

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना परिसर में भूमि विवाद मामले की सुनवाई को लेकर शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार व अंचल के प्रधान लिपिक समीरूद्दीन अंसारी ने जनता दरबार में आए लोगों का सुनवाई किया। बताया जाता है कि पूर्व



के तीन विवादित मामले का सुनवाई किया गया। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि रैयती जमीन की खरीदारी के हिस्से के अनुसार जलपुरा गांव से आए बिन्देश्वरी सिंह बनाम शिव प्रसाद साव ,जखौरा से ही आए जोधन राम बनाम जगनारायण राम, हैदरगंज से आए रामेश्वर शर्मा व डुमरा के जितेन्द्र शर्मा का जनता दरबार में सुनवाई किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों पक्ष के लोगों का सुनवाई करते हुए सभी फरियादियों को पुरी कागजात के साथ अगली तिथि पर नोटिस जारी किया गया है।

# नशे में धूत शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के धमनी गांव से शराब के नशे में धूत सुरेंद्र पासवान उर्फ बनवारी को हसपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि शराब पीकर धमनी गांव में सुरेंद्र पासवान हंगामा कर रहा है। त्वरित संज्ञान लेते हुए दलबल के साथ पुलिस धमनी गांव पहुंची तो पियक्कड़ पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस धर दबोचा। गिरफ्तार करते हुए हसपुरा सीएचसी अस्पताल में उसे मेडिकल जांच कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र पासवान को अलकोहल पीने की पुष्टि की। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि शराब पीना व बेचना दंडनीय अपराध है। बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सुरेंद्र पासवान उर्फ बनवारी को जुमार्ना के लिए औरंगाबाद भेज दिया है।

# बालू लदा ट्रैक्टर जब्त चालक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 30 सितंबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के उत्तर कोयल नहर कॉलोनी के समीप से पुलिस गश्ती के दौरान अवैध बालु लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है।एस आई तारकेश्वर तिवारी एवम सशस्त्र बल ने गश्ती के दौरान नहर के समीप टंडवा रोड से अवैध बालु लदा आईसर ट्रेक्टर जिसका नंबर




इ 26GA 5863 है को जब्त किया है।साथ में मौके से चालक मनजीत कुमार पिता महेश राम ग्राम रघुनाथगंज थाना नबीनगर को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि ट्रैक्टर और बालू को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में खनन विभाग को सूचित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया गया है।

# नबीनगर के चंद्रगढ़ मोड़ के समीप से बालू लदा हाइवा जब्त चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 30 सितंबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के टंडवा नबीनगर मुख्य पथ के चंद्रगढ़ मोड़ के समीप से पुलिस द्वारा अवैध बालु लदा हाइवा को जब्त किया गया है गश्ती दल मे शामिल एस आई मदन उपाध्याय की




टीम ने बालू लदा 10 चक्का हाईवा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR 26F8693 है को जब्त किया है वही मौके पर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। हाइवा चालक की पहचान संतोष साव पिता प्रसाद साव ग्राम सोनवे थाना हरिहरगंज जिला पलामू के रूप मे किया गया है

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि बालु लदे हाइवा को जब्त कर थाना लाया गया है और चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है

# हवा के तेज झोंके से केला-उत्पादक तबाह।

## कनकपुर ग्राम पंचायत के केला बगानों में दिखा तबाही का मंजर।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

शनिवार, 30 सितंबर के अहले सुबह आये तूफान व मूसलाधार वर्षा ने केला बगान मालिकों को तबाह कर दिया। ठाकुरगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कनकपुर के केला बगान मालिकों का अपने-अपने बगान की तबाही देखकर मायूस चेहरे उनके नुकसान का अंदाजा बताने को पर्याप्त दिखा।

सुबह लगभग साढ़े 07 बजे अचानक आये तूफान ने केला से सजे केला के पेड़ों को बहुत बड़ी संख्या में जमीन पर गिराकर केला-उत्पादकों को लंबे नुकसान के फेर में डाल दिया।




केला, अनानास, अमरूद, चाय के साथ-साथ ड्रैगन फ्रूट के उत्पादन के क्षेत्र में बिहार में नये कीर्तिमान गढ़ने के राह पर चल रहे इस प्रखण्ड के कृषकों को गाहे-बगाहे मौसम की मार झेलनी पड़ जाती है जो उनके फायदे-नुकसान के अंतर को पाटते हुए कृषकों को सोचने पर विवश कर देता है।

ऐसे स्थिति में जरूरत है इस क्षेत्र के कृषकों को कृषि बीमा के संग-संग आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों के प्रति सतत जागरूक करने का। हलांकि बिहार सरकार ने इसके लिए कृषक सलाहकारों की नियुक्ति के साथ-साथ अन्य आवश्यक योजनाओं का संचालन कर रही है।

# देश दुनिया के चर्चित मंदिरों व ऐतिहासिक बनाए जा रहे दुर्गा पूजा पंडाल

**उत्तम सिंह:दैनिक समाज जागरण: ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग)**

दुर्गा माता की पूजा आराधना और नौ दिवसीय का उपासना शारदीय नवरात्रि पर्व 15 अक्टूबर (रविवार) से शुरू होने जा रहा है। इसको लेकर खोरीबाड़ी सहित, नक्सलबाड़ी , फांसीदेवा वे खोरीबाड़ी सटे आसपास इलाके में तैयारियां जोरों पर है। पूजा पंडाल विशाल बनाये जा रहे हैं, पंडालों को अधिक से अधिक आकर्षक बनाने के लिए उन्हें देश दुनिया के चर्चित मंदिरों व ऐतिहासिक स्मारकों की तरह भव्य बनाए जा रहे हैं। पूरे राज्य भर में थीम को आधार बनाकर पूजा पंडाल बनाये जा रहे हैं। ताकि लाखों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़े। वहीं खोरीबाड़ी में भी विभिन्न थीमों को आधार बनाकर बेहद आकर्षक दुर्गा पूजा के पंडाल बनाये जा रहे हैं।

### नेपाल व देश के विभिन्न राज्यों से बंगाल की दुर्गा पूजा देखने आते हैं लोग

खोरीबाड़ी के बतासी पीएसए क्लबे दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष मुकुल सरकार ने बताया कि बंगाल का सबसे बड़ा दुर्गा पूजा पर्व है । बंगाल का दुर्गा पूजा देखने के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश



, दिल्ली आदि राज्यों व पड़ोसी देश नेपाल से मां दुर्गा के दर्शन करने आते हैं । साथ ही मेले का आनंद लेते हैं और दुर्गा मां से अपने परिवार की सुख शांति के लिए कामना करते हैं।जिससे नवरात्र के दस दिनों तक बंगाल में लाखों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती हैं। उन्होंने कहा इस पिछले वर्ष बतासी पीएसए क्लब दुर्गा पूजा कमेटी सजावट पर पूरे दार्जिलिंग भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस बार भी उम्मीद है कि दार्जिलिंग में बतासी पीएसए क्लब प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। आगे उन्होंने कहा इस वर्ष पीएसए कल्ब में सप्तमी से प्रति दिन लाखों की श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

### बंगाल में नारी-पूजा की परंपरा प्राचीन समय से प्रचलित

मुकुल सरकार ने कहा राज्य में नारी-पूजा की परंपरा प्राचीन समय से प्रचलित है ।इसलिए यहां शक्ति की पूजा करने वाले शाक्त संप्रदाय का काफी असर है। दूसरी ओर वहां वैष्णव संत भी हुए हैं, जो राम और कृष्ण की आराधना में यकीन रखते हैं ।राज्य में दशहरा पर्व दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। नवरात्र में शुरू होने वाला यह बंगालियों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है ।यहां देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों विराजमान करते हैं। देश भर के नामी कलाकार दुर्गा की मूर्ति तैयार करते हैं। इसके साथ अन्य देवी द्वेवताओं की भी कई मूर्तियां बनाई जाती हैं।

### बंगाल में माना जाता है मां दुर्गा का मायका

बलायझोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य प्रभात मंडल ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल बलायझोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष ' टू इन टावर थीम ' दुर्गा पूजा पंडाल बना रही है ।जिससे काफी श्रद्धालुओं की भीड़ होगी। प्रभात मंडल बताते हैं कि बंगाल में मां दुर्गा का मायका माना जाता है। उन्होंने कहा मां दुर्गा के मायके के आने के साथ ही नवरात्र व्रत शुरू हो जाते हैं। 10 दिनों तक चलने वाले इस त्योहार के दौरान पूरा माहौल शक्ति की देवी दुर्गा के रंग का हो जाता है।

वही दूसरी ओर युवा संप्रदाय क्लब (यूएसके ), खोरीबाड़ी इस साल ' इटाहार कृष्ण मंदिर आदले (नेपाल) थीम' को आधार बनाकर दुर्गा पूजा पंडाल बना रहे हैं।

बता दें कि राज्य में बंगाली हिंदुओं के लिए दुर्गा और काली की आराधना से बड़ा कोई उत्सव नहीं है। वे देश-विदेश जहां कहीं भी रहें, इस पर्व को खास बनाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

# नशे का धंधा : महिलाओं को कारोबार में शामिल करने में सौदागर सफल

## सीमांत क्षेत्र से सप्ताह में तीसरी बार हुई गिरफ्तारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) ।इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित खोरीबाड़ी, गलगलिया व भद्रपुर इलाका इन दिनों ड्रग्स कारोबारियों एवं नशेरियों का गढ़ बनता जा रहा है । नेपाल की झापा जिला पुलिस ड्रग्स कारोबारियों एवं नशेरियों से मुक्त कर नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु प्रयासरत है ।



इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस बिट मेचिपुल और सशस्त्र पुलिस बल बीओपी भद्रपुर की संयुक्त कार्रवाई में संदिग्ध ब्राउन सुगर के साथ महिला को हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए महिला का नाम 28 वर्षीय संजरी खातून बताया गया है, जो पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिला अंतर्गत दालखोला की निवासी बताई गई, जो अब झापा जिला अंतर्गत अर्जुनधारा में रहती है ।

झापा जिला डी एस पी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने बताया कि शुक्रवार को मेची पुल पर भारत से नेपाल आ रही एक संदिग्ध महिला को रोककर पुलिस बिट मेचिपुल और सशस्त्र पुलिस बल बीओपी भद्रपुर ने पूछताछ की । पूछताछ के क्रम में शक होने पर उक्त महिला की तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान उसके पास से 6 ग्राम और 400 मिलीग्राम संदिग्ध ब्राउन सुगर बरामद की गई । मद्देनजर उक्त महिला को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस कार्यालय झापा लाया गया, जहाँ उक्त महिला से पूछताछ की जा रही है ।

# स्वर्ण आभूषण दुकान में दिनदहाड़े बंदूक के नोक पर डकैती, ड्रोन की मदद से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

रेल नगरी खड़गपुर के गोलबाजार स्थित चांदनी चौक के समीप स्वर्ण आभूषण के दुकान गोल्ड एंड सिल्वर हाउस में शुक्रवार दिन दहाड़े डकैती को अंजाम देकर फरार होने वाले लुटेरों को झाड़ग्राम पुलिस ने धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 11:45 बजे पांच के संख्या में लुटेरों का दल स्वर्ण आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर प्रवेश किया। तथा स्वर्ण आभूषण व्यवसायी असित दत्ता के सीने पर गोली चलाई। तथा बीच बचाव करने आए कर्मचारी अयन भट्टाचार्य पर चाकू से वार किया। तथा आभूषण लूटकर स्कॉर्पियो वाहन से भाग निकले। इधर घटना की सूचना मिलते ही पश्चिम मेदिनीपुर पुलिस द्वारा पड़ोसी जिला झाड़ग्राम पुलिस को भी सतर्क कर दिया। खड़गपुर पुलिस द्वारा लुटेरों का पीछा किया गया। लुटेरों का वाहन राज्य राजमार्ग 6 पकड़कर बंगाल सीमा पार कर उड़ीसा में जाने के फिराक में थे। परंतु पुलिस की तत्परता व फौरी कार्रवाई से अंततः दो लुटेरों को बेलियाबेडा थाना अंतर्गत रंटुआ इलाके में नाकाबंदी कर धर दबोच लिया गया। सफेद रंग के स्कॉर्पियो कार में सवार लुटेरे गोपीबल्लभपुर होते हुए उड़ीसा में भाग निकलने के फिराक में थे। गोपीबल्लभपुर थाना प्रभारी सुदीप बंदोपाध्याय द्वारा गोपीबल्लभपुर सिद्धू




कान्हू पुल पर नाका चेकिंग कर लुटेरों के वाहन को रोकने की कोशिश की गई। इस दौरान लुटेरों ने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया तथा कार से भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर लुटेरों ने अपना वाहन मोड़कर बेलियाबेड़ा थाना अंतर्गत रंटुआ इलाके की ओर भागने लगे। रंटुआ में पुलिस द्वारा कार को घेर लिए जाने पर लुटेरों ने कार छोड़कर सडक किनारे धान खेत में छिपने की कोशिश की। पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से लुटेरों को खोज कर गिरफ्तार कर लिया गया। झाड़ग्राम जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( संचालन ) उत्तम घोष, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कल्याण सरकार, गोपीबल्लभपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण गोपाल मीणा के नेतृत्व में तलाशी व धर पकड़ अभियान चलाया गया था। वहीं अन्य तीन अपराधियों को रंटुआ से कुछ दूर पैगंबी गांव में एक धान के खेत से गिरफ्तार किया गया। मालूम हो की मात्र चार घंटे की अवधि में पुलिस ने आखिरकार लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गोली लगने से घायल स्वर्ण व्यवसाय का ईलाज मेदिनीपुर में चल रहा है तथा वे अब खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।

# "एक तारीख, एक घंटा" के प्रति गांव को जागरूक करने प्रधान शिक्षक ने उठाया झाड़ू।

## बैगलेस डे सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम में बच्चों को स्वच्छता की जानकारी से किया गया लेस।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज )**

आगामी पहली अक्टूबर को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत "एक तारीख, 01 घंटा श्रमदान" के प्रति विद्यालय के आसपास के अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधान शिक्षक ने अपने हाथ मे झाड़ू उठाया । उनके द्वारा आगे बढ़कर आसपास के क्षेत्र में बिखरे कचरों को समेटते देख बच्चों ने भी झाड़ू उठाकर अपने विद्यालय प्रधान के कार्य मे उन्हें सहयोग दिया।

स्वच्छता के प्रति ऐसे समर्पण भाव को प्रदर्शित करने वाले श्री कन्हैया लाल शर्मा, प्रधान शिक्षक , उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा, ठाकुरगंज ने बताया कि यदि आसपास के अभिभावकों और विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों में उनके इस कृत्य का जरा भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तो वे सभी अपने-अपने टोले-मुहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर आगामी दिवस पहली अक्टूबर को एक-एक घंटा श्रमदान करना सुनिश्चित कर अपने आसपास के इलाके को गंदगी मुक्त करेंगे जो महात्मा गांधी के स्वच्छता का सपना के प्रति सच्ची स्वच्छाजंलि होगी।



इस विशेष जागरूकता अभियान के उपरांत विद्यालय में बैग लेस डे सुरक्षित शनिवार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम से सम्बंधित निर्देशिका में अंकित माह के पांचवें शनिवार हेतु निर्धारित "स्वच्छता" विषय पर विद्यालय में उपस्थित बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा जारी यू ट्यूब के लिंक के मार्फत वीडियो दिखाकर उन्हें स्वच्छता के प्रति सजग और जागरूक किया गया ।

सभी उपस्थित बच्चों को आगामी दिवस पहली अक्टूबर हेतु निर्धारित "स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत उनके अपने-अपने टोले-मुहल्ले में न केवल स्वयं का बल्कि गांव-समाज के सभी वयस्क महिला-पुरुषों को भी एक-एक घंटा श्रमदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।

# पोषण माह के अंतिम दिन जिले के इनडोर स्टेडियम में पोषण मेला का आयोजन

**-पोषाहार से संबंधित प्रदर्शनी लगाकर लोगों को किया गया जागरूक**

**-पौष्टिक आहार खाने के लिए किया गया जागरूक**

**किशनगंज, 30 सितंबर।**

जिले की समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) द्वारो सुपोषित भारत झ साक्षर भारत झसशक्त भारत की थीम परे पूरे सितंबर माह में अलग-अलग गतिविधियों के जरिए पोषण माहे के जरिये पोषण पर जागरूकता बढ़ाई गयी है । इस बार के पोषण माह में एनीमिया प्रबंधन पर जोर के साथ ही 6 माह तक शिशु के लिए सिर्फ स्तनपान एवं इसके बाद अनुपूरक आहार की जरूरत पर भी ध्यान दिया गया है । इस दौरान लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने एवं पोषण से संबंधित जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले के इनडोर स्टेडियम में पोषण मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला को संबोधित करते हुए आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्रे ने बताया कि पूरे सितंबर माह को आईसीडीएस द्वारा पोषण माह के रूप में मनाया गया है। इस दौरान जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को गर्भवती महिलाओं, बच्चों को समय पर जरूरी पोषण के उपयोग करने की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी । इसके लिए आमलोगों के बीच रैली, प्रभात फेरी व साइकिल रैली का आयोजन किया गयो और आमलोगों के साथ पोषण शपथ कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया ।पोषण मेला का



विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में एडीएम, डीपीओ आईसीडीएस, एनसीडीओ,सभी सीडीपीओ , महिला पर्यवेक्षिका सहित आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के अलावा आमजन उपस्थित हुए।

### पूरे सितंबर माह में "पोषण भी और पढ़ाई भी" पर रहा जोर:

--राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्र के दिशा निर्देश के आलोक में 11 से लेकर 16 सितंबर तक पोषण भी, पढ़ाई भी विषय के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गये । इस दौरान गृहभ्रमण 0-3 व 3-6 साल के बच्चों के पोषण व प्रोत्साहन से संबंधित परामर्श व अभिभावकों के बीच बच्चों के पालन-पोषण व विकास से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन सभी कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र, प्रखंडों और विद्यालयों में किया गया है । साथ ही 18 से 23 सितंबर तक राज्य के सभी जिले, प्रखंड, आंगनबाड़ी केंद्र और समुदाय के बीच मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु जागरूकता एवं गृह भ्रमण के तहत 6 माह से ऊपर के बच्चों को ऊपरी आहार में घर में आसानी से बनने वाले आहार में खाद्य विविधता को शामिल करने हेतु परामर्श दिया गया है । वहीं 20 से 30 सितंबर के बीच विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें मेरी माटी, मेरा देश अभियान, एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार,परामर्श और चर्चा का आयोजन किया गया है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण हेतु उन्मुखीकरण व परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त सभी कार्यक्रम जिला, प्रखंड, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए गये हैं।

### पोषाहार से संबंधित प्रदर्शनी लगाकर लोगों को किया गया जागरूक-

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि विगत 01 से लेकर 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न तरह के आयोजन कर पोषण को लेकर जागरूक किया गया। इसी बीच स्थानीय इंडोर स्टेडियम में पोषण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पोषण से संबंधित जानकारियां और पोषाहार से संबंधित प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। सेविकाओं द्वारा इससे होने वाले फायदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। गोदभराई रस्म तथा अन्नप्राशन के संबंध में विस्तृत रूप से लाभार्थियों के बीच चर्चा की गई।

### पोषण जागरूकता रथ से पौष्टिक आहार खाने के लिए किया गया जागरूक -

आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्रो ने बताया कि जिले में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा पोषण रथ को रवाना किया गया था । जिसमे पूरे पोषण माह के दौरान लोगों तक पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान का संचालन किया गया है । उन्होंने बताया कि पोषण माह की गतिविधियों के रूप में गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन और किशोरावस्था के दौरान पोषण की उपयोगिता पर जागरूक किया जाना मुख्य उद्देश्य है। सभी गतिविधियों के दौरान "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" थीम के साथ लोगों को उपयुक्त पोषण की जानकारी दी गई। जिसका उपयोग करते हुए लोग स्वस्थ जीवन का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही सदर अस्पताल, जिला प्रोग्राम कार्यालय परिसर, प्रखंड कार्यालय परिसर में पोषण परामर्श केन्द्रों को संचालित किया गया है । जिससे जन-समुदाय को सेवाएं प्रदान की जा सके। पोषण परामर्श डेस्क के माध्यम से मां-बच्चे और संपूर्ण परिवार के पोषण से संबंधित दुविधाओं का निराकरण किया जाएगा। जिसमें छह वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना की जानकारी दी गई। उपयुक्त स्तनपान अभ्यासों पर सभी गर्भवती और धात्री माताओं के साथ उनके परिजनों को आमंत्रित कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

# बच्चों का कराएं बीसीजी का टीकाकरण और टीबी के खतरा से रखें दूर

***– बचाव के लिए टीकाकरण के साथ सतर्कता भी जरूरी, रहें सावधान***

***– लगातार खाँसी रहने पर तुरंत कराएं जाँच, सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है समुचित जाँच व इलाज की व्यवस्था***

किशनगंज, 30 सितम्बर । मौसम में हो रहे बदलाव होने के कारण सर्दी-खांसी और बुखार समेत अन्य बीमारियों का दौर शुरू हो गया है। लोग इने मौसमी बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। इसलिए, स्वास्थ्य के प्रति हर व्यक्ति को विशेष सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की उचिते देखभाल बेहद जरूरी है। दरअसल, छोटे-छोटे बच्चे में टीबी जैसे संक्रमण बीमारी के चपेट में आने की अधिक संभावना रहती है। इसलिए, इससे बचाव के लिए बच्चों को बीसीजी का टीका जरूरी है। क्योंकि, कुपोषित और एनीमिया पीड़ित बच्चों में टीबी होने का विशेष खतरा होता है। इसलिए, ऐसे बच्चे की उचित देखभाल बेहद जरूरी है।

### – टीबी है संक्रामक बीमारी :

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ एनामुल हके ने बताया, टीबी एक संक्रामक बीमारी है और इससे बच्चों को अधिक खतरा रहता । इसलिए, इससे बचाव के लिए बच्चों के प्रति भी विशेष सजग रहने की जरूरत है। इससे बचाव के लिए हर व्यक्ति को अपने बच्चे को निश्चित रूप से बीसीजी का टीका लगवाना चाहिए। यह बचाव के लिए सबसे बेहतर और आसान उपाय है। वहीं, उन्होंने बताया, यह बीमारी मायकोबैटोरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है। इस बीमारी का सबसे अधिक प्रभाव फेफड़ों पर पड़ता है। क्योंकि, हवा के जरिये यह बीमारी एक से दूसरे इंसान के अंदर फैलती है। टीबी के मरीज के खांसने और छींकने के दौरान मुंह, नाक से निकलने वाली बारीक बूंदें से फैलती है। फेफड़ों के अलावो कोई दूसरा टीबी इतना संक्रामक नहीं होता है।

### – टीबी पीड़ित बच्चे के संपर्क से सामान्य बच्चे को बचाएँ :

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ हके ने बतायो कि टीबी पीड़ित बच्चे के संपर्क से सामान्य बच्चे को दूर रखें। यदि घर से बाहर जाने की आवश्यकता हो तो बच्चे को मास्क पहनाकर ही भेजें। क्योंकि, टीबी संक्रामक बीमारी होती है। इसलिए, बच्चों को श्वसन संबंधित स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित करें। उन्हें पौष्टिक आहार दें। खानपान में विटामिन - सी वाले भोज्य पदार्थ दें। टीबी पीड़ित बच्चों के लिए अच्छी नींद जरूरी है।

### – लक्षण महसूस होते ही कराएं जाँच :

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि लक्षण महसूस होते ही ऐसे मरीजों को बिना देर किए अपनी जाँच करवानी चाहिए। जिला सदर अस्पताल, सभी पीएचसी तथा जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों में मुफ्त जाँच से लेकर समुचित इलाज एवं दवाई की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। इतना ही नहीं, बल्कि टीबी पीड़ित मरीजों को उचित पोषण आहार के लिए सहायता राशि भी दी जाती है।

### – बचाव के उपाय :

*1– 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर डॉक्टर को दिखाएं। दवा का पूरा कोर्स लें। डॉक्टर से बिना पूछे दवा बंद न करें।*

*– मास्क पहनें या हर बार खांसने या छींकने से पहले मुंह को पेपर नैपकिन से कवर करें।*

*– मरीज किसी एक प्लास्टिक बैग में थूकें और उसमें फिनाइल डालकर अच्छी तरह बंद कर डस्टबिन में डाल दें। यहां–वहां नहीं थूकें।*

*– पौष्टिक खाना खाएं, व्यायाम व योग करें ।*

*– बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, तंबाकू, शराब आदि से परहेज करें।*

*– भीड़–भाड़ वाली और गंदी जगहों पर जाने से बचें।*

*– ये हैं टीबी के लक्षण :*

*– भूख न लगना, कम लगना तथा वजन अचानक कम हो जाना।*

*– बेचैनी एवं सुस्ती रहना, सीने में दर्द का एहसास होना, थकावट व रात में पसीना आना।*

*– हलका बुखार रहना।*

*– खांसी एवं खांसी में बलगम तथा बलगम में खून आना। कभी–कभी जोर से अचानक खांसी में खून आ जाना।*

*– गर्दन की लिम्फ ग्रंथियों में सूजन आ जाना तथा वहीं फोड़ा होना।*

*– गहरी सांस लेने में सीने में दर्द होना, कमर की हड्डी पर सूजन, घुटने में दर्द, घुटने मोड़ने में परेशानी आदि।*

*– महिलाओं को बुखार के साथ गर्दन जकड़ना, आंखें ऊपर को चढ़ना या बेहोशी आना ट्यूबरकुलस मेनिन्जाइटिस के लक्षण हैं।*

*– पेट की टीबी में पेट दर्द, अतिसार या दस्त, पेट फूलना आदि होते हैं।*

*– टीबी न्यूमोनिया के लक्षण में तेज बुखार, खांसी व छाती में दर्द होता है।*

# ठाकुरगंज:कार से घूम-घूम कर करता था मोबाइल चोरी, सुखानी पुलिस ने धर दबोचा

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत सुखानी थानाध्यक्ष रामलाल भारती की सूझबूझ से किशनगंज से मोबाइल चोरी करने आए गिरोह के तीन सदस्यों को थानाक्षेत्र होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे 327ई स्थित जमुना पुल के समीप धर दबोचा गया। पकड़े गए युवकों में मुख्य आरोपी विजय महतो पिता स्व शंकर महतो,साकिन खगड़ा वार्ड नंबर 35,थाना व जिला किशनगंज के साथ दो युवक सूरज कुमार नूनिया,भागलपुर और आकाश कुमार,पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिला निवासी हैं। थानाध्यक्ष रामलाल भारती से मिली जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के विलायतीबारी,वार्ड नंबर 6 निवासी मो इब्राहिम ने शनिवार की शाम करीब 4बजकर 30मिनट पर मुख्य बाजार में गस्ती के क्रम में बताया कि सब्जी खरीदने के क्रम में उनका मोबाइल चोरी



हो गया है और संदेहास्पद व्यक्ति एक कार में सवार होकर साबोडांगी चौक की ओर भाग रहा है ।मिली जानकारी पर आनन-फानन में पीछा करते हुए बताए गए कार(रजि. नंबर बीआर37जी/2713 )एवं उसमें सवार तीन लोगों को थानाक्षेत्र के जमुना पुल के समीप पकड़ लिया गया।थाने पर पकड़े गए आरोपियों में से मुख्य आरोपी विजय महतो से पूछताछ में पता चला कि वह झारखंड के साहिबगंज जिला अंतर्गत तालझारी थाना स्थित महाराजा गांव निवासी है जो, वर्तमान में अस्थायी रूप से किशनगंज माछमारा में रह रहा है। पुलिस तकरीबन 1 साल से इसकी खोजबीन कर रही थी।इस पर मोबाइल छिनतई एवं चोरी जैसे कई मामले पहले से भी दर्ज है।आरोपी विजय महतो गिरोह के सदस्यों से चोरी करवाने के लिए फिल्मी स्टाइल में खुद गाड़ी लेकर घूमता रहता था और जगह-जगह अपने चोर गिरोह के लड़कों को काम पर लगा देता था ।ज्योंहीं गिरोह के सदस्य वारदात को अंजाम देते थे, वैसे ही उसे गाड़ी में रिसीव कर ठिकाने तक पहुंचा देता था।बताया जा रहा है कि इसका नेटवर्क पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर, किशनगंज के विभिन्न क्षेत्र एवं पश्चिम बंगाल के ही सिलीगुड़ी, पंजीपारा,इस्लामपुर इत्यादि जगहों पर दूर-दूर तक फैला हुआ था,जिसे सुखानी थानाध्यक्ष रामलाल भारती के अगुवाई में साथी पुलिसकर्मियों के सहयोग से सूझबूझ के साथ चार अलग-अलग कंपनियों के कीमती मोबाइलों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चार मोबाइल जप्त किया गया है जिसमें,एक एप्पल कंपनी का मोबाइल भी शामिल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में कांड संख्या 28/23 दर्ज कर भादवि की धारा 379,411,34 के तहत सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में किशनगंज भेज दिया गया है।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत निकाला गया मशाल जुलूस

### बीडीओ व बीसी ने मशाल जुलूस का किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत करगहर बाजार में मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें स्वच्छता को लेकर लोगो को संदेश दिया गया। स्वच्छता सेवा मशाल जुलूस की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने किया। मशाल जुलूस प्रखंड मुख्यालय से शूरू होकर सेमरी रोड होते हुए करगहर थाना के पास पहुंचा। तत्पश्चात करगहर बाजार होते हुए दुर्गा मंडल होते हुए पुनः प्रखंड मुख्यालय पर समापन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा के तहत मशाल जुलूस निकाला गया। महात्मा गांधी के जयन्ती के एक दिन पूर्व में श्रम दान के तहत एक घंटा सफाई पर विशेष अभियान के तहत संचालन किया जायेगा।



लोहिया स्वच्छता के तहत कचरा प्रबंधन व अपने घरों व गांव को स्वच्छ बनाने को लेकर मशाल जुलूस निकाला गया। मौके पर प्रखंड स्वच्छता समन्वयक अशोक कुमार सिंह, डाटा ऑपरेटर विनय शर्मा, विकास कुमार, सुपरवाइजर अनुप पाठक, देवबंद राम, राम एकबाल पासवान, नीरज कुमार, रंजन कुमार, प्रदीप कुमार, अरविन्द कुमार , प्रिंस कुमार, बृजलाल कुमार सिंह, राज कुमार, संदीप कुमार,बिनोद राम, रवि रंजन ,अनिल कुमार सिंह वार्ड सदस्य संजय यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

## शौर्य रथ का बिक्रमगंज में हुआ भव्य स्वागत, जयश्री राम व भारत माता की जयकारा से गूंज उठा शहर

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू जागरण की उद्देश्य से संपूर्ण भारत में आयोजित शौर्य रथ यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत बिक्रमगंज में रथ पहुंचा। जिसका स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। नगर परिषद क्षेत्र में प्रवेश होते ही जोगी वीर टोला पर पहुंचे सैकड़ो की संख्या में सनातनियों ने रथ के साथ चल रहे धर्मावलंबियों का फूल माला से स्वागत किया तथा जय श्री राम तथा भारत माता की जयकारा लगाते हुए शहर की ओर बढ़ चले। शहर के तेंदूनी चौक पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारी सह गौ रक्षा प्रमुख त्रिलोकी नाथ बागी ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि शाहाबाद क्षेत्र होते हुए औरंगाबाद,अरवल एवं जहानाबाद के रास्ते शौर्य यात्रा पटना को पहुंचेगी। इसकी शुरूआत अति प्राचीन ऐतिहासिक भभुआ की देवी स्थल मुंडेश्वरी धाम से शौर्य रथ प्रारंभ किया गया है। बिहार प्रदेश विश्व हिंदू परिषद के रामायण शास्त्री ने बताया कि यह आयोजन भारत के सभी राज्यों में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के तत्वाधान में अलग-अलग नेतृत्व कताओं के नेतृत्व में निकल गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य अंजनेश्नानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन, कृषि व संस्कृति रक्षा हमारा उद्देश्य है। अपनों को जागृत करने के साथ उनके अंदर चिंतन का भाव भी विकसित करना है। यात्रा के साथ पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के रोहतास जिला मंत्री गोपी नंद,बजरंग दल विभाग संयोजक विकास, गौ रक्षा प्रमुख रविंद्र कुमार राय आदि का सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम कुमार, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के रितेश राज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विभाष, नगर कार्यवाह संतोष भंडारी, प्रचार प्रमुख दीपक एवं जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख संजय सहित सैकड़ो लोगों ने भव्य स्वागत किया।

## ताइदो की हकमारी कर रहा बार एसोसिएशन

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

सिविल कोर्ट हो या फिर अनुमंडल दंडाधिकारी का न्यायालय 50 पैसे या एक रुपया के सादे कागज पर ताइद हाजरी लिख न्यायालयों में मोवकीलो का उपस्थिति दर्ज करवाते थे। इसके एवज में उन्हें मोवकील दस बीस रुपया परिश्रमिक दे रहे थे।लेकिन बार एसोसिएशन ने सस्ता और सुलभ इस कार्य पर ग्रहण लगा दिया। अब मोवकिलो पर दबिश बनाई जा रही है कि न्यायालयों में अधिवक्ता के जरिए उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए हर हाल में एसोसिएशन द्वारा निर्धारित की गई सौ या 120 रुपया का पैरवी फार्म खरीदना अनिवार्य है अन्यथा अधिवक्ता सादे कागज पर अपना हस्ताक्षर नही बनाएंगे।इस फरमान से जहां ताइदो की हकमारी हो रही है। वही महंगी होती न्याय व्यवस्था से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग दूर होते जा रहे है। हालांकि किसी भी न्यायालयों में आज भी प्रावधान है कि स्वयं मोवकिल दीवानी मुकदमा हो या फिर फौजदारी सादे कागज पर अपना उपस्थिति दर्ज करवा सकता है। लेकिन न्याय की चाहत रखने वाले लोग न्यायधीश महोदय को सहजता से अपनी बाते बता पाने या कह पाने में 97 से 98 प्रतिशत लोग असमर्थ होते है और प्रतिनिधि के रूप में अधिवक्ता नियुक्त करते है। पूंजीपति मोवकिल हो या फिर आर्थिक रूप से कमजोर निर्धन गरीब किसी से समझौता अधिवक्तागण कम ही करते है। पीड़ित वर्ग न्याय की दरकार लिए जब न्यायपालिका के दरवाजे पर दस्तक देते है तब सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए काले यूनिफार्म में खड़े अधिवक्ता मौजूद होते है। जिनसे पहले मुलाकात होती है और काले यूनिफार्म में दिखने वाले लोग मोवकिल का भरोसा जितने के लिए एक से बढ़कर एक कानून की बारीकियों को दर्शाकर समझाते है जैसे एक दो माह में ही फैसला हो जायेगा।फिर इनके चक्रव्यूह में एक बार जो उलझा वह वर्षो तक उलझे ही रहता है। तारीख पर तारीख का सिलसिला लंबे अवधि तक समाप्त होने का नाम ही नही लेता। बताया जाता है कि एक मुकदमे की पैरवी में कम से कम चार से पांच सौ रुपया खर्च हो जाता है। सूत्रों पर विश्वास करे तो वकलतनामा सौ रुपया,पैरवी फार्म सौ या 120 रुपया,अधिवक्ता मुभ या बहस करते है तो दो से पांच सौ रुपए फीस,पेशकार, ताईद,फोटो स्टेट,नाश्ता,खाना,गाड़ी भाड़ा आदि में खर्च हो जाते है। किसी केश का रेकड देखना हो या फिर डेट लेना हो तो बीस पचास देना पड़ता है। फिजूलखर्ची के वजह से ढीली होती जेब तथा महंगी होती न्यायपालिका और हो रहे आर्थिक शोषण से मोवकिल अब अजीज आ चुके है। बताया जाता है कि लगने वाले लोक आदलतो में सुलहनीय मामले में अधिकांश लोग सुलह समझौता कर लेते है या केश बीच मझधार में मुकदमा ही छोड़ देते है। ताइद लोगो का कहना है कि न्यायालयों में पैरवी करने का कार्य ताईद का होता है जो अपना मेहनता लेकर मुकदमे की पैरवी करते है। लेकिन ताईद एसोसिएशन के कमजोर होने से हकमारी अधिवक्ता गण कर लेते है। हालांकि अधिवक्ता के बगैर हस्ताक्षर के मुवकिल स्वयं सादे कागज पर उपस्थिति लिखकर न्यायालयों में अपने मुकदमे की पैरवी कर फिजूलखर्ची से बचने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है।

## शौर्य रथ का राजपुर में भाजपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

### रथ में विराजमान श्रीराम जानकी की उतारी गई आरती

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

अयोध्या में भगवान श्रीराम जानकी जी का मंदिर निर्माण 2024 में पुरा होने के उपलक्ष्य में समुचे देश में गांव-गांव घुमाये जा रहे शौर्य जागरण रथ यात्रा का राजपुर चौक पर शनिवार को पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। सैकड़ों लोगों के मौजूदगी में भगवान श्री रामचंद्र की जय,सनातन धर्म की जय के जयकारे से समुचा बाजार क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बाद में रथ में विराजमान भगवान श्रीराम-जानकी जी का कार्यकताओं ने आरती उतार पुष्प वर्षा करते हुए




प्रार्थना की। यात्रा में शामिल लोगों को साष्टांग दंडवत कर कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धा व सेवा का भाव रखते हुए जलपान करवाया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि भरत तिवारी,संतोष सोनी उर्फ मंत्री जी,विजेन्द्र गुप्ता,रंजन चौधरी,नरेन्द्र महतो,शनि वर्मा,जैकी बबुआन,उमाशंकर प्रसाद,कृष्णा प्रसाद,श्यामजी तिवारी,अतुल चौबे,सुनिल चौबे,उमेश गुप्ता,अनिल गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## जय दुर्गा माता मन्दिर छत की ढलाई का शुभारंभ

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 30 सितम्बर**

जयनगर अनुमंडल मुख्यालय से चार किलोमीटर दक्षिण में दुल्लीपट्टी गांव एनएच 527 बी किनारे भव्य और बहुमंजिल दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। शनिवार को मंदिर के प्रथमे तले के छत की ढ़लाई प्रारंभ किया गया। ढ़लाई कार्य का शुभारंभ मुख्य पुरोहित पंडित रघुनाथ झा , सहायक पंडित गोविंद झा ने मंदिर के यजमान गणेश झा ने निर्माण कार्य प्रारंभ होने से शंख ध्वनि के साथ पूरे विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम को दुल्लीपट्टी पंचायत के मुखिया सह मुखिया महासंघ मधुबनी के जिलाध्यक्ष एवं दुर्गा पूजा समिति के पदेन अध्यक्ष रुपम कुमारी, सोशल वर्क एण्ड दुल्लीपट्टी अध्यक्ष सह दुर्गा





पूजा समिति के सचिव समाजसेवी वीरेन्द्र यादव, प्राइवेट इंस्टिट्यूट एण्ड स्कूल जिलाध्यक्ष शिक्षाविद् मनीष कुमार, पंचायत समिति सदस्य कमल देवी,राम भजन मंडल, पूर्व मुखिया चन्द्र मोहन सिंह पूर्व सरपंच सुखदेव साह, कोल इण्डिया के पूर्व महाप्रबंधक अमरेन्द्र झा, शंभ झा , रामविलास रामे समेत अन्य लोगों ने फीता काटकर ढ़लाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर दुर्गा पूजा समिति दुल्लीपट्टी के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मन्दिर ढलाई कार्य में अपना श्रमदान देकर पूण्य के भागी बनने को लेकर लोगों में काफी उत्सकता देखी गई।

## मध्य विद्यालय धवनी में नए प्रधानाध्यापक अख्तर जमा ने पदभार सम्भाला

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत प्रखंड काराकाट के मध्य विद्यालय धवनी के नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक-अख्तर जमा ने शनिवार को अपना पदभार संभाला। विद्यालय के बच्चे ने उनका स्वागत रंगोली बनाकर एंव फुल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया।इसके उपरांत मध्य विद्यालय धवनी के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका-मालती कुमारी के द्वारा बूके देकर सम्मानित किया गया इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिका एंव सचिव-पुष्पा देवी के द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ने कहे की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी विद्यालय में शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो आर्थिक प्रयास रहेगा कि विद्यालय शिक्षा जगत में नाम आगे लेजाकर दिए है। वही मौके पर उपस्थित-पूर्व प्रभारी-मालती कुमारी,विमलेश कुमार, वीणा कुमारी, श्री भगवान



नामांकित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके। साथ ही वर्ग कक्ष में जाकर छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किये। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक लगभग पाँच बर्षो से मध्य विद्यालय बाद मै सहायक पद पर ईमानदारी एंव निष्ठा पुर्वक शिक्षा सिंह, अनिल कुमार पासवान, जैनूल आवेदिन,मो.अब्बास अंसारी,शिक्षा समिति सचिव-पुष्पा देवी, अभिभावक-कुमार विक्की, जयराम दास,राजेंद्र पाल,योगेश्वर पांडे, मुन्ना पांडे, शिक्षा सेवक-बिक्रमा राम एंव सभी छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

## समृद्धि रोजगार मेले में पहले ही दिन मिला 500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

बिहार के युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें आर्थिक दृष्टि से समृद्ध करने हेतु बिक्रमगंज के खैरा-भूधर में समृद्धि रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय रोजगार मेले का उद्घाटन शनिवार को समाजसेवी किरण प्रभाकर ने किया। जिनके प्रयासों से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। पहले ही दिन लगभग 500 अभ्यर्थियों को समृद्धि रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र दिया गया। आपको बता दें कि इस दो दिवसीय मेले में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की पेशेवर लोगों द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन भी किया जा रहा है और देश की कुछ प्रमुख कंपनियां भाग लेकर रोजगार भी दे रही है। उक्त अवसर पर समाजसेवी किरण प्रभाकर ने बताया कि बिहार में नौकरियों की काफी किल्लत है । ऐसे में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए यह मेला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समृद्धि रोजगार मेले ने भारत में नौकरी मेलों के इतिहास में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस रोजगार मेले के पहले दिन साक्षात्कार में भाग लेने वाले लगभग उम्मीदवारों को नौकरी मिल गई। ट्रैवल एंड हॉस्पिटैलिटी, ऑटोमोटिव, एफ एंड बी, कंस्ट्रक्शन, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज, इंजीनियरिंग सर्विसेज, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में फैली 15 कंपनियों ने सेल्स एंड सर्विस, ऑपरेशंस, ब्रांच मैनेजमेंट और बदले में उन्होंने अपने माता-पिता और पूरे बिहार को गौरवान्वित और समृद्ध बनाया है। यह वास्तव में मेरी मातृ भूमि को वापस देने के मेरे अभियान की एक शानदार शुरूआत है और हम अगले साल समृद्धि रोजगार मेला 2024 के साथ वापस



आदि में 500 उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए किरण प्रभाकर ने कहा कि अपने गांव और उसके लोगों को मानचित्र पर लाना मेरा सपना है, और ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि समृद्धि रोजगार मेले के माध्यम से रोहतास जिले के युवाओं के लिए समृद्धि का एक मंच बनाया जाय। मुझे बहुत खुशी है कि आज पहले हीं दिन लगभग 500 छोटे भाई-बहनों को पक्की नौकरी मिल गई आएंगे। उन कंपनियों को मेरा हार्दिक धन्यवाद जो मुझ पर विश्वास करके और यहां के प्रतिभा पर विश्वास करके यहां आईं। वे सभी उपस्थित हुए 100% उम्मीदवारों को भर्ती करके और इस प्रक्रिया में एक रिकार्ड बनाकर हमारे 100% इरादे और प्रयास से मेल खाते थे।मौके पर समाजसेविका किरण प्रभाकर, अवध विहारी शर्मा , मनीष सिंह उर्फ टिल्लू सिंह , नवीन चंद्र साह सहित सैकड़ों की संख्याओं में अभ्यर्थी व स्थानीय जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित थे।

## दो अक्टूबर को 33 वॉ महात्मा गाँधी फुटबॉल टूनार्मेंट का होगा अगाज

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला के राजपुर अंतर्गत दो अक्टूबर को हुसैनाबाद गांव स्थित खेल मैदान पर अकेला बजरंग क्लब के नेतृत्व में 33 वां महात्मा गांधी फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज होगा। जिसका उद्घाटन मैच नोखा बनाम दरिहट एकादश टीम के बीच खेला जाएगा। जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष भाई जयराम सिंह अकेला ने बताया कि विगत 32 साल से गांधी जयंती के अवसर पर गांव के खेल मैदान पर में टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है। गांव व देश में फुटबॉल को जिंदा रखने के लिए 1990 में पथ निर्माण मंत्री तुलसी सिंह व केंद्रीय मंत्री श्रीमती कांति सिंह के मौजूदगी में शुरू हुआ। टूनार्मेंट आज तक अनवरत जारी है जो रोहतास समेत अन्य कई जिलों के लिये उच्चतम रिकार्ड है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन मैच में प्रखंड प्रशासन समेत क्षेत्र के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

## पोषण मेला का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड स्थित बाल विकास कार्यालय में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुषमा भेलरिया टोप्पो ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर मेला का उद्घाटन किया। जिसमें पोषण से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। मौके पर सही पोषण देश रोशन का नारा बुलंद किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह में उत्तम स्वास्थ्य व शरीर के पोषण स्तर को बढ़ावा देने के लिए योगा के बारे में जानकारी दिया गया ।इस कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं को शामिल कर अलग अलग आसन की जानकारी दी गयी। बच्चों को अलग आसन,गर्भवती महिलाओं के अलग आसन और धात्री महिलाओं को अलग आसन की जानकारी दी गयी। इसके अलावा लोगों में जागरूकता लाने के लिए पोषण आहार की भी जानकारी दी गयी। बच्चों व महिलाओं को बताया गया कि नियमित तौर पर यदि योग किया जाए और योगिक आहार लिया जाए इस्तेमाल कर सकते हैं और फिर अपनी उत्पादकता और रचनात्मकता बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है। मौके पर उपस्थित रहे स्वच्छता प्रखंड समन्वयक पंकज



तो शरीर में स्फूर्ति और ऊर्जा बनी रहती है। इस दौरान योग के अन्य फायदे भी बताए गए। जैसे योग से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, प्रतिरोधक क्षमता और डिप्रेशन व अन्य बीमारियों से भी लड़ने में मदद मिलता है। नियमित रूप से योग करने से लोग अपनी ऊर्जा का सही किरण,महिला पर्यवेक्षिका विमला कुमारी, मालती कुमारी,डाटा ऑपरेटर रुक्मणी कुमारी,कार्यालय लिपिक दीपक कुमार,प्रखंड समन्वयक अनुपम कुमार पांडे, कृषि सलाहकार ओमप्रकाश सहित प्रखंड के सभी सेविका उपस्थित थीं।

## किसान के खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ाए पैसे

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के परसथुआ बजार इस्थित एक एटीएम के समीप अज्ञात अपराधियों ने एटीएम कार्ड का हेरा फेरी कर एक किसान के खाते से लगभग 15 हजार रूपए का निकासी कर लिया । पीड़ित किसान ओपी थाना क्षेत्र के सोहसा गांव के नागेंद्र सिंह बताए जाते हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार को किसान नागेंद्र सिंह अपने एटीएम कार्ड का पिन जेनरेट करने के लिए एटीएम के पास गए थे की घात लगाए अपराधियों ने उनके एटीएम का पिन जनरेट करने की बात का एटीएम कार्ड हेरा फेरी कर ली और मौका पा नव दु ग्यारह हो गए। ठीक उसकी थोड़ी देर बाद उनके मोबाइल पर मोबाइल से 15 हजार रुपए निकासी की मैसेज आता है जिसमे उनके दिमाग सन रह गए। इस घटना की जानकारी पीड़िता ने ओपी थाना अध्यक्ष को दी जिसमें थाना अध्यक्ष ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच मे जुट गई है।

## कोचस पीएससी में नीक्षय मरीज को जानकारी दें कराया गया योग

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निक्षय पोषण मित्र योजना के तहत शनिवार को 9 मरीजों को गोद लेकर पोषणयुक्त आहार उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने की। टीबी मरीजों को निक्षय पोषण मित्र योजना के तहत प्रखंड के समाजसेवियों व पीएचसी के स्वास्थ कर्मियो के द्वारा 9 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार (फूड पैकेट) वितरित किया गया। इस निक्षय पोषण योजना के तहत रोगियों को गोद लेने मे निक्षय मित्र डॉ तुषार कुमार पीएचसी कोचस, मतुर रहमान ताज पीएचसी कोचस, सोनू कुमार शर्मा पीएचसी



कोचस, प्रमेद्र कुमार अनु अल्ट्रासाउंड मोहनिया रोड कोचस, डॉक्टर कृष्ण प्रताप सिंह पीएचसी कोचस , डॉक्टर अखिलेश कुमार दीपक , डॉक्टर राजेश्वर सिंह, रजनीकांत भूषण , सिकेन्द सिंह ने एक-एक टीबी मरीजों को गोद लिया व मरीजों को गोद लेकर 1 माह के लिये फूड पैकेट प्रदान किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कोचस प्रखंड के सभी इलारजत टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए अन्य समाज सेवियों से भी निवेदन किया। ये कार्यक्रम भारत सरकार एवं बिहार सरकार के निर्देश के तहत सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ आदि टीबी मरीजो को गोद लेकर 6 माह तक फूड पैकेट दे ने की अपील की। वही डॉक्टर कृष्णा प्रताप सिंह के द्वारा सभी टीबी मारिजो को योगा कराया गया व रोज सुबह योगा करने के लिए जानकारियां दी गई।

## शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक शराबी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ थाना के पुलिस ने शराब पीकर हंगामा कर रहे एक शराबी को बहुआरा गांव से गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि गिरफ्तार शराबी अमरलाल देव थाना सोनकी जिला दरभंगा बताया जाता है। गिरफ्तार शराबी को थाना लाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किया गया,जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार शराबी को मद्ध निषेध अधिनियम के तहत अग्रेषित कार्रवाई हेतु न्यायालय भेजा गया है।

## " मेरी माटी मेरा देश " के तहत एक मुट्ठी मिट्टी किया गया संग्रह

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

नेहरू युवा केंद्र रोहतास (सासाराम) एवं उप डाकघर करगहर के तत्वावधान में शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत एक मुट्ठी माटी करगहर बाजार मे घुम घुमकर संग्रहित किया गया। अमृत कलश में मिट्टी देश की



राजधानी दिल्ली में जाएगा और प्रधानमंत्री जी के द्वारा वीर क्रांतिकारी सपुतों के याद में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। जिसमें देश के सभी पंचायत व गांव के मिट्टी से भारत माता की मुर्ति बनायी जाएगी। इसका नेतृत्व जनार्दन सिंह सेन्ट्रल सासाराम ओवरसियर ने किया। मौके पर मौजूद सत्यप्रकाश सिंह, अनुपम कुमार (प्रशिक्षक) नेहरु युवा केन्द्र रोहतास बच्चा सिंह ,पंकज कुमार प्रियांशु, नीरज कुमार पाण्डेय, जहरून अंसारी, मनोज कुमार, मनीष कुमार, मृत्युंजय कुमार, मुकेश कुमार, रंजन कुमार, विश्वजीत कुमार निखिल कुमार , शमशाद आलम, अजय कुमार सोनी एवं समस्त शाखा डाकपाल तथा युवा उपस्थित रहे।

## एनसीसी केडेटों ने चलाया तुतला भवानी धाम में स्वच्छता अभियान

**दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत शनिवार को मां तुतला भवानी धाम में एनसीसी कैडेटों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस संबंध में राधा शांता महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया की राधा



शांता महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने मां तुतला भवानी धाम में व्यापक रूप में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनसीसी ऑफिसर अक्षय कुमार के नेतृत्व में करीब साठ की संख्या में एनसीसी छात्र एवं छात्राओं ने मां तुतला भवानी धाम के कोने-कोने से प्लास्टिक कचरा को चुनकर डंप किया । मां तुतला भवानी धाम परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को यह संदेश दिया कि हमें प्रकृति के सौंदर्यीकरण को स्वच्छ रखना है ताकी पर्यावरण को बचाया जा सके । जंगल को बचाना है, जहां स्वच्छ समाज से ही स्वच्छ जीवन की परिकल्पना की जा सकती है।

## शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर क्षेत्र के रोतवा गांव स्थित स्टेडियम के पास मंदिर वाले मोड़ से गुप्त सूचना के अधार पर छापेमारी कर बघैला पुलिस ने शनिवार को 50 लीटर देशी शराब के साथ दो धन्धेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि रोतवा गांव निवासी राहुल व दीपू कुमार का बाईक से शराब डिलीवरी देने जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर टीम बनाकर छापेमारी की गई। पुलिस को देख धंधेबाज तेजी से भागने लगा। बावजूद भी घेरकर धर दबोचा गया। धंधेबाज को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है। शराब तस्करी में पुलिस पहले भी इन्हें न्यायालय को सुपुर्द कर चुकी है।

## चेनारी में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, कई उपकरण बरामद

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के केनारखुर्द में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है तथा बनाने वाला कई उपकरण भी बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि नहर के बगीचा में मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन किया गया और भारी मात्रा में हथियार बनाने वाला उपकरण भी बरामद किया गया है। पुलिस जांच कर रही है। अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज भी की गई है। आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। उपकरण समान बरामद में दो कट्टा, हथौड़ी रेती,




पिलाश, पेचकस व गोली सहित हतियार बनाने वाला कई उपकरण भारी मात्रा में बरामद किया गया।

## निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहटा**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत रोहतास के प्रशासनिक भवन में निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास के चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा नगर पंचायत रोहतास के माननीय मुख्य पार्षद व माननीय उपमुख्य और माननीय वार्ड



पार्षदो, पदाधिकरी, सफाई कर्मियों इत्यादि का स्वास्थ जांच किया गया। जांच के उपरांत चिकित्सकीय परामर्श के साथ साथ निः शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में कार्यपालक जया, वार्ड पार्षद अमजद अली खान, मिथुन पासवान, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कुश पासवान, मृत्युंजय सिंह, विनोद गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तोराब नियाजी, इरफान खान व कार्यालय कर्मी अनुभव कुमार सिंह,दिलीप सिंह व ललित पासवान आदि शामिल हुए।

# राधाचरण साह की बढ़ सकती है मुस्किले, 26 साल पुराने फायरिंग मामले में आरा सिविल कोर्ट ने लिया संज्ञान

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

ईडी की गिरफ्त में फंसे जेडीयू एमएलसी की मुसीबत अब बढ़ती नजर आ रही है। टैक्स चोरी और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर पटना के बेउर जेल में बंद जेडीयू एमएलसी राधा चरण साह पर इस बार कई संगीन आरोप लगे हैं। दरअसल 26 साल पुराने मामले में आरा कोर्ट ने एमएलसी राधा चरण साह के खिलाफ संज्ञान लिया है। जिसको लेकर अब आरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संज्ञान लेते हुए मामले की दुबारा सुनवाई का आरा कोर्ट को निर्देश दिया है। जेडीयू एमएलसी राधा चरण साह पर साल 1997 में आरा में समता पार्टी के जुलूस पर फायरिंग करने का आरोप है। 26 साल पहले आरा के नगर थाने में घटी इस घटना में उनके साथ उनके भाई शत्रुध्न और बेटे कन्हैया सिंह पर भी गोलीबारी का आरोप है। जिसको लेकर साल आरा के नगर थाने में 113/1997 केस दर्ज कराया गया था। आरा कोर्ट में एमएलसी के खिलाफ केस करने वाले कॉम्प्लैनेनेट समता पार्टी के तत्कालीन नेता सुरेंद्र सिंह के मुताबिक घटना के बाद पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किए थे। जिसके बाद एमएलसी और अन्य आरोपियों पर जान से मारने और आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन धाराएं लगी थी। लेकिन जेडीयू एमएलसी ने अपने पावर और पैसे के बल पर अपने ऊपर लगे गंभीर धाराओं को हटवा दिया। जिसके बाद आरा कोर्ट ने नवंबर 2022 में मौजूद असंज्ञेय धाराओं के मुताबिक एमएलसी और अन्य आरोपियों के खिलाफ आदेश जारी कर दिया। आरा कोर्ट के इस आर्डर के खिलाफ पिछले महीने पीड़ित समता पार्टी के पूर्व नेता सुरेंद्र सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में रिविजन पेटिशन दाखिल किया था। जिसके बाद जिला जज ने मामले को एक बार फिर जेडीयू एमएलसी राधा चरण साह और अन्य आरोपियों के खिलाफ सभी गंभीर धाराओं के साथ मामले की सुनवाई चल रही थी। केस के कॉम्प्लैनेनेट और वकील के मुताबिक जेडीयू एमएलसी राधा चरण साह ने अपने चुनावी हलफनामे में भी इस केस का जिक्र नहीं किया था। हालांकि हलफनामें में राधाचरण साह ने इस मामले का जिक्र किया गया है। आपको बता दें कि 13 सितंबर को ईडी ने राधाचरण साह को आरा के फार्म हाउस से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर पटना ले गई थी। जिसके बाद उन्हें बेऊर जेल 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अब राधाचरण साह को 11 अक्टूबर तक जेल में रहना होगा।

# तीन दिवसीय 'नया भारत सशक्त भारत" विषय पर चित्र प्रदर्शनी एवं एस. एस. बी. के शहीद जवान नीरज छेत्री बॉलीबॉल टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

***सांसद प्रदीप कुमार सिंह एवं विधायक श्री विजय कुमार मंडल, ने चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का किया उद्घाटन***

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**
30 सितंबर 2023

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय, दरभंगा द्वारा अररिया के सिकटी प्रखंड खेल मैदान में शनिवार दिनांक 30 सितम्बर 2023 को 'नया भारत सशक्त भारत" विषय पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम एवं एस. एस. बी. के शहीद जवान नीरज छेत्री बॉलीबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ 52वीं वाहिनी सशत्र सीमा बल, अररिया के सहयोग से किया गया । चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर मुख्य अतिथि सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह एवं श्री विजय कुमार मंडल, विधायक सिकटी एवं 59वी सशत्र सीमा बल के कमांडड श्री महेन्द्र प्रताप ने संयुक्त रूप से किया गया । इसके बाद जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अररिया के माननीय सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा अनेक किये गये कार्यों को इस प्रदर्शनी में दिखाया गया जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य तथा विदेश नीति की सफलताओं को रेखांकित किया गया है भारत सरकार द्वारा जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं को भी इस प्रदर्शनी में दिखाया गया है। चित्र प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने स्थानीय जनता से अधिक से अधिक संख्या में इसका अवलोकन करने की अपील की। स्थानीय सिकटी विधायक, श्री विजय कुमार मंडल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विगत नौ वर्षो में किये कार्यों को इस प्रदर्शनी में दिखाया गया है, जो सराहनीय एवं सूचनाप्रद है. अपने स्वागत भाषण में एस. एस. बी., अररिया के कमानडेंट श्री महेंद्र प्रताप इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की पूरी रुपरेखा बताते हुए सभी उपस्थित गन्यमान




अतिथियों एवं लोगों का स्वागत किया.सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा बीते नौ वर्षों के दौरान चलाई गईं नीतियों, योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में फोटो, आंकड़ों एवं सूचनाओं के माध्यम से आमजनों को बताना एवं उन्हें जागरूक करना है। साथ ही इसमें जी-20, अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023, लाईफ मिशन एवं आदि विषयों पर भी फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल लोक कला मंच द्वारा लोक नृत्य अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान एस.एस. बी. के बैंड टीम द्वारा बैंड शो प्रस्तुत किया, जो दर्शकों को आनंदित किया.कार्यक्रम स्थल पर सशत्र सीमा बल एवं जागरण कल्याण भारती का स्टॉल भी लगाया गया है।कार्यक्रम के दौरान एस. एस. बी. के उप कमानडेंट, पी. एन. सिंह, उप कमानडेंट उदय कुमार, उप कमानडेंट जोशी सागर प्रदीप और कई अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे.कार्यक्रम में मंच संचालन सीबीसी, दारभंगा के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मिहिर कुमार झा एवं एसएसबी जवान नितिन सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, सीतामढ़ी श्री जावेद अंसारी ने किया इस अवसर पर चित्र राम, गिरजानाथ झा, अमरनाथ झा, ऐश्वर्य कुमार अन्य कर्मचारी उपस्थित थे. फोटो प्रदर्शनी दिनांक 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रहेगा। प्रवेश सभी के लिए निशुल्क है।

# युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने बने सड़क की गुणवत्ताहीन कार्य पर जांच के लिए मंत्री आलमगीर आलम को सौंपा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

खरसावां के पंचगछिया से मौदा तक बने सड़क की सुंदरीकरण कार्य की अनियमिता लापरवाही व गुणवत्ताहीन को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने सड़क की उच्च स्तरीय जांच की मांग के लिए ग्रामीण विकास कार्य मंत्री आलमगीर आलम को ज्ञापन सौंपा है। पत्र में लिखा है।कि खरसावां के बडामशाल रुरुंगलोहर हिंदुसाई मौदा असनतलिया बुडीतोपा गोपीडीह होते हुए जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग से जोड़ती है। खरसावां के मौदा से पंचगछिया तक सड़क का सुंदरीकरण का कार्य अभी बीते कुछ समय उपरांत ही समाप्त किया गया है। परंतु अभी तीन ही महीने बीते हैं। उक्त सड़क की स्थिति दयनिय हो गई है।सड़क टूट चुकी है। साथ ही धीरे धीरे पुलिया भी टूट रही है। जगह जगह गड्ढे हो जाने पर बड़ी दुर्घटना



की आशंका बनी हुई है। जिसकी शिकायत सरायकेला प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सूचित किया था। इस पर अभी तक सरायकेला प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता,एवं कनिय अभियंता द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे साप प्रतीत हो रहा है। कि संवेदक के साथ मिली भगत कर युक्त योजना की लिपा पति करते हुए योजना की राशि का बंदरबांट किया गया है। उक्त सड़क की वास्तुस्थिति की उच्च स्तरीय जांच करते हुए।आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मालूम हो कि इस सड़क की अनियमित लापरवाही एवं गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर विभिन्न ग्रामीण के द्वारा विरोध व बैठक कर विभाग को सुचित किया गया था।परंतु विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का सफल एंजियोप्लास्टी, तबीयत में तेजी से सुधार: रंजीत यादव

***जल्द ही स्वस्थ होकर पूरे आत्मविश्वास और ताकत के साथ वापस लौटेंगे: प्रेम मिश्रा***

**मुंबई।**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर जनाब सैयद शाहनवाज हुसैन जी का सफल एंजियोप्लास्टी हुआ उनकी तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। वे अब जेनरल वार्ड शिफ्ट कर गए हैं। उक्त बातें अररिया लोकसभा के कद्दावर युवा भाजपा नेता रंजीत यादव एवम अररिया भाजपा के चाणक्य के रूप मे चर्चित वरीय भाजपा नेता सह श्री हुसैन के करीबी प्रेम कुमार मिश्रा ने लीलावती अस्पताल मुंबई से इसकी जानकारी दी। नेता दोनों राष्ट्रीय प्रवक्ता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने मुंबई गए हैं। भाई रंजीत एवम प्रेम भाई ने बताया कि जल्द ही स्वस्थ होकर पूरे आत्मविश्वास और ताकत के साथ वे वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि दवा और दुआएं काम आई। वे एक योद्धा हैं, उन्होंने कभी कोई लड़ाई



नहीं हारी है` हमलोग हर पल उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं वे जल्द जल्दी ठीक होकर पूरे आत्मविश्वास और ताकत के साथ वापस लौट आएंगे। रंजीत यादव ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) नेता शाहनवाज हुसैन की ट्यूजडे को लीलावती अस्पताल में सफल एंजियोप्लास्टी की गई. वे मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के बांद्रा स्थित आवास पर प्रतिस्थापित भगवान गणेश के दर्शन करने गए थे. करीब 4.30 बजे शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा पड़ा. इसके बाद आशीष शेलार ने उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया. लीलावती अस्पताल के सीनियर चिकित्सक जलील पारकर ने बताया कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था. शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा पड़ा. इसके बाद डा.सुरेश विजान ने उनकी एंजियोप्लास्टी की. फिलहाल उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है.

# पैर फिसल जाने से बालक नहर में गिरा,हालत गंभीर

***गंभीर हालत में बालक इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना रेफर***

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव में शनिवार की दोपहर पैर फिसल जाने से एक बालक नहर में ज।जा गीरा। इसके बाद वहां मौजूद बच्चों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे नहर से निकलकर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त बालक बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव निवासी धनलाल यादव का 6 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार है। इधर उक्त बालक के रिश्ते में लग रहे दादा विजय कुमार ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह गांव में स्थित नहर के पास कुछ बच्चों के साथ खेलने चला गया था। जहां खेलने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। तभी उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चों द्वारा इसकी सूचना हमलोगों को दी गई। सूचना पाकर हमलोग फौरन वहां पहुंचे और उसे नहर से निकाल कर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटनार पर कर दिया गया।

# आरा सदर अस्पताल में उचक्के ने सुरक्षाकर्मी पर किया जानलेवा हमला,बाल-बाल बचा सुरक्षाकर्मी

***मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उक्त उचक्के को पकड़ सिक्कर से बांधा***

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल परिसर के ओपीडी विभाग के मेन गेट पर शक्रवार की दोपहर उचक्के ने पीछे से एक सुरक्षाकर्मी के गर्दन पर फसली से जानलेवा हमला कर दिया। लेकिन सुरक्षाकर्मी द्वारा गर्दन में लपेटे गमछी के कारण वह बाल-बाल बच गया और किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हो पाई। इसके बाद वह मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों द्वारा उक्त उचक्के को दबोच लिया गया। इसके बाद उसकी पिटाई कर उसे लोहे के सीकर से ओपीडी विभाग के मेन गेट पर बांध दिया गया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। साथ ही उक्त उचक्के को देखने के लिए लोगों की भी काफी भीड़ इकट्ठी हो गई।. जानकारी के अनुसार उक्त सुरक्षाकर्मी आनंद नगर मोहल्ला निवासी गणेश साह है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पकड़ा गया उचक्का नशे की हालत में ओपीडी में आया। तभी वह मौजूद सुरक्षाकर्मी से कहा सुनी हुई।जिसके बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी ने उस उचक्के को बाहर निकाल दिया। इसके बाद उक्त सुरक्षाकर्मी गणेशा साह अपनी ड्यूटी खत्म घर जा रहे थे। जाने के क्रम में वह अपने गर्दन में गमछा लपेट कर सदर अस्पताल में गेट से बाहर लगे ठेले पर डाभ खरीद रहे थे। उसी दौरान वह उचक्का भी वही पर खड़ा था। डाभ खरीदने के दौरान उस उचक्के ने ठेले पर रखा फसुली को उठा पीछे से उनके गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि गर्दन में गमछा लपेटे होने के कारण वह बाल-बाल बच गए और किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हो पाई। इसके बाद वहां मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उस उचक्के को दबोच और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा डायल 112 नंबर पुलिस वाहन को फोन कर बुलाया गया। जिसके बाद डायल 112 नंबर पुलिस वाहन वहां पहुंची और उस उचक्के को अपने साथ ले गई।

# थाना बदले जाने की सूचना पाकर ग्रामीणों के बीच नाराजगी

***नही बदलने को लगाया कई अधिकारियों से गुहार***

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के खिरिमोड थानांतर्गत दहिया पंचायत को नव स्थापित पियरपुरा थाना क्षेत्र में लिए जाने की सूचना पाकर ग्रामीणों के बीच काफी नाराजगी है। उन ग्रामीणों ने शनिवार को कई सम्बंधित अधिकारियों को आवेदन सौंप थाना नही बदलने की गुहार लगाया है। जानकारी के अनुसार पालीगंज अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के दहिया पंचायत पूर्व से ही खिरिमोड थाना क्षेत्र के अधीन है। लेकिन कुछ माह पूर्व खिरिमोड थाना क्षेत्र के पियरपुरा व इमामगंज गांव में नए थाना का उद्घाटन हुआ है। दोनों नए थाना कार्य कर रही है। इसी बीच दहिया पंचायत के ग्रामीणों को सूचना मिली कि दहिया पंचायत को पियरपुरा थाना क्षेत्र में शामिल किया जा रहा है। तब से दहिया पंचायत के ग्रामीणों के बीच नाराजगी है। इस सम्बंध में दहिया पंचायत के पूर्व मुखिया बिनोद कुमार ने बताया कि दहिया पंचायत की दूरी खिरिमोड



थाने से मात्र डेढ़ किलोमीटर है जबकि पियरपुरा थाना की दूरी 10 किलोमीटर है। पियरपुरा थाना कार्यालय पहुंचने के लिए कोई सड़क तक नही है। इस स्थिति में हमारे पंचायत में पुलिस की पेट्रोलिंग नही हो पाएगी। साथ ही ग्रामीणों को भी थाने जाने में काफी परेशानी होगी। वही पूर्व मुखिया संजय यादव ने बताया कि जो प्रशासनिक सुविधाएं इस इलाके के लोगो को मिल रही है वो पियरपुरा ने शामिल किए जाने पर मिल पाना असंभव है। इसलिए ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए दहिया पंचायत को खिरिमोड थाने में रहने देना चाहिए। उपरोक्त बातों पर विचार कर ग्रामीणों ने पालीगंज डीएसपी व पटना के वरीय आरक्षी अधीक्षक सहित कई सम्बंधित अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंप दहिया पंचायत को खिरिमोड थाना क्षेत्र में ही रहने देने की मांग की है मौके पर दहिया पंचायत के सरपंच उदय कुमार, पूर्व मुखिया बिनोद कुमार, पूर्व मुखिया संजय यादव, पंकज कुमार, अमित कुमार, महेश प्रसाद, सहजानन्द सिंह व दीपक कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय नीमडीह में नालसा तथा झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने छात्राओं को बाल विवाह कानून की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चें के मानवाधिकारों का उल्लंघन है ।यह बच्चे के स्वास्थ्य ओर कल्याण पर बेहद हानिकारक




प्रभाव डालता है । इसके अतिरक्त पीएलवी ने कहा कि बाल विवाह कठोर कारावास के साथ दंण्डनीय अपराध है , जो 2 वर्ष तक का हो सकता है , या 1 लाख रुपये तक जुमार्ना या दोनों हो सकता है` इस अवसर पर पुनम महतो , रिया रानी गोराय , नमिता माहिली , सिल्पा महतो , प्रगति महतो सुषमा महतो आदि उपस्थित हुए ।

# अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के तत्वावधान में विस्थापित 1 अक्टूबर से राजभवन के लिए करेगी पैदलयात्रा

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 30 अक्टूबर 2023 : अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के तत्वावधान में 1 अक्टूबर रविवार से चांडिल डैम के विस्थापितों ने अपना अधिकार के लिए 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना स्थल चांडिल से राजभवन रांची तक का सैकड़ो विस्थापितों द्वारा विशाल "पदयात्रा" की प्रारंभ होगी। इस पदयात्रा में शामिल विस्थापितों की पहली रात्रि विश्राम 1 अक्टूबर को नागासेरेंग हाई स्कूल में, 2 अक्टूबर को रात्रि विश्राम रामपुर नामकुम में एवं 3 अक्टूबर को नामकुम से राजभवन रांची को पदयात्रा की अंतिम पड़ाव होगी। 3 अक्टूबर की कार्यक्रमों में 84 मौजा के 116 गांवों के चांडिल डैम विस्थापितों ने अपने अधिकारों के लिए अपनी मांग पत्र के साथ एक दिवसीय सत्याग्रह धरना-प्रदर्शन करेंगे। अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने कहा कि आज एक शतक दिवस के संवैधानिक धरना प्रदर्शन के बावजूद भी विस्थापितों के अधिकार के लिए कोई सरकारी पदाधिकारी सकारात्मक वार्ता के लिए सामने नहीं आए इसके कारण आज हमें पदयात्रा एवं सत्याग्रह धरना प्रदर्शन जैसे जोखिम भरे कार्यक्रमों को सरकार के सामने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को मनवाने का प्रयास करेंगे। विस्थापितों के 10 सूत्री मांगें 1.21 फरवरी 1981 ज्ञापन संख्या -796 बिहार सरकार सिंचाई विभाग द्वारा विशेष मापदंड एवं प्रक्रिया का निर्धारण कंडिका 2 (ए),(च) में अंकित नुसार प्रत्येक विकास पुस्तिका में विस्तापित परिवार को सरकारी नौकरी दिया जाए। अथवा उच्चतम न्यायालय द्वारा 8 फरवरी 2017 को मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर परियोजना के प्रत्येक विस्थापित परिवार के लिए 60 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश के तर्ज पर चाण्डिल डैम विस्थापितों को आज के महंगाई अनुसार मुआवजा दिया जाए। 21 फरवरी 1981 ज्ञापन संख्या-796 बिहार सरकार सिंचाई विभाग द्वारा विशेष मापदंड एवं प्रक्रिया का निर्धारण 2 (ग) में अंकितनुसार प्रत्येक विस्थापित परिवार को 25 डिसमिल जमीन दिया जाना था, पर पुनरीक्षित पुनर्वास नीति 2012 के प्रवधानों (कडिका- 5.1 (क) के अनुसार अब 12.5 डीसमिल दिया जाना है, जिसे पुनः 25 डीसमील किया जाए। 84 मौजा 116 गांव का रिसर्वे किया जाए एवं ईचागढ़ प्रखण्ड के उदल-बान्दू पंचायत के जामदोहा गांव को आधार बनाकर 2014 तक 18 वर्ष पूरा होने वाले सभी विस्थापितों के नाम विकास पुस्तिका निर्गत किया जाए। 21 फरवरी 1981 ज्ञापन संख्या-796 बिहार सरकार सिंचाई विभाग द्वारा विशेष मापदंड एवं प्रक्रिया का निर्धारण कंडिका-3 में अंकितनुसार विस्थापित एवं सरकार के बीच सांमजस्य स्थापित हेतु समन्वय समिति परियोजना का गठन किया जाए एवं उस समिति में अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच को भी रखा जाए। 21 फरवरी 1981 ज्ञापन संख्या-796 बिहार सरकार सिंचाई विभाग द्वारा विशेष मापदंड एवं प्रक्रिया निर्धारण कंडिका-4 में अंकितनुसार पुनर्वास के लिए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया जाए एवं पूनर्वास स्थल पर बसाए गए सभी विस्थापित परिवारों को जमीन का पट्टा दिया जाए। चाडिल डैम द्वारा विस्थापन के बदले मिले मुआवजा, दिया गया नौकरी, निर्गत किया गया विकास पुस्तिका, पुनर्वास पैकेज, एवं पुनर्वास स्थल पर आंवटित किया गया प्लॉट का सीबीआई जाँच हो। जब तक विस्थापित अपना मूल विस्थापित गांव में निवास कर रहे हैं, सभी विस्थापित गांव एवं परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलें एवं सभी विस्थापितों को खतियान के समतुल्य एक विशेष पहचान पत्र दिया जाए।

# पीरो शहर में रविवार को ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो नगर क्षेत्र में रविवार को पूरे दिन विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। इस संबंध में दक्षिण बिहार पावर होल्डिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने विधिवत सूचना जारी की है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को पीरो नगर के मां पीटन देवी मंदिर के पास एलटी पोल लगाने का काम होना है। जबकि भट्ठी पुल के पास एलटी तार लगाया जाना है। इस कारण पीरो टाउन फीडर सुबह 5 बजे से शाम 7 बजे तक बंद रहेगा। वहीं जितौरा व अगिआंव बाजार फीडर से भी आधा घंटा विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । वैसे मौसम को देखते हुए कार्य स्थगित किए जाने या समय परिवर्तन होने पर फीडर से विद्युत आपूर्ति के समय में बदलाव संभव है। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को असुविधा से बचने के लिए आपूर्ति बंद होने की पूर्व सूचना जारी की है।

# जनता दरबार में चार मामलों का किया गया निष्पादन।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में शनिवारी बैठक के तहत जनता दरबार का आयोजन प्रभारी अंचलाधिकारी रितिका कृष्णा एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा नेतृत्व में किया गया। जनता दरबार



में चरपोखरी अंचल क्षेत्र के अलग-अलग गांव के चार मामलों का निष्पादन किया गया।चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि चार मामले थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए थे। जिन्हें जमीन संबंधी मामले का दोनों पक्ष के सहमति पर मामले का निष्पादन किया गया।वहीं थाना क्षेत्र के गड़हनी अचल से दो मामले का निष्पादन किया गया।इस मौके पर राजस्व कर्मचारी सहित विभिन्न गांव से आए बड़ी संख्या मे फरियादी उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का धरना दूसरे दिन जारी।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी**

भोजपुर जिले में आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका एवं सहायिका का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को दूसरे दिन भी चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर जारी रहा। सरकारी कर्मी का दर्जा दिए जाने वेतन में वृद्धि सहित 20 सूत्री मांगो को लेकर आंगनबाड़ी के कर्मियों ने धरना का कार्यक्रम जारी रखा।इस कार्यक्रम में भाकपा माले के कार्यकताओं ने भी मांगों का समर्थन करते हुए धरना कार्यक्रम में शामिल हुए।जिसमें अंचल सचिव महेश प्रसाद,मकबूल आलम,रामेश्वर प्रसाद सहित कई लोग शामिल है वहीं आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं में सुमित्रा कुमारी ने अध्यक्षता किया।इस मौके पर चिंता कुमारी,मनी कुमारी,बृजमनो कुमारी, चंद्रावती देवी, किरण सिंह, रितु कुमारी,सोनी कुमारी,मनीषा चौरसिया,काजल कुमारी, प्रियंका देवी,उषा कुमारी सहित दर्जनों सेविका सहायिका शामिल थी।

# पालिगंज में स्नान करने गया युवक नदी में हुआ लापता, खोजबीन जारी

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ शनिवार को खिरिमोड थाना क्षेत्र के इमामगंज बाजार के पास लोआई नदी में स्नान करने गया युवक नदी में ही लापता हो गया। जिसकी खोजबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को इमामगंज गांव



निवासी सुरेश गुप्ता के 22 वर्षीय पुत्र राकेश गुप्ता बाजार के समीप लोआई नदी में स्नान करने गया था। जहां वह नदी के गहरे पानी मे जाने से लापता हो गया। वही नदी किनारे उसकी खड़ी साइकिल को देख लोग उसकी खोजबीन शुरू कर दिया। वही सड़क पर जुटी भीड़ के कारण अरवल जहानाबाद मुख्य सड़क जाम हो गया। काफी मशक्कत के बाद कोई पता नही चला। वही मामले की जानकारी पाकर इमामगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर खोजबीन शुरू किया। लेकिन जब कोई पता नही चला तो पुलिज ने इसकी सूचना एसडीआरएफ को दिया। वही सूचना पाकर एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर खोजबीन शुरू किया। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी शनिवार की देर शाम तक कोई पता नही चला।

इस मामले में इमामगंज थानाध्यक्ष दीपू मंडल ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम देर शाम तक काफी खोजबीन किया इसके बावजूद भी कोई पता नही चल पाया है। अगले दिन भी खोजबीन किया जाएगा।

# आगामी 1 अक्टूबर को परिषद द्वारा चलाई जाने वाले स्वच्छता अभियान पर बैठक में हुई चर्चा

**अररिया।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का एक बैठक स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में आगामी 1 अक्टूबर को परिषद द्वारा चलाई जाने वाले स्वच्छता अभियान पर चर्चा की गई. वैठक को संबोधित करते हुए परिषद की पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर




एमपी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्र हित के साथ-साथ समाज हित के लिए कार्य करके आया है. इसी क्रम में कल दिनांक 1 अक्टूबर को परिषद द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. स्वच्छता कार्यक्रम स्थानीय महिला महाविद्यालय परिसर के प्रारंभ किया जाएगा. स्वच्छता अभियान कार्यक्रम 9:00 बजे दिन से प्रारंभ होगा इस अवसर पर नितिशकुमार, सौरव कुमार, रूपेश कुमार, विजय कुमार, सोनू कुमार, पंकज कुमार, निखिल कुमार, फैजल आलम, छोटु शर्मा आदि शामिल थे.

# जोकीहाट पुलिस ने भगवानपुर में छापेमारी कर कोरेक्स की 313 बोतल किया जप्त

**जोकीहाट ।**

जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा गुप्त जोकीहाटसूचना के आधार पर नशे के विरुद्ध अभियान के तहत ग्राम भगवानपुर में छापेमारी कर कोरेक्स की 313 प्रत्येक 100 एम एल बोतल और अल्प्राजोलम टैबलेट के 141 डब्बे के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

# आँगन बाडी केन्द्रों पर लटके ताले अनिश्चित काल हड़ताल पर गई सेविका सहायिका

**समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ शैलेश कुमार तिवारी**

गोपालगंज (बिहार) गोपालगंज जिला के कटेया प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने अनिश्चितकाल हड़ताल के लिए बैठक की जिसकी, अध्यक्षता प्रखंड सेविका सचिव मंजू देवी ने की इस अवसर पर प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका बैठक मे उपस्थित रही बैठक में बिहार राज्य संयुक्त संघर्ष समिति पटना के द्वारा 29 /9 /2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना संघर्ष समिति पटना द्वारा समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार पटना मुख्य सचिव पटना प्रधान सचिव पटना आईसीडीएस पटना को सादर समर्पित है। वहीं, निर्णय लिया गया की शुक्रवार के दिन कार्यालय पहुंच कर कार्यालय में इस आशय की सुचना दे दी जाएगी। आज से सभी आंगनबाड़ी सहायिका सेविका अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगी, वही प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि जब



तक सरकार सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं देती है और सभी मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक हम सभी सहायिका और सेविका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे ' अनिश्चितकालीन हड़ताल में प्रखंड कटेया के कुमारी मंजू, मन्दा देवी, ममता देवी, अनिता देवी, सिता देवी, प्रियंका देवी सरोज देवी, संतू देवी, लक्षमीना देवी के साथ साथ दर्जनों सेविका सहायिकाओं ने भाग लिया

सेविका सहायिका का कहना है कि सरकार अगर हमारी बातों पर गौर नहीं करती हैं तो मजबूरन हम लोगों को सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होना पडेगा'

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक आयोजित कर एफएलसी के संबंध में दी गई जानकारी

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में एफएलसी के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई की दिनांक 01.10.23 से 19.10.23 तक पूर्वाहन 09:00 बजे से संध्या 07:00 बजे तक एफ.एल.सी. कार्य का निष्पादन किया जायेगा। एफएलसी अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त तकनीकि दल द्वारा निर्वाचन




उपकरणों की कार्यक्षमता की जॉच की जायेगी। पुलिस बल और दण्डाधिकारी वर्णित अवधि में प्रतिनियुक्त रहेंगे। लाईव वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गई है। उक्त वर्णित कार्य को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा देखा जा सकता है। मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिकस गैजेट्स किसी भी परिस्थिति में ले जाने की अनुमति नही है। एफ.एल.सी. कार्य का पर्यवेक्षण जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# हमारे राजनेता परिवार की पुश्तैनी संपत्ति में बेटियों को हिस्सा भले ही न दे, राजनीतिक संपत्ति में वे बेटियों के साथ बेईमानी नहीं करते हैं, लक्ष्मी सिन्हा

**समाज जागरण जिला के ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

बिहार (पटना) समाजसेवीका श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा ने एक कार्यक्रम के संबोधन में कहां की पहले राजनेताओं के उलटे-पुलटे और उत्तेजना पैदा करने वाले बयानों को पढ़- सुनकर आम लोगों को लगता था कि यह सभी उनके हित के लिए हो रहा है। लेकिन अब सबको पता चल गया है कि उनकी आधारभूत आवश्यकताओं पर पर्दा डालने और उनके ध्यान हटाने के लिए हमारे राजनेता ऐसा करतब करते-करते हैं। ये कभी सदन में तो कभी सड़क पर उत्तेजित करने वाले भाषण देते हैं। बयान देते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर बहस करते हैं। ताजा उदाहरण एक कविता पर छिड़ा हुआ विवाद है। इस पर कई दलों के नेता कागजी तलवार लेकर हवा में भज रहे हैं। साहित्य से जुड़े लोग भी आश्चार्ज में हैं कि भले चंगे घर बैठे इन नेताओं को कविता से इतना जबरदस्त लगाव कैसे हो गया



है। राजनेताओं में भी एक से एक कवि हुए हैं। लेकिन, अब की पीढ़ी में तो यह दुर्लभ है। अच्छी बात यह है कि बिना पढ़े-लिखे लोग भी इतनी बात समझ ही गए हैं कि यह वोट के लिए किया जा रहा है। मतदाताओं की पीढ़ी बदली है। आगे श्रीमती सिन्हा ने कहा कि साथ में जाती आधारित राजनीतिक के बारे में समझ भी विकसित हुई है। समझा यही की जाति की राजनीति का लाभ प्रथमतः और अंततः उसे जाति के नेता के परिवार को ही मिलती है। विधानसभा या लोकसभा की सीट भी जाति के दूसरे नेताओं को तभी दी जाती है, जब परिवार के सभी सदस्यों का कोटा पूरा हो जाता है। ऐसी समझ बनने का कारण भी है, क्योंकि राज्य में ही ऐसे कई उदाहरण भरे पड़े हैं। हमारे राजनेता परिवार की पुश्तैनी संपत्ति में बेटियों को हिस्सा भले ही न दें, राजनीतिक संपत्ति में वे बेटियों के साथ बेईमानी नहीं करते हैं। जरूरत इस बात की है कि जनता को लाभ पहुंचाने वाले मुद्दों के बदले उत्तेजना पैदा करने वाले नेताओं के बारे में आम लोग थोड़ा गहराई से विवेचन करें। ये नेता उस पार्टी में भी हैं, जिसके आप समर्थक हैं। उनके भी हैं, जिनके आप विरोधी हैं। यह आपकी जाति के हैं और धर्म के भी हैं।

# किशनगंज मुख्यालय स्थित अंबेडकर टाउन हॉल के समीप वार्ड सदस्यों की अधिकारों में कटौती के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**राहुल कुमार, किशनगंज**

किशनगंज शहर के अंबेडकर टाउन हॉल के समीप बिहार प्रदेश वार्ड सदस्य संघ के आहवाहन पर ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों की अधिकारों में कटौती के खिलाफ वार्ड सदस्य महासंघ किशनगंज के बैनर तले किशनगंज जिले के वार्ड सदस्यों ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना- प्रदर्शन किया। वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष मो शाकिर आलम की अध्यक्षता में अपनी नौ सूत्री मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन में मौजूद सभी प्रखंड के वार्ड सदस्यों ने जमकर बिहार सरकार के खिलाफ जमकर विरोध करते हुए नारेबाजी की। धरना में मौजूद वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो. शाकिर आलम ने बताया कि 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है. 9 सूत्री मांगों में मुख्य तौर पर नियमवाली 2017 के तहत वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के खाता में सात निश्चय पार्ट टू का रुपया सीधे वार्ड के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाए। इसके अलावा वार्ड सदस्यों को प्रत्येक माह 500 रूपया टीए दिया जाता है लेकिन काफी समय से लंबित है। जिसकी जांच कर उचीत कार्यवाही किया जाए तथा प्रत्येक माह वार्ड सदस्यों को दस हजार रूपया दिया जाए। वहीं अन्य मांगों



में वार्ड सदस्यों को सांसद एवं विधायक, विधान परिषद की तर्ज पर पेंशन दिया जाए, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन वर्तमान समय में चार सौ रूपया है जिसे बढ़ाकर एक हजार रूपया किया जाए, कन्या विवाह की राशी वर्तमान में पांच हजार रूपया है जिसे बढ़ाकर पचीस हजार रूपया किया जाए और तीस दिन के अंदर लाभुक के खाते में पैसा भेजा जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशी वर्तमान में बारह हजार रूपया है जिसे बढ़ाकर पचीस हजार रुपया किया जाए। धरना प्रदर्शन में किशनगंज प्रखंड अध्यक्ष मो शाकिर आलम, पोठिया प्रखंड अध्यक्ष मो करीम, दिघलबैंक प्रखंड अध्यक्ष तहजीब आलम, टेढ़ागाछ प्रखंड अध्यक्ष असर जहां, ठाकुरगंज प्रखंड अध्यक्ष सरफराज आलाम, कोचाधामन प्रखंड अध्यक्ष सवर आलम, बहादूरगंज प्रखंड अध्यक्ष अली हरमुज, किशनगंज प्रखंड जिलाध्यक्ष नूर वारिस, जिला प्रभारी मो शाकिर, जिला मीडिया प्रभारी उमर फारूक सहित सैकड़ों की संख्या में वार्ड सदस्य उपस्थित थे. सचिव उमर फारूक, प्रखंड कोषाध्यक्ष अलीम अख्तर, प्रखंड उपाध्यक्ष महबूब, उपमुखिया मंजर आलम, उपमुखिया पिंकी देवी, उपमुखिया सुमन देवी सहित बड़ी संख्या में वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# न्यायालय परिसर में स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**विरेन्द्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

उच्च न्यायालय, पटना एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के अनुपालन में दिनांक - 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान ह्लस्वच्छता ही सेवा- 2023ह्व के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज द्वारा शनिवार को स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही जागरूकता रैली भी निकाली गई` उक्त जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज मदन किशोर कौशिक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा स्वच्छता पर विशेष जोड़ देते हुए कहा की आस पास साफ सफाई रखने से एक स्वच्छ समाज का निर्माण होता है।

इस जागरूकता कार्यक्रम में कुमार गुंजन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम , बिपिन कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, विवेक भारद्वाज, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ, राघवेन्द्र नारायण सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकार, ओम शंकर, सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकार , किशनगंज एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयं सेवक तथा व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# गोपालगंज-बिहार- महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर पुरा देश सफाई अभियान में भाग लेकर देगा उन्हें स्वच्छांजली

**समाज जागरण**

गोपालगंज बिहार शनिवार सुबह दस बजेए पूरे जिला में चलेगा सफाई अभियानए लाखों लोग करेंगे योगदान. महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर पूरा देश सफाई अभियान में भाग लेकर देगा उन्हें स्वच्छांजलि. ए क अक्टूबर, दस बजे, एक घंटा अभियान के अंतर्गत लोग अपने गांव के चिह्नित स्थान पर सफाई अभियान में भाग लेंगे।

महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से एक दिन पूर्व आज पूरे देश भर में एक अक्टूबर दस बजे एक घंटा श्रमदान द्वारा सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। इसके अंतर्गत संपूर्ण जिला में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोग सफाई अभियान में योगदान देंगे तथा महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि देंगे। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ग्राम पंचायतों में इसके लिए स्थल का चयन किया गया है। लोगों को इसमें भाग लेने पिछले एक सप्ताह से जन.जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार तथा आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन गत 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक के लिए किया जा रहा है ।इसमें सभी विभागों द्वारा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी की कड़ी में देश को कचरा मुक्त बनाने के लिए 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक घंटा श्रमदान द्वारा सफाई अभियान पूरे देश में सभी विभागों के सहयोग से चलाया जाएगा ।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान कचरा प्रबंधन, अपने घर एवं गांव को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त बनाए रखने के प्रति जन.जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जिला से हजारों से संख्या में लोगों ने भाग लिया है ।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में एक अक्टूबर दस बजे एक घंटा अभियान का संचालन किया जाएगा। इसके लिए श्रमदान स्थलों का चयन किया गया है । प्रति ग्राम पंचायत ऐसे श्रमदान स्थल की संख्या 2-5 है अमूमन हर गांव में एक स्थल चिह्नित किये गये हैं। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम वेबसाइट पर स्थल का पंजीकरण कराया है कोई भी व्यक्ति स्वच्छता ही सेवा की वेबसाइट पर जाकर श्रमदान के लिए अपने आसपास की जगह जो सुविधा के अनुकूल होकर वहां पहुंच कर श्रमदान कर सकते हैं। वेबसाइट पर गूगल मैप पर श्रमदान स्थल चिह्नित हैंए उस स्थल पर श्रमदान आयोजन के लिए जिम्मेदार संयोजक का फोन नंबर से भी दिया गया हैए जिससे संपर्क किया जा सकता है।

श्री अभिषेक रंजन, भा0प्र0से0, उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गोपालगंज द्वारा बताया कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में एक अक्टूबर को सुबह दस बजे श्रमदान के लिए जिले मे 1349 स्थल स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर चिह्नित किये गए हैं। पूरे जिला में एक साथ अभियान चलेगा । इसमें अपनी स्वेच्छा से सहयोग करने एवं तथा अपने गांव एवं मोहल्ला के किसी एक स्थल को स्वच्छ बनाने में जागरूक करने के लिए लोगों को उत्प्रेरित किया जा रहा है।

**आज सुबह दस बजे यहां चलेगा सफाई अभियान**

गांवों में जहां भी कूड़ा कचरा का ढेर होए वहां सफाई अभियान चलाकर साफ किया जाएगा। गांव के धार्मिक ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्व के स्थल सार्वजनिक स्थल, बस स्टैंड चौक.चौराहा, रेलवे स्टेशन, हाट - बाजार इत्यादि जगह पर श्रमदान का आयोजन होगा। ग्रामीण चाहें तो स्वेच्छा से एकजुट होकर अपने गांव बस्ती या मोहल्ले में कहीं भी सफाई अभियान चलाकर स्वच्छांजलि दे सकते हैं।

जिला प्रखंड मुख्यालय एवं शहरी क्षेत्र में भी अभियान चलेगा, इसके लिए कार्यक्रम स्थल चिह्नित किये गए हैं।

श्रमदान के लिए स्थल की जानकारी ऐसे लें स्थल का पता देखने के लिए स्वच्छत ही सेवा डॉट काम पर जाएं । वहां गूगल मैप पर अपने नजदी की श्रमदान स्थल का चयन करें । प्रखंड कार्यालय स्थित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं । अपने ग्राम पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक या मुखिया से भी इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**श्रमदान में लोग अपने साथ लाएं**

श्रमदान स्थल पर प्लास्टिक की बोतल बंद पानी नहीं लाना है । प्रशासन द्वारा अपील की जा रही है कि श्रमदान वाले स्थल पर लोग घर से पानी लेकर पहुंचे ताकि वहां कचरा न फैले । श्रमदान के लिए झाड़ू भी अपने साथ लाना है

श्रमदान का फोटो होगा भी होगा अपलोड श्रमदान के लिए चिह्नित स्थल पर सफाई अभियान के संचालन के समय की फोटो कार्यक्रम समन्वयक द्वारा खींची जाएगी तथा स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

# बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा का भव्य रूप से हुआ स्वागत

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता कन्हैया खंडेलवाल**

कहलगांव( बिहार) विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा के द्वारा भारत वर्ष के शहर तथा ग्रामीणों के बीच संदेश दिया जा रहा है कि हजारों लाखों हिंदुओं के बलिदान के बाद अयोध्या में हमारे पूर्वज भगवान श्री राम के राम मंदिर निर्माण से संबंधित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर हिंदू भाइयों के बीच ज्यादा से ज्यादा संख्या में अयोध्या आने का निमंत्रण दिया गया साथ ही बजरंग दल के प्रांत संयोजक रजनीश जी ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से देश के हर हिंदुओं को संगठित किया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में कहलगांव में बजरंग दल के शौर्य जागरण यात्रा का भव्य स्वागत किया गया यात्रा का नगर भ्रमण मोटरसाइकिल जुलूस और सैकड़ो कार्यकताओं एवं राम भक्तों के नगर भ्रमण करते हुए कहलगांव एलसीटी घाट स्थित जागेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण परिसर में पहुंचा जहां सभा का आयोजन किया गया जिसमें बजरंग दल के प्रांत संयोजक रजनीश कुमार ने बताया कि लगातार हिंदू परिवार व्यवस्था पर हो रहे चहुंतरफा प्रहारों तथा लव जिहाद लैंड जिहाद व धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए हिंदुओं को धर्मो रक्षति रक्षितः का संदेश देते हुए संगठित होने का संदेश दिया साथ ही यह भी बताया कि पिछले 2500 वर्षा से भारत का विभाजन होता रहा है सन 1947 के पहले हमारे देश के 23 विभाजन हो चुके है 1947 का विभाजन 24 वां विभाजन था सन 1857 से 1947 अर्थात 90 वर्षा के भीतर ही अंग्रेजो दारा भारत के 7 विभाजन किये गये, 1857को भारत वर्ष का क्षेत्रफल




83 लाख वर्ग किलोमीटर था ओर वर्तमान भारत का क्षेत्रफल 33 लाख वर्ग किलोमीटर है भारत से अलग हुए नौ पड़ोस देशो ( अफगानिस्तान म्यांमार श्रीलंका बमा नेपाल तिब्बत भूटान पाकिस्तान बांग्लादेश ) का क्षेत्रफल 5 लाख वर्ग किलोमीटर है अंग्रेजो 1947 तक 7 टुकडे भारत के अलग कर दिए थे सन 1947 मे पाकिस्तान को भारत से अलग किय बाद मे 1971 मे पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग हुआ, हमारे देश को 14 अगस्त 1947 की मध्य रात्रि को आधी-अधूरी आजादी मिली है हमें भारत को पुणः हिंदू राष्ट्र बनाना है क्योंकि भारत पूर्व से हिंदू राष्ट्र था हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र ही रहेगा और बताया की आज का युवाओं को नशा आदि कुचक्र से बचते हुए खुद में शौर्य जगाते हुए बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ लेकर हिंदु विरोधी ताकते एवं विभिन्न सनातन विधर्मियों से संबंधित समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाया जाएगा। ईस बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा से देशभर में ब्लॉक स्तर पर निकालकर युवा पीढ़ी को विशेष रूप से जोड़ा जा रहा हैं। विहिप अपने बाल संस्कार केंद्रों के विस्तार के साथ गीता व रामायण आदि की परीक्षाएं भी आयोजित करेगा। इस शोभा यात्रा में बजरंग दल के रजनीश कुमार प्रान्त संयोजक बजरंग दल साहिल सत्यम तिलकामांझी शौर्य जागरण यात्रा प्रमुख सूरज प्रताप जिला संगठन मंत्री भागलपुर आनंद दुबे रितेश कुमार, भूपेश कु,सुमन सागर जिला सहमंत्री कुंदन कुमार जिला सहसंयोजक मुनिलाल, दीपक सिंह, आनंद दुबे, वीरेंद्र पंडित, सूरत कुमार सिंह, गोपाल जोशी पुरुषोत्तम जोशी जयप्रकाश जोशी श्याम सुंदर जोशी, विजय कुमार, प्रिंस कुमार शाह, शिवलाल सिंह, कुंदन कुमार, गोपीकुमार , अविनाश कुमार, विजय कुमार, मनमोहन कुमार, गुड्डू सहनी, सूरज जयसवाल कृष कुमार विकास शुक्ला कमल नयन चौबे दीपक कुमार अजय सहनी, सावन कुमार, संतोष सहनी, सोनू कुमार, नितेश कुमार, शिवम सिंह, छोटू सहनी, अविनाश कुमार हिमांशु शेखर सुमित सहनी चंदन सहनी कमलनयन चौबे अमन मिश्रा कुमार सानू राम कुमार सक्षम कुमार आनंद कुमार सौरभ कुमार केशव कुमार आकाश गुप्ता श्यामलाल शाह महेश कुमार बादल पीयूष कुमार सहित कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र के पीरपैंती सनहौला और कहलगांव से पधारे प्रतिनिधियों समेत सैकड़ो कार्यकर्ता सहित सैकड़ो आम जनता उपस्थित थे। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कहलगांव नगर इकाई के प्रचार प्रसार प्रमुख कन्हैया खंडेलवाल ने दी है।

# शांति सद्भाव भाईचारे के साथ मनाया जाएगा दुर्गा पूजा का त्यौहार, पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव

**समाज जागरण**

भागलपुर /नाथनगर( बिहार)काफी दूरदूर से लोग दुर्गा पूजा देखने यहाँ पहुचते है ।चूंकि नाथनगर सिटीयस मैदान में भव्य तरीके से रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण का मुखड़ा दहन देखने पहुचते है ।जिला प्रशासन व तमाम थानाध्यक्षों के द्वारा सख्ती के साथ ला एंड ऑर्डर का पालन किया जाता है। जिससे किसी भी त्योहार पर शांति व्यवस्था देखने को मिलता है। पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव कहते हैं कि अहम रोल जिला प्रशासन के साथ साथ समिति के तमाम सदस्य का रहता है ।जिससे कि हम तहे दिल से सभी को धन्यवाद करते हैं। कोई भी समस्या हो किसी भी मेडपति को वो सूचित करे ।ताकि उन परेशानी का हल निकाला जा सके ।वही पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव ,महामंत्री देवाशीष बनर्जी, संरक्षक भावेश यादव ,अशोक राय ,अमरकांत मंडल,



रॉकेट कुमार, राजेंद्र लाल, शिव शंकर सिंह, शंकर चौधरी ,अभिनंदन यादव, दिलीप मालाकार, चंदन मिश्रा ,जियाउर रहमान, निजात अंसारी, मुन्ना खान, मोहम्मद सिकंदर सभी दुर्गा पूजा त्योहार पर शांति सद्भाव भाईचारा का मिसाल कायम करते हैं । जिला प्रशासन काफी भरपूर सहयोग मिलता है। भागलपुर दुर्गा पूजा देखने के लिए सुल्तानगंज, अकबरनगर, तारापुर, असरगंज , शाहकुड ,जगदीशपुर ,रजौन, बांका ,शंभूगंज ,कटिहार, गोपालपुर, कहलगांव इन सभी जगह से काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

# दो अज्ञात अपराधियों पर मुकादम दर्ज

**समाज जागरण**

भागलपुर/पीरपैंती (बिहार) थाना क्षेत्र के हिरानंद निवासी ऋषिकेश तिवारी द्वारा पीरपैंती थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया की दो अज्ञात लोगों ने शाम लगभग 7 बजे शादीपुर नहर के पोखर के पास बीच रास्ते पर बाइक लगा रखा था, जब उनको बोला भैया थोड़ा बगल हो जाईये हमको आगे जाना हैं तो इतने में उनलोगों ने पिस्टल सटा कर मारपीट कर दिया और पैकेट में रखा सत्रह सौ पचास रुपये निकाल लिया और एक चांदी और एक सोने की अंगुठी था ले लिया और धमकाते हुए कहा यहाँ से चुपचाप सीधे घर चले जाओ होशियारी करने की कोशिश मत करना कवही ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि पीरपैंती थाना में अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई हैं कपीरपैंती थाना अध्यक्ष ने अज्ञात अपराधियों पर कानूनी कार्यवाही करने स्वशासन दिया हैं क

## मेरे गली में जो सड्क नाला का निर्माण जो देख रहे है,वो पर्व पार्षद हंगल बाबू का देन है

**समाज जागरण**

भागलपुर( बिहार ) समाजिक स्तर पर अपने वार्ड में जनता की समस्या को हल करने का काम नगर निगम तिलकामाझी 32नंबर वार्ड के पूर्व वार्ड पार्षद प्रसेनजित कुमार सिंह उर्फ हंसल सिंह है ।लोगो को विकास व अन्य सार्वजनिक कार्य के लिए अपने दरबार खुले रखते है ।हर जरूरतमंद लोगो तक हर संभव मदत पहुंचाने का काम कर रहे है ।कई वार्ड के ही गणमान्य लोग कहते है ये जो हमारा गली देख रहे है,वो पूर्व वार्ड पार्षद हंसल बाबू का देन है । उनके हटने के बाद ना तो



सफाई होती है ना ही लाइट ठीक होती है, ना ही कोई पार्षद प्रतिनिधि नजर आते हैं दुर्भाग्य है इस वार्ड का जो हम लोगों ने ऐसे पार्षद को खो दिया , दिन भर रोड पे मिल जाते थे , अब तो हमलोगों को पार्षद को खोजना पड़ता है तब जा कर उनके प्रतिनिधि से मुलाकात होती है'

## आठ केद्रो पर शनिवार को दोपहर 12:00 बजे से शुरू हुई बीपीएससी की परीक्षा, केंद्र में प्रवेश करने से पहले हुई जांच

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) जिले में शनिवार को बीपीएससी की परीक्षा आयोजित हुई' परीक्षा की पहली पाली में दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित होगी, परीक्षा को स्वच्छ व निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर, बांका के डीएम अंशुल कुमार ने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए, परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले सभी परीक्षार्थी की सगन जांच की गई, परीक्षार्थी परीक्षा के लिए



9:30 में केंद्र में प्रवेश शुरू कर दिया गया, वही जानकारी एवं अन्य सूचना के लिए अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है !

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि कार्यक्रम की गई आयोजित

**समाज जागरण**

भागलपुर/पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के बलदेव तिवारी आदर्श मध्य विद्यालय, कामतटोला में फोकल शिक्षक शिवनाथ रविदास उर्फ. चहकनाथ भागलपुरी के दिग्दर्शन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता हेतु घोषित एक घंटा श्रम दान की स्वच्छांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। सब लोग दैनिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए। साथ ही सितम्बर महीने के आखिरी पाँचवें बैगलेसडे सुरक्षित शनिवार में वैयक्तिक स्वच्छता और संक्रामक बीमारियों से बचाव के तरीके बताए गए। बच्चों ने खेल-खेल में जीवंत गतिविधियों से अभिनय करके सुमनके सूत्र से



शारीरिक स्वच्छता के सरल उपाय सीखे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य-संगीत, गीत-भजन, कविता-पाठ आदि भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ओमराम, हेगुरु, बोलोबम, लक्ष्मी, आदित्य, मनीष, अंकित, गुंजा, राधा, स्नेहा, अभिषेक आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही इस अवसर पर प्राध्यापक अम्बिका मंडल, मीरा कुमारी, प्रीति कुमारी, डौली कुमारी, बबिता देवी, उपेन्द्र मंडल, उमेश सिंह आदि मौजूद रहे ।

## नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर भाजपा परिवार मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान करेंगे।

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार)भाजपा परिवार मिलकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर 1 अक्टूबर सुबह 10 बजे से 1घंटे के लिए स्वच्छता के लिए श्रमदान कर गांधी जी को स्वच्छंजली दिया जायेगा।भाजपा भागलपुर के द्वारा शहर के महापुरुषों के स्मारक का स्वक्षता अभियान कार्यक्रम तय किया गया है ।चंद्रशेखर आजाद, श्री संतोष कुमार जी भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भगत सिंह श्री दीपक सिन्हा सैनिक प्रकोष्ठ अग्रसेन महाराज श्री अश्वनी जोशी जी शहरी निकाय प्रकोष्ठ दीपनारायण सिंह -श्री निरंजन चंद्रवंशी जी विजय मित्रा मंडल अम्बेडकर चौक श्री संजय हरि जी एवं श्री नंद किशोर हरि जी सुभाष चौक श्री आशीष सिंह जी चंपानगर मंडल सुभाष चंद्र बोस :- श्री सुधीर भगत जी डाटा संग्रह प्रमुख तिलकामांझी चौक श्री प्रतिक आनंद जी (तिलक मांझी मंडल वीर कुंवर सिंह चौक - श्री सुनील सिंह जी सबौर मंडल सरदार पटेल श्री चंदन ठाकुर जी युवा मोर्चा स्वामी विवेकानंद :-श्री सोमनाथ शर्मा जी क्रीड़ा प्रकोष्ठ सागवाड़ीसे अलीगंज सफाई :-श्रीमती आरती यादव जी महिला मोर्चा महादेव तालाब श्री पंकज गुप्ता जी ईश्वरनगर मंडल अध्यक्ष

## बीएसएफ मना रहा है, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं 01 से 02 अक्टूबर को बनाएगा विशेष स्वच्छता दिवस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सीमा सुरक्षा बल परिसर खगड़ा कैंप क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज में गृह मंत्रालय के दिशा निर्देश एवं बीएसएफ किशनगंज के डीआईजी इस ऑल के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में किया जा रहा दिनांक 01 एवं 02 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के उपलक्ष में मेगा प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों एवं सरकारी संस्थानों के छात्र भी भाग लेंगे। साथ ही पास के गांव के स्थानीय जनसंख्या भी इस कार्यक्रम में भाग लेगी। यह कार्यक्रम स्वच्छता दिवस के महत्वपूर्ण संदेश को साझा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा और साथ ही उन्हें इसके महत्व को समझाने का मौका मिलेगा। स्वच्छता दिवस के मौके पर बीएसएफ में स्थित मुख्यालय 17, 75, 132 वाहिनी के अधिकारीगण एवं कार्मिक सहित क्षेत्र मुख्यालय किशनगंज के अधिकारीगण एवं जवान हिस्सा लेंगे। साथ ही इस मुख्यालय की सभी सीमा चौकियों पर भी स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा।

# विमेंस कॉलेज मधेपुरा में स्वच्छता ही सेवा है अभियान का हुआ आयोजन

## *गोद लिए गए साहुगढ़ पंचायत के तीन वार्ड :डॉ.जूली ज्योति*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।** विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 2 मधेपुरा बिहार में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई ,द्वितीय इकाई एवं तृतीय इकाइयों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान का आयोजन प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निदेर्शानुसार गोद लिया गया गांव साहूगढ़ पंचायत 02 भतुराम टोला वार्ड नंबर 6 भातुटोला वार्ड नंबर 7 एवं लाहरी टोला में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रथम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी एवं तृतीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रविंद्र कुमार ने स्वयं को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया कि मै स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगी और उनके लिए समय दूंगी हर वर्ष 100 घटें हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगी आदि स्लोगन बुलवाकर शपथ दिलाया गया इसके पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी ने स्वयंसेवियों के साथ गोद लिए गए वार्ड में गली-गली साफ सफाई का काम किया और झाडू लगाकर पूरा वार्ड की सफाई की कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार राजदीप कुमार कालिंदी कोमल पूनम कुमारी एवं स्वयंसेविक मौसम कुमारी निधि



स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक तथा पहले से जमा कूरा कचरा को साफ करते हुए ग्रामीणों को अस्वच्छता से फैलने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और ग्रामीणों को भी शपथ दिलाया कुमारी मनीषा कुमारी छाया कुमारी मुस्कान कुमारी वर्षा कुमारी प्रिया कुमारी रूपा कुमारी सुष्मिता कुमारी साक्षी कुमारी अंशु कुमारी निशा कुमारी लक्ष्मी कुमारी मनीषा कुमारी रवैया परवीन संगम कुमारी पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

# नारी सशक्तिकरण में मिशाल कायम करेगी लायंस क्लब फेमिना : डॉ. अनिता

## *लायंस क्लब फेमिना निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिकाः अग्रणी घोष*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा** जिले में महिलाओं को जागरूक करने सहित सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लायंस क्लब फेमिना का गठन किया गया। गठन के बाद लायंस क्लब फेमिना की पहली बैठक शहर के होटल आनंदा में हुई। महिलाओं के लिए बने क्लब की पहली बैठक की अध्यक्षता फेमिना क्लब की नव मनोनित अध्यक्ष अग्रणी घोष ने की।बैठक में लायंस क्लब मधेपुरा के एक्सटेंशन प्रेसि-डेंट डॉ. दिलीप कुमार सिंह और इंद्रनील घोष ने नव मनोनित सदस्यों को क्लब के कार्यों और सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल संस्था है इससे जुड़कर समाजसेवा का काम करने से खुद को अच्छा लगता है। बैठक की अध्यक्षता करते अग्रणी घोष ने कहा कि जिले के लिए गौरव की बात है कि सामाजिक स-रोकारों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए नारी शक्ति ने भी कमान संभाल ली है। उन्होंने कहा कि खासकर महिलाओं को सशक्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को कौशल निर्माण करने सहित अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में लायंस क्लब फेमिना काम करेगी। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को लायंस क्लब फेमिना का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम होना है। संस्था की सचिव डॉ. कुमारी अनिता उर्फ डॉली ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए महिलाओं को जागरूक करने में संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इंस्टॉलेटेशन प्रोग्राम में लायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। मौके पर चंदा कुमारी, सारिका कुमारी, आरती घोष, पुष्पा झा, रोजी कुमारी, रोमा प्रियदर्शी, शिवानी



कहा कि फेमिना जिले में मिशाल कायम करेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही महिलाएं एक मंच पर जिले के विकास पर चर्चा कर उसे आगे बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि इंस्टॉलेशन के बाद क्लब विधिवत रूप से काम शुरू करेगी। उन्होंने सभी सदस्यों का परिचय कराया। संस्था की कोषाध्यक्ष प्रो. भारती कुमारी ने कहा कि अग्रवाल, शिवांगी गुप्ता, वंदना कुमारी, रूबी कुमारी, संजन सिंह सहित अन्य मौजूद थी। बैठक में सभी सदस्यों ने लायंस क्लब के एक्सटेंशन प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप कुमार सिंह, समाजसेवी चंद्रशेखर कुमार और गाइडिंग लायन इंद्रनील घोष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनलोगों के कारण ही फेमिना का गठन हो पाया है। इस अवसर पर डॉ.

# विश्वविद्यालय की टीम ने किया यू भी के कॉलेज कड़ामा का निरीक्षण

*कॉलेज में छात्रोपस्थिति एवं वर्गोपस्थित देख पदाधिकारी हुए अचंभित*

*प्रयोगशाला एवम स्मार्ट क्लास में छात्र छात्राओं को किया संबोधित*

**वाणिज्य संकायों के छात्र छात्राओं का लिया ऑनलाइन स्मार्ट बोर्ड पर लिया गया क्लास*

*इंडोर स्टेडियम एवम शौचालय की स्वक्षता से हुए प्रभावित, अपडेटेड कैश बुक पर दिया फीड बैक,बताए यही है संस्थान की पारदर्शिता।प्रधानाचार्य डा. माधवेन्द्र झा को बताया तपस्वी एवम युग पुरुष**

**दैनिक समाज जागरण पुरैनी।** भुपेंद्र नारायण मंडल विश्व विद्यालय मधेपुरा के वाणिज्य संकाय के डीन एवम विश्व विद्यालय के वरिष्ठ प्राचार्य डा अशोक कुमार सिंह कुलपति भू ना मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा एवम शिक्षा विभाग पटना के त्वरित निदेश के आलोक में महाविधालय जॉच करने पहुंचे। मौके पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देकर प्रधानाचार्य डा माधवेन्द्र झा भी शिक्षा विभाग पटना से मुख्यालय पहुंच चुके थे। टीचर एटेंडेंस,छात्रएटेंडेंस , लीव अकाउंट रजिस्टर, लेखा



पंजी, भंडार पंजी, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, रीडिंग हाल इंडोर स्टे-डियम, आई टी सेल,कंप्यूटर लैब, एंटी रैगिंग सेल, प्लेसमेंट सेल, आई क्यू ए सी, कैंटीन एवम स्मार्ट क्लास में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति से रोमांचित हुवे तथा स्मार्ट क्लास में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुवे कहा कि बिहार के इस उत्कृष्ठ श्रेणी के महाविधालय की चर्चा विश्वविद्यालय में पूर्व से सुनते रहा हूं लेकीन आज मुझे विभाग द्वारा यह सुनहरा अवसर निरीक्षण के क्रम आज देखने को मिला है जिसकी आज मैं एक शिक्षक होने के नाते भूरी भूरी प्रशंसा इसलिए भी करना चाहता हूं कि अन्य महाविधालय भी प्रेरणा लें। यह अच्छी बात है कि इस महाविधालय की तरह अन्य महाविधालय को भी अपनी उत्कृष्टता की पहचान स्थापित कर नेक से एक्र-िडेशन करा लें। समय का अभाव है तथा दो और महाविधालय की जॉच करनी है अन्यथा एक शिक्षक के नाते भर दिन छात्र छात्राओं के साथ समय बिताता। उन्होंने छात्र छात्राओं को आश्वस्त किया कि मै व्यक्तिगत रूप से सप्ताह में दो दिन ऑनलाइन क्लास में भाग लूंगा जिस-की सराहना छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी कर रहे हैं।

# "01 अक्टूबर को पूरे जिले में चलेगा सफाई अभियान"

**दैनिक समाज जागरण अररिया।** महात्मा गाँधी की जयंती 02 अक्टूबर 2023 से एक दिन पूर्व जिले भर में 01 अक्टूबर 2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन में एक घंटा श्रमदान कर सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। इसके तहत संपूर्ण जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोग सफाई अभियान में योगदान देंगे तथा महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देंगे। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ग्राम पंचायतों में इसके लिए स्थल का चयन किया गया है। लोगों को इसमें भाग लेने हेतु पंचायतों में पिछले एक सप्ताह से जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है।इस क्रम में श्री संजय कुमार, उप विकास आयुक्त, अररिया के नेतृत्व में दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10.00 बजे से 01 घंटे का श्रमदान कार्यक्रम "कचरा मुक्त भारत (Garbage Free India )" बनाने हेतु समाहरणालय परिसर अररिया में अभियान का संचालन किया जायेगा, जिसमें जिला स्तर के सभी पदाधिकारी / कर्मी भाग लेंगे। श्रीमती सोनी कुमारी, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अररिया द्वारा बताया गया कि "जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम वेबसा-ईट पर स्थल का पंजीकरण अगर कराया हो तो कोई भी व्यक्ति स्वच्छता ही सेवा की वेबसाईट (swachhatahiseva.com) पर जाकर श्रमदान के लिए अपने आस-पास की जगह हो तो सुविधा के अनुकूल वहाँ पहुँच कर श्रमदान कर सकते हैं। वेबसाइट पर गूगल मैप पर श्रमदान स्थल चिन्हित है, उस स्थल पर श्रमदान आयोजन के लिए जिम्मेदार संयोजक का फोन नंबर भी दिया गया है, जिससे संपर्क किया जा सकता है। श्री विनय कुमार झा, जिला समन्वयक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अररिया के द्वारा बताया गया कि "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का संचालन लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान, कचरा प्रबंधन, अपने घर एवं गाँव को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त बनाए रखने के प्रति जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जिला से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी "स्वच्छता ही सेवाह्व कार्यक्रम अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन 723 राजस्व ग्राम में जनप्रतिनिधि, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं ग्रामवासी के सहयोग से किया जायेगा। जिसमें आमजनों के द्वारा अपने घरों को कचरा मुक्त एवं स-ार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की जायेगी। धार्मिक, ऐतिहासिक, स-ांस्कृतिक महत्व के स्थल सार्वजनिक स्थल, बस स्टैंड, चौक-चौराहा, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार इत्यादि जगहों पर श्रमदान का आयोजन किया जायेगा।

# बी एन एम यू कर्मचारियों के साथ वीसी ने की बैठक ,सबके प्रयास से आगे बढ़ेगा विश्वविद्यालय : कुलपति

## *विश्वविद्यालय हम सबों का है और इसके विकास की जिम्मेदारी भी हम सबों की है*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।** विश्वविद्यालय हम सबों का है और इसके विकास की जिम्मेदारी भी हम सबों की है। सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रयास से ही विश्वविद्यालय का समग्र विकास होगा। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे शनिवार को केंद्रीय पुस्तकालय सभागार (ओल्ड कैम्पस) में आयोजित तृतीय वर्गीय कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय में नियम-परिनियम के अनुरूप कार्य संचालन सुनिश्चित किया जाएगा और सभी समस्याओं का विधिसम्मत समाधान करने की कोशिश की जाएगी। वे स्वयं विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों, सभी स्नातकोत्तर विभागों एवं सभी महाविद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करेंगे। हर जगह की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उसका समुचित समाधान करने का प्रयास करेंगे। कुलपति ने सभी कर्मियों को निदेशित किया कि ससमय कार्यालय आएं और सभी कार्य समय पर पूरा करने का प्रयास करें। इस बात का विशेष ख्याल रखें कि किसी भी विद्यार्थी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। कुलपति ने कहा कि वे उच्च शिक्षा विभाग से



बात कर वेतन भुगतान से संबंधित समस्याओं का समाधान कराएंगे। विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। दोनों कैम्पस में मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था बहाल की जाएगी। इसके पूर्व कुलपति ने बारी-बारी से सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। कर्मचारी नेताओं ने कुलपति का स्वागत किया। और उन्हें विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ. राजकुमार सिंह, वित्त पदाधिका-री अरुण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्र-क शशिभूषण, उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव, शंभू नारायण यादव, डॉ. राजेश्वर राय, अखिलेश्वर नारायण, संजीव कुमार, चंद्र किशोर गुप्ता, अमित कुमार, विनय कुमार सिंह, संतोष कुमार, हिरेंद्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, राजकुमार, चंदेश्वरी यादव, बिमल कुमार, राजेश कुमार, बिमल किशोर बिमल, पवन हरिजन, अवनीत कुमार, वैभव कुमार, विनय कुमार, अमित कुमार, नमन कुमार, सिड्डू कुमार, सुधीर कुमार, डॉली कुमारी, प्रियंका कुमारी, बबीता कुमारी, रामनारायण कौशिक, हामिद रजा, विश्वनाथ साह, अभिनंदन चौधरी, दिनकर कुमार, विवेकानंद भारती, यतेंद्र कुमार मुन्ना, शशि कुमार यादव उपस्थिति थे।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

*पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने भव्य उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए खेल प्रेमियों का तहेदिल से अदा किया शुक्रिया*

*अंडर 11 आयु वर्ग के बच्चे बच्चों का शतरंज प्रतियोगिता आज से शुरू*

*बास्केटबॉलः- बालिका वर्ग में विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम पूणिया एथलेटिक्स एकादमी खराब मौसम होने के कारण परिणाम नहीं निकला*

**दैनिक समाज जागरण पूणिया।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य आगाज के साथ दूसरे दिन पनोरमा स्पोर्ट्स ई होम्स पूर्णिया में बैडमिंटन बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल के मैच खेला गया। खराब मौसम के कारण सभी मैच नहीं खेला जा सका। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि खराब मौसम को देखते हुए आउटडोर गेम्स बैडमिंटन , बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल तत्काल स्थगित कर दिया गया है। इंडोर गेम में शतरंज, टेबल टेनिस प्रतियोगिता चलती रहेगी।

**मैच परिणाम**

बैडमिंटनः- अंडर 16 आयु वर्ग बालक में अभिषेक कुमार एकलव्य ने किशोर कुमार एकलव्य को 21-06,21-11 से हराया। रौशन कुमार एकलव्य ने सुधांशु कुमार सेंट मोसेस स्कूल को 21-07,21-03 से हराया।

वॉलीबॉल :- अंडर 16 आयु वर्ग में बालक में डी ए पी एस सुदीन चौक ने सेंट थॉमस मुंशी बारी को 20-13 से हराया।

डी ए भी स्कूल ने सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम को 15-08 से हराया।

बालिका वर्ग में:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा ने सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम को 20-15 से हराया।

बैडमिंटनः- अंडर 16 बालिका वर्ग में सुनिधि भारती सेंट पीटर्स स्कूल इंग्लिश मीडियम ने नैंसी राय विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने




21-03,21-07 सीधे सेटों में हराया।

बास्केटबॉल अंडर 16 बालक वर्ग में विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 30-08 से हराया।

बालिका वर्ग में विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने डी ए भी स्कूल को 27-0 से रौंदा। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन आयोजन समिति सदस्य श्री मिथिलेश राय, सुनील सुमन, हरिओम झा मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, अब्बू आलम, एस एस चटर्जी नुटू दा, एम एच रहमान, अजीत सिंह, रीना बाखला, एस एस सिंह गुड्डू, एस एस प्रसाद पिंटू,, इरशाद आलम , बिमल मुकेश, प्रमोद पंसारी, खुशी कुमारी, अनुराधा कुमारी, प्रभारी प्राचार्य श्री दिवा कांत झा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, सैदय जब्बार हुसैन, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, मौ एजाज अहमद, डा आलोक कुमार सिंह, राणा प्रताप सिंह, विक्की, पुनित कुमार सिंह,अमृत साजन, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, रितेश कुमार झा, सेंट मोसेस स्कूल के प्राचार्य , सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम के प्राचार्ज सिस्टर बंदिता, स्कूल निदेश-क निलेश, मुरारी झा, तौफीक आलम, अमित लकड़ा, रमण मंडल, पटनायक आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ स्थान से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है:डॉ. भगवान कुमार मिश्र

## *घर से लेकर सार्वजनिक स्थान तक को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**

राष्ट्रीय सेवा योजना तीनों इकाई द्वारा मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा बिहार के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान के तहत उप प्राचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर मिश्रा ने



अपने संबोधन में कहा स्वच्छता अति आवश्यक है। घर से लेकर सार्वजनिक स्थान तक को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ स्थान से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद शोएब आलम ने कहा स्वच्छता से मनुष्यों का मिजाज मस्तिक साफ और शांत रहता है। यह तभी होता जब वातावरण शुद्ध और साफ रहता है। वही कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार ने कहा स्वच्छता में देवी देवता एवं लक्ष्मी का भी निवास होता है। कार्यक्रम में उपस्थित मधेपुरा कॉलेज परिवार के शिक्षक शिक्षिका कर्मचारी गण एवं स्वयंसेवी चंचल कुमारी साजन कुमारी गुड़िया कुमारी जबरन खातून आशियाना परवीन अंकित राज आदित्य कुमार इत्यादि मौजूद थे ।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 13 केन्द्रों पर एकीकृत 69वीं0 संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**

अररिया में कदाचारमुक्त वातावरण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 13 केन्द्रों पर आज बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित एकीकृत 69वीं० संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा 12.00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की गई, जिसमें 4668 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1032 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। परीक्षा को लेकर सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी -सह-प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी -सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी नियमित रूप से सक्रिय रहें।

# समाजसेवी संजय मिश्रा की बहन उर्मिला झा का निधन,जिले में शोक का माहौल

## *90 वर्षीय समाजसेविका बहन उर्मिला थी एस डी एम ग्रुप के डायरेक्टर संजय मिश्रा की सबसे बड़ी बहन*

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।**

समाजसेवी संजय मिश्रा के परिवार के सबसे बड़ी बहन निधन की खबर से नगरपरिषद सहित जिले भर में गहरा दुःख और शोक का माहौल बना हुआ है।इस दुखद घड़ी में श्री मिश्रा ने शव यात्रा के दौरान भावुक स्वर में कहा बहना कुछ दिन पहले ही कलाई में राखी बांधकर लंबी उम्र का आशीर्वाद दी थी।लेकिन पता नहीं था इतनी जल्दी साथ छोड़ दोगी।शायद ईश्वर को यही मंजूर था।बस परमात्मा से प्रार्थना अपने श्री चरणों में स्थान दे। ॐ शान्ति बताते चले कि 90 वर्षीय उर्मिला, संजय मिश्रा की सबसे बड़ी बहन थीं, उनके निधन ने खरहिया बस्ती मिश्रा परिवार सहित जिले भर को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके पति, रिटायर्ड पंचायत सेवक भोला नाथ झा, रमई निवासी हैं। समाजसेवी संजय मिश्रा और मिश्रा परिवार के प्रियजनों के द्वारा इस दुखद घड़ी में दिवंगत उर्मिला के आत्मा की शांति की प्रार्थना किया जा रहा है।

# कुलपति की अध्यक्षता में सभी प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित

## *सत्र नियमित करना हम सबों की जिम्मेदारी*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक स्तर पर पहली बार सीबीसीएस प्रणाली पहली बार लागू हुई है। इसलिए इसमें थोड़ी परेशानी हो रही है। लेकिन हम सबों को मिलकर सभी परेशानियों को दूर करना है। सीबीसीएस को सफल बनाना है और इसे सही तरीके से क्रियान्वित करना है। यह बात कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे शनिवार को सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि राजभवन द्वारा चार वर्षीय स्नातक (सीबीसीएस) में नामांकन, पर-ीक्षा एवं परिणाम का कैलेण्डर बना हुआ है। कैलेंडर के अनुसाश्र बीएनएमयू थोड़ा पीछे है। लेकिन शीघ्र ही सभी कुछ नियमित हो जाएगा। कुलपति ने बताया कि बीएनएमयू प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकित सभी विद्यार्थियों का कक्षारंभ हो गया है। शीघ्र ही दूसरी सूची जारी होगी। 15 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। 2-6 नवंबर तक सीआईए की तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। दिसंबर में फाइनल परीक्षा होगी। कुलपति ने बताया कि सीबीसीएस के अंतर्गत तीस अंकों की आंतरिक परीक्षा होगी। इसमें पंद्रह अंक टेस्ट, दस अंक असाइनमेंट/ सेमिनार/क्विज प्रेजेंटेशन और पांच अंक उपस्थिति पर दिए जाएंगे।

**सीबीसीएस लागू**

कुलपति ने कहा कि स्नातक स्तर पर सीबीसीएस पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसके मुताबिक सभी विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम और शुल्क सामान होगा। चार वर्षीय कोर्स 8 सेमेस्टर का है और इसके लिए 160 क्रेडिट तय किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा। छात्रों को अंतिम वर्ष के सातवें सेमेस्टर में पहुंचने तक 7.5 सीजीपीए प्राप्त करना होगा।




कुलपति ने कहा कि तीन वर्षीय कोर्स करने के बाद डिग्री मिल जाएगी। चौथे वर्ष में पढ़ना अनिवार्य नहीं है। बीच में पढ़ाई छोड़ने पर भी विद्यार्थियों को यथोचित स-र्टिफिकेट मिलेगा। 3 साल का स्नातक करने वालों के लिए पीजी दो वर्ष का होगा। 4 वर्षीय कोर्स करने वालों के लिए पीजी एक वर्ष का ही होगा। रिसर्च में भी सुविधा होगी।

**विद्यार्थियों को अपनी मनपसंद पाठ्यक्रम चुनने की आजादी देता है सीबीसीएस**

कुलपति ने कहा कि मेजर, माइनर और स्कील इन्हांसमेंट कोर्स एवं वेल्यू एडेड कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सभी प्रधानाचार्य विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दें और पंजीयन के समय सही से विषय भरना सुनिश्चित करा लें।

**विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद है सीबीसीएस**

कुलपति ने बताया कि सीबीसीएस कोर्स करने से विद्यार्थियों को कई फायदा होगा। विद्यार्थी अपनी पसंद से जो भी विषय पढ़ना चाहें, उस-का चयन कर सकते हैं। इस कोर्स के तहत जो अंक प्राप्त होंगे, वह ग्रेड के रूप में होंगे। विद्यार्थियों को प्रत्येक साल 2 एग्जाम देने होंगे इस कारण विद्यार्थी अच्छे से पढ़ेंगे। इसके अंतर्गत मूल्यांकन भी बहुत बेहतर से किया जाएगा। कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेशित किया कि वर्ग-तालिका के अनुरूप सभी विषयों की कक्षाएँ सुनिश्चित कराएं और कक्षाओं में विद्यार्थियों की शत- प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव प्रयास करें। नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन होगा, तो शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच संवाद कायम होगा। इससे संस्थान में अच्छा शैक्षणिक माहौल बनेगा और अधिकांश समस्याओं का स्वतः समाधान हो जाएगा। कुलपति ने कहा कि एक भी विद्यार्थी आए, तो भी कक्षा ली जाए। इससे विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक संदेश जाता है। दूसरे विद्यार्थी भी कक्षा में आने हेतु प्रेरित होते हैं। यदि कम विद्यार्थी आने पर कक्षा नहीं ली जाती है, तो इससे विद्यार्थियों के बीच नकारात्मक संदेश जाता है।

**एनईपी पर हो कार्यशाला**

कुलपति ने कहा कि सभी पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक एनईपी की समुचित जानकारी प्राप्त करें। सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी अरूण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक शशिभूषण, उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, प्रो. (डा.) कैलाश प्रसाद यादव, प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, डॉ. अरविन्द कुमार, प्रो. (डॉ.) संजीव कुमार, प्रो. (डॉ.) यू. एस. चौधरी, प्रो. (डॉ.) डी. एन. साह, डॉ. जवाहर पासवान, डॉ. माधवेन्द्र झा, डॉ. जयदेव प्रसाद यादव, संजय कुमार, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव आदि उपस्थित थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का सफल एंजियोप्लास्टी, तबीयत में तेजी से सुधारः रंजीत यादव

## *जल्द ही स्वस्थ होकर पूरे आत्मविश्वास और ताकत के साथ वापस लौटेंगेः प्रेम मिश्रा*

**दैनिक समाज जागरण मुंबई।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर जनाब सैयद शाहनवाज हुसैन जी का सफल एंजियोप्लास्टी हुआ उनकी तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। वे अब जेनरल वार्ड शिफ्ट कर गए हैं। उक्त बातें अररिया लोकसभा के कद्दावर युवा भाजपा नेता रंजीत यादव एवम अररिया भाजपा के चाणक्य के रूप मे चर्चित वरीय भाजपा नेता सह श्री हुसैन के करीबी प्रेम कुमार मिश्रा ने लीलावती अस्पताल मुंबई से इस-की जानकारी दी। नेता दोनों राष्ट्रीय प्रवक्ता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने मुंबई गए हैं। भाई रंजीत एवम प्रेम भाई ने बताया कि जल्द ही स्वस्थ होकर पूरे आत्मविश्वास और ताकत के साथ वे वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि दवा और दुआएं काम आई। वे एक योद्धा हैं, उन्होंने कभी कोई लड़ाई नहीं हारी है` हमलोग हर पल उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं वे जल्द जल्दी ठीक होकर पूरे आत्मविश्वास और ताकत के साथ वापस लौट आएंगे। रंजीत यादव ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शाहनवाज हुसैन की ट्यूजडे को लीलावती अस्पताल में सफल एंजियोप्लास्टी की गई. वे मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के बांद्रा स्थित आवास पर प्रतिस्थापित भगवान गणेश के दर्शन करने गए थे. करीब 4.30 बजे शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा पड़ा. इसके बाद आशीष शेलार ने उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया. लीलावती अस्पताल के सीनियर चिकित्सक जलील पारकर ने बताया कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था. शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा पड़ा. इसके बाद डा.सुरेश विजान ने उनकी एंजियोप्लास्टी की. फिलहाल उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है.

## जिला चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी मुदार्बाद के लगे नारे

अनूपपुर। जिला मुख्यालय अनूपपुर वार्ड नं. 12 अमरकंटक रोड निवासी जितेंद्र पाण्डेय की पत्नी ममता पाण्डेय उम्र 45 वर्ष को अचानक तबियत खराब होने पर दोपहर 3 बजे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहाँ मरीज को सही इलाज न मिलने के कारण रात 7 बजे मौत हो गई। मरीज 3 बजे से भर्ती थी, लेकिन एक भी डॉक्टर शाम 7 बजे तक एक भी बार मरीज को देखने नही आए। जबकि शाम 4 बजे से मरीज की तबियत ज्यादा खराब हो गयी थी। जब ड्यूटी डॉक्टर को मरीज को देखने के परिजनों ने मिन्नत की तो ड्यूटी डॉक्टर ने यह कहकर परिजनों को भगा दिया कि मेरी ड्यूटी नीचे है। ऊपर जाकर मरीज को नही देखूंगा। मैनेजमेंट से जाकर बात करो जहाँ शिकायत करना हो कर दो मेरा कुछ नही होने वाला है।

डॉक्टर की लापरवाही सही समय



पर पर्याप्त इलाज न मिलने के कारण महिला की मौत हो गई। मौत के बाद जब परिजनों ने हंगामा करने शुरू किया तो सीएमएचओ व सिविल सर्जन अस्पताल पहुँचे और लापरवाही करने वाले डॉक्टर के खिलाफ पांच सदस्यीय टीम बनाकर जांच के बाद कार्यवाही की बात कही। मृतिका के परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ अस्पताल चौकी में लिखित शिकायत की हैं। विवाद बढ़ता देख कोतवाली से पुलिस बल बुला लिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से प्रतिदिन मौत हो रही हैं। अभी भी परिजनों के मांग पर पांच डॉक्टर की टीम ममता पांडे का पीएम कर रही हैं। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मिडवे ट्रीट में परोस दिया कॉकरोच

अनूपपुर। जिले के किरर घाटी में स्थित मिड वे ट्रीट में खाने में कॉकरोच परोस दिया गया। जिसका फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो गया हैं। बताया जा रहा कि मिड वे ट्रीट में एक व्यक्ति खाना खाने गया था। तभी उसे खाने में कॉकरोच दिखा। जिसकी शिकायत उसने मिड वे ट्रीट के मैनेजर से की।

आपको बता दे की देश विदेश से हर साल हजारों पयर्टक सड़क मार्ग से मध्यप्रदेश घूमने आते हैं। नेशनल और स्टेट हाइवे पर दौड़ते वाहनों में बैठे पर्यटकों को कई बार 100-100 किलोमीटर दूर तक बेहतर भोजन और सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए म.प्र. राज्य पर्यटन निगम ने इसको लेकर



मार्ग सुविधा केन्द्र (मिडवे ट्रीट) खोली है। यहां गुणवत्ता विहीन खाना दिया जा रहा है और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं।

खाना खाने आए विवेक जोठे ने बताया कि वह अपने स्टाफ के साथ खाना खाने आए थे। तभी उनके खाने में कॉकरोच था। जब इसकी शिकायत उन्होंने वहां काम कर रहे कर्मचारियों से की उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह से खाना देकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत हैं

## वरिष्ठ परीक्षण सहायक रामायण शुक्ला का विदाई समारोह सम्पन्न

चचाई ।30 सितंबर 2023 को वितरण केंद्र चचाई में पदस्थ वरिष्ठ परीक्षण



सहायक श्री रामायण प्रसाद शुक्ला जी का अधिवार्षिकी आयु 40 वर्ष पूर्ण होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे यू के गुप्ता कनिष्ट अभियंता, बी पी तिवारी वरिष्ट परीक्षण सहायक, रमेश तिवारी, गंगा प्रसाद राठौर, लवकुश पटेल परीक्षण सहायक, सुखपर्णु प्रजापति लाइन परिचारक, अनिल सिंह, बृजेंद्र द्विवेदी,आलोक राय, मनोज सिंह एवम समस्त आउटसोर्स कर्मचारी भी उपस्थित रहे

## छीरापटपर के जंगल में रोड पार करते दिखे सैकडो चीतल,अक्सर होते दुर्घटना के शिकार,अनेको वार सुझाव के बाद भी नहीं हो पा रहा इंतजाम

अनूपपुर/शहडोल -अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर जंगल में अक्सर सैकड़ो की संख्या में चीतलो का समूह देर रात जंगलों से निकलकर आसपास के गांव में खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाते सुबह होने पर वापस जंगल की ओर फिर से मुख्य मार्ग पार कर जाते हैं जिससे आए दिन तेज गति से चलने वाले वाहनों की चपेट में आकर वन्यप्राणी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं,विगत शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात्रि छीरापटपर जंगल के समीप सैकड़ो की संख्या में चीतलो का समूह बघमडिया के जंगल पहाड़ की ओर से मुख्य मार्ग को पार कर वकान नदी की ओर तेजी से दौड़ते-भागते जाते दिखे यह नजारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ने अनूपपुर निवासी मो,रईस खान की जमुडी स्थित फार्म हाउस के किचन में छिप कर बैठे पांच फीट लंबे धामन सांप का देर रात रेस्क्यू कर रात में ही स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ने जाते एवं लौटते समय कई अलग-अलग समूहों में सैकड़ों की संख्या में चीतलो को रोड पार करते देखा जिस पर उनके द्वारा अपना वाहन धीमी कर आने एवं जाने वाले वाहनों को टॉर्च के सहारे इशारा करते हुए चीतलो के समूह को रोड पारकर चले जाने बाद वाहनों का आगमन प्रारंभ कराया।

ज्ञातव्य है कि विगत कई वर्षों से शांकाहारी वन्यजीव हिरण प्रजाति के चीतल बड़ी संख्या में छीरापटपर,किरर,औढेरा,बडहर,निंदावन एवं अन्य स्थानों में है जो दिन भर जंगलों में बिताने बाद रात में आहार की तलाश में निकाल कर रोड पारकर खाने,पानी पीने बाद सुबह होने के पर फिर से जंगलों की ओर अलग-अलग समूह बनाकर वापस लौट जाते हैं इस दौरान अक्सर तेज गति से चलने वाले वाहनों से टकराने पर कई चीतलो की स्थल पर मौत हो चुकी है एवं कई गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं वन्य प्राणियों की अधिकता एवं उनकी सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग का मैदानी अमला वनरक्षक,परिक्षेत्र सहायक एवं वन्य जीवों से प्रेम रखने वाले जागरूक नागरिकों,वन्यजीव संरक्षको द्वारा वन विभाग के जिला एवं संभाग स्तर के अधिकारियों के समक्ष अनेकों बार चीतल बहुल्य इलाके जो मुख्य मार्ग के मध्य पडते हैं के दोनों और बारबेट बायर या अन्य किसी तरह की फेंसिंग बाउंड्री बनाया जाकर सुरक्षित किए जाने की अपेक्षा की गई किंतु वर्तमान समय तक वन विभाग के बड़े अधिकारी इस दिशा में अनेकों प्रस्ताव के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है वही वन परिक्षेत्र अनूपपुर के जमुडी,किरर आदि वन वीटो जिसमें चीतलो की अधिकता है में पदस्थ वनरक्षक,सुरक्षाश्रमिक जो दिन में वनों की सुरक्षा के साथ अन्य दायित्वो में व्यस्त रहने के कारण रात्रि समय कम ग्रस्त कर पाते हैं जिससे दुर्घटनाओं की जानकारी विभाग के कर्मचारियों को राहगीरों एवं अन्य माध्यमों से मिल पाता है पिछले दिनों एक मादा चीतल की देर रात मुख्य मार्ग को पार करते समय अज्ञात वाहन की ठोकर से इसी स्थल पर मौत हो चुकी है।

## जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री डॉ0 जितेंद्र जामदार प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में हुए शामिल

कल,आज और कल "हर दिन आगे बढ़ता मध्य प्रदेश"डॉ0 जामदार उमरिया प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में पहुँचे जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ0 जितेंद्र जामदार बता दे कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ0 जितेंद्र जामदार उमरिया प्रवास पर पहुचे जहॉ भाजपा नेत्री शुश्री ज्ञानवती सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे दीपक छतवानी अर्जुन सिंह सैयाम ने स्वागत किया जिसके उपरांत उमरिया सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रबुध्द लोगो सम्मान किया। मंत्री जामदार ने लोगो संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षो में लोगो के जीवन को बदलने का कार्य किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन



आधारित चलने वाली हमारी भाजपा पार्टी केवल सत्ता के लिए राजनीति नही करती बल्कि लोगो जीवन को बदलने का कार्य करती हैं अंत्योदय में विस्वास करती हैं। भाजपा कोविड में 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन देने में विस्वास करती हैं लोगो को आत्मनिर्भर बनाने की सरकार है इस अवसर पर मुख्य रूप भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे महामंत्री अर्जुन सिंह सैयाम भाजपा नेत्री ज्ञानवती सिंह दीपक छतवानी अलका उपाध्याय सुमित गौतम शैलेंद्र गहरवार धनुषधारी सिंह राजेंद्र कोल शाहिद समस्त भाजपा जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्वनाथ सिंह का ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान जारी

जमुना कोतमा अनूपपुर आज दिनांक 30 सितंबर 2023 अनूपपुर विधानसभा के ब्लॉक जमुना बदरा क्षेत्र अंतर्गत मंडलम सेक्टर के ग्रामों में सघन जनसंपर्क एवं कार्यक्रम उप चुनाव के प्रत्यासी रहे ग विश्वनाथ सिंह ने ग्राम पंचायत भोलगढ़ मे युवाओं से मुलाकात की व उनके साथ मिलकर ग्राम पंचायत में कार्यक्रम कर रहे नरेंद्र सिंह मुन्ना के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू मिश्रा एवं सभी मंडलम सेक्टर पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे एवं सभी ग्राम वासियों से अपार जन समर्थन मिल रहा है जनसंपर्क को देखते हुए कयास लगाया जा रहे हैं कि इन्हें ऊपर से हरी झंडी मिली हुई है

## स्वर्गीय डॉक्टर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

शहडोल। जिले के निवासी दीपक सिंह (कमिश्नर ग्वालियर एवम चंबल संभाग) तथा वरिष्ठ अधिवक्ता रवि सिंह के पूजनीय पिताजी डॉक्टर एस पी सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके निज निवास में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों तथा गणमान्य नागरिकों के मध्य




दिलीप कुमार अग्रवाल ने उनके व्यक्तित्व पर मार्मिक भाव विभोर, अश्रुपूर्ण उदगार व्यक्त किए। सभी ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए सादर श्रद्धा सहित श्रद्धांजलि अर्पित की , कलेक्टर शहडोल वंदना वैद्य भी उक्त अवसर पर मौजूद थी ।।

## बिड़रा ग्राम संसद भवन में वार्षिक आमसभा आयोजित, 44.5 लाख की परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

**नंदा रजक दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : शुक्रवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत बांगुड़दा आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा बिड़रा ग्राम संसद भवन में संपन्न हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि चंदशेखर टुडू, जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, कमलपुर पंचायत के मुखिया जामिनी बेसरा, बांगुड़दा की मुखिया कल्याणी सिंह, काश्मार की मुखिया लक्ष्मी सिंह, ओड़िया की मुखिया सावित्री सिंह व बिड़रा के उपमुखिया गोपाल गोराई ने भाग लिया।






कार्यक्रम में संकुल संगठन का वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा, संकुल संगठन की अध्यक्ष जयंती माझी द्वारा सभी के सामने पेश किया गया और वार्षिक कार्ययोजना पर फोकस करने हेतु जोर दिया गया। आमसभा में उपस्थित अतिथियों के हाथों बैंक ऑफ इंडिया काटिन शाखा की 5 महिला समूहों के बीच 21 लाख रुपये और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बांगुड़दा शाखा की 4 महिला समूहों के बीच 18 लाख रुपये का लोन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। संकुल संगठन द्वारा सामुदायिक निवेश निधि के रूप में दो महिला ग्राम संगठन के बीच साढ़े पांच लाख रुपये का चेक दिया गया। इस प्रकार कुल 44 लाख 50 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जबकि उत्कृष्ट ग्राम संगठन और वैसे 3 समूहों जिनका 10 लाख का लिंकेज हुआ है, संकुल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बाल विवाह पर नुकड़ नाटक दीदियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी सभी के समक्ष साझा की और जेएसएलपीएस को धन्यवाद दिया।बांगुड़दा, पटमदा व लच्छीपुर आजीविका महिला संकुल संगठन की सदस्यों के द्वारा संकुल कार्यालय हेतु नये भवन की मांग से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपा गया। विधायक ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जेएसएलपीएस की प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल टूटी, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, ब्लॉक एंकर पर्सन जयंता दास, सामुदायिक समन्वयक स्नेहाशीष महतो, पटमदा संकुल की पीआरपी भगवती पाड़ेया, संकुल लेखापाल इंद्रजीत महतो, जेंडर सीआरपी, सीआरपी-ईपीएस, बैंक सखी, ए डब्ल्यू, सीनियर एकेएम, सेतु दीदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आयुष्मान भवः योजना अंतर्गत स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर/मस्तुरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी में 29 सितम्बर को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में 530 बाहय रोगी मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। मेले में 12 लोगों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य मेले का आरंभ लायस क्लब के अध्यक्ष बसंत गुप्ता के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेले में 152 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 85 हितग्राहियों को कार्ड का वितरण भी किया गया। मेले में 105 लोगों को बीपी एवं शुगर की जांच, 59 एएनसी जांच, 40 मरीजों का नेत्र जांच, 15 लोगों का दंत जांच, 05 लोगों का कुष्ठ रोग जांच, 12 लोगों का क्षय रोग एवं 40 बच्चों का शिशु रोग जांच किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. नंदराज कंवर खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डा. अनिल कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, भूपेन्द्र देवांगन ,बीपीएम, संजय सिंह, बीएएम, राधेश्याम, अभिलाषा सिंह, तरूण श्रीवास, मधू साहू, खगेश देवांगन, आयुष्मान में हरीश, संजय दास। आयोजित रक्त







दान शिविर में समर्पण सुशीला सेवा संस्थान मस्तूरी के सदस्यों और सहयोगों के द्वारा 8 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया और जिसमें थाना स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया । इस कार्यक्रम में ब्लड डोनर एवं ओपीडी/ आईपीडी में आए मरीजों के लिए फल फूल एवं नाश्ते की व्यवस्था समर्पण सुशीला सेवा संस्थान मस्तूरी के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी के बी एम ओ एवं समर्पण सुशीला सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष तरुण कुमार श्रीवास ,सनत कुमार साहू, अनुराग श्रीवास, गिरिजा शंकर श्रीवास एवं सहयोगियों का भरपूर सहयोग रहा।

## पेन्शन शंखनाद महारैली 1 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम रामलीला मैदान दिल्ली मे शामिल होने के संभागीय अध्यक्ष विद्याभूषण

शर्मा के नेतृत्व मे 35 सदस्यीय टीम शहडोल जिलेअंबिकापुर नई दिल्ली




एक्सप्रेस से 11बजे प्रस्थान कर गए। शहडोल एवं विकासखंड बुढार नरेन्द्र पाठक , उपेन्द्र सिंह निर्मल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह बलमीक त्रिपाठी शरद श्रीवास्तव, बृजेंद्र गुप्ता, आदित्य मिश्रा सहित मातृ शक्तियो की उपस्थित उल्लेखनीय रही । पेन्शन हाकुंभ मे शहडोल के दक्षिणी क्षेत्र से जाने वाले सी जी सम्पर्क क्रांति निरस्त हो जाने के कारण अनेकानेक शिक्षक साथी नही पहुंच पा रहे है यह जानकारी नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेन्शन स्कीम म.प्र शहडोल के जिला-संयोजक ऋषि कुमार पाण्डेय ने दी है ।

## पहाड़पुर मुखिया अजब सिंह ने सोमाडीह प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को किया सम्मानित

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पहाड़पुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सोमाडीह के एक छात्र गणेश सिंह का नवोदय विद्यालय में और तीन विद्यार्थी मथुर सिंह, उर्मिला सिंह एवं हरेन सिंह का एकलव्य विद्यालय में चयनित होने पर मुखिया अजब सिंह ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंगल सिंह,शिक्षक देबेन



सिंह और सहायक शिक्षक अजित कुमार सिंह को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित किया। मुखिया अजब सिंह ने कहा कि मेरा भी छात्र जीवन इसी विद्यालय से और इन्हीं शिक्षकों के साथ प्रारंभ हुआ था, जिन शिक्षकों से मैं पढ़ाई की हूं,उनको आज को सम्मानित करने का मुझे मौका मिला, इससे मुझे बहुत अच्छा लग रहा है । उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होकर नवोदय एवं एकलव्य विद्यालय में चयनित हुए हमारे पंचायत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय में उपस्थित होने एवं साफ-सफाई रहने के लिए के लिए प्रेरित किए। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, ग्राम प्रधान अधर सिंह,अनुप सिंह, अमित महतोआदि उपस्थित थे।

## अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को उन्नत करने संकल्पित है केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारः सरवटे

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती संचिता सरवटे ने कहा कि देश ने पहली बार देखा ऐसा प्रधानमंत्री जिसने गरीबों और वंचितों को न सिर्फ पक्का घर दिया, बल्कि उन परिवारों का वर्तमान एवं भविष्य भी सुरक्षित किया। गाँव गरीब किसान, छात्रों,बेरोजगारों सहित सभी के हितार्थ महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे है। अंतिम पंक्ति में खड़े ब्यक्ति के जीवन इस्तर उन्नत करने हेतु केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। जिसकी गवाह सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं है।

काग्रेस ने लंबे कालखंड तक देश वा प्रदेश में शासन किया किन्तु काग्रेश के एजेंडे में कभी राष्ट्र और गरीब कल्याण था ही नही यही कारण था कि गरीब और गरीब होता चला गया। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती सरवटे ने बताया कि सत्ता में रहते हुए काग्रेश गरीबो,किसानों के हितार्थ कुछ करने की इक्छा शक्ति दिखाई ही नही अर्थात काग्रेश सिर्फ वोटबैंक की राजनीति करती थी आमजन के हित से काग्रेश को कोई लेना देना था नही। काग्रेश टेक्नोलॉजी में भी घोटाले करने का कार्य किया था। कांग्रेस ने 2ऋ के नाम पर सिर्फ घोटाला किया, मोदी सरकार में 5ऋ सर्विस के जरिये देश के लोगों को हाई स्पीड इंटरनेट मिल रहा है।कांग्रेस शासन के दौरान भारतीय रेल की खस्ता हालत थी मोदी सरकार ने देश को दी हाई स्पीड वंदे भारत। जब कुछ करने का इरादा हो तो सफलता अवश्य मिलती है। दृढ़ इच्छाशक्ति ही संकल्पों को सिद्ध करती है। काग्रेश सरकार के समय रेल और रेल्वे कि हालत क्या थी आपने देखा ही है। और मोदी जी के आने के बाद रेल्वे का जो काया पलट हुआ है वह भी आपके सामने है।भाजपा की सरकार केंद्र में होने से जहां भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई है। सेना का मनोबल बढ़ा है सेना का आधुनिकीकरण किया गया है। अच्छे हथियारों से सेना को सुसज्जित किया गया है। यही कारण है कि विश्व की सेनाओं में हमारी सेना अब्बल है। कांग्रेस शासन के दौरान देश में बार-बार होते थे आतंकी हमले, मोदी सरकार में भारत दुश्मनों को दे रहा है मुंहतोड़ जवाब। सर्जिकल स्ट्राइक जिसका जीवांत उदाहरण है। स्वच्छ भारत यह कोई नारा नही बल्कि भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करता धेय बाक्य है। कांग्रेस शासन में लोग खुले में शौच के लिए थे मजबूर, मोदी सरकार में खुले में शौच मुक्त हुआ भारत। इस हेतु योजना बनाकर उसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया तब जाकर कही विशाल राष्ट्र भारत में यह मुकाम हासिल हुआ है। आजादी के बाद भी ग्रामीण भारत का विद्युतीकरण पूर्ण नही किया गया था सौभाग्य योजना बनाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 18 हजार ग्रामो का विद्युतीकरण किया। कांग्रेस ने सिर्फ कोयला घोटाला किया, जबकि मोदी सरकार ने देश का 100% विद्युतीकरण किया। चिकित्सा और स्वास्थ्य के छेत्रो में भी भारत की उन्नति विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाती है। कांग्रेस शासन के दौरान देश को पोलियो की वैक्सीन मिलने में 40 वर्ष लगे, जबकि मोदी सरकार के दौरान मात्र 1 साल में भारत को मिली



स्वदेशी कोरोना वैक्सीन।कांग्रेस ने अपने दशकों के शासन के दौरान देश को मात्र दो अक्क्टर, दिए थे। मोदी सरकार के मात्र 9 वर्ष में भारत में 20 से अधिक अक्क्टर.कार्य कर रहे है। कांग्रेस सरकार हर घर नल से स्वच्छ जल देने में विफल रही, मोदी सरकार में जल जीवन मिशन के जरिए हर घर पहुंचा नल से पीने का शुद्ध जल। यह है नव भारत की ताकत यह है आदरणीय मतदाता मालिको को एक एक मत की ताकत जो असहाय हो रहे भारत को विश्व शक्ति के रूप में प्रतिश्ठित कर रहा है। आज पूरी दुनिया भारत का मान सम्मान कर रही है। 11 देशों ने अपना सर्वोच्च सम्मान प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को दिया, लेकिन कांग्रेस में आज भी अंग्रेजों के गुण हैं और वे अपने दोहरे चरित्र के कारण भारत के मान बिंदुओं पर अघात करते हैं। राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तब भारत को अपमानित करते हैं। कमलनाथ भारत को महान नहीं बदनाम बताते हैं।आप जिस दल के नेता हैं उसके नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन के नेता सनातन धर्म पर आक्रमण कर रहे हैं, मध्य प्रदेश की साढ़े 9 करोड़ सनातनी जनता आपसे पूछना चाहती है कि पुनः झूठ की गारंटियां देने से पहले बताएं कि आपने सनातन विरोधी नेताओं को जवाब क्यों नहीं दिया? आपने 2018 में मध्य प्रदेश किसानों से कर्जमाफी और युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के वादे किए थे, लेकिन दिग्विजय सिंह के इशारे पर चलने वाली कमलनाथ सरकार ने उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया।किसानों को डिफाल्टर कर उनका अपमान कांग्रेस ने किया, भाजपा सरकार ने उन किसानों का 22 हजार करोड़ रूपए का ब्याज भरकर उन्हें नॉन डिफाल्टर बनाया भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितार्थ वह सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है जो किसानों के उन्नत जीवन इस्तर का प्रमाण बनेगी। पीएम आवास योजना के तहत 2 लाख गरीबों को मिलने वाले उनके आवास का अधिकार कमलनाथ ने छीना था। जल जीवन मिशन के तहत केन्द्र सरकार से मिले 248 करोड़ रुपये लेप्स हो गए, कमलनाथ ने बहनों के नल से जल का अधिकार छीना।आपने 15 महीने झांककर नहीं देखा कि आपकी सरकार कर क्या रही है, उस समय वल्लभ भवन दलाली का अड्डा बन गया था। जिसे मध्यप्रदेश भलीभांति जानता है। 15 माह के कुशासन में मध्यप्रदेश में कानून नाम का कुछ बचा नही था। अपराध चरम पर था। माफिया तंत्र सक्रिय था। ट्रांसफर उद्योग तीब्र गति से चल रहा था। हितग्राही मूलक योजनाओ में ताला लगाया जा चुका है। चुनावो में किये वादे पूरे करने की जगह कमलनाथ जी फिल्मी कलाकारों की आवभगत में ब्यस्त थे। जिसे मध्यप्रदेश की जनता भलीभांति जानती है। जन आशीर्वाद यात्रा को मिले जन समर्थन से इस्पस्ट है कि मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रदेश के प्रत्येक बूथों से शामिल कार्यकर्ताओ की ऊर्जा और उनका जुनून भाजपा के विजयश्री का शंखनाद कर रहा है।

## विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर इंदाटांड़ा में लगा 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

**नंदा रजक , दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड की बनकुंचिया पंचायत अंतर्गत इंदाटांड़ा गांव में शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया।



इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि पिछले 4 दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब रहने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा विधायक मंगल कालिंदी को दिए जाने पर उन्होंने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से बात करते हुए 24 घंटे के अंदर गांव में ट्रांसफॉर्मर लगवाया जिससे लोगों को राहत मिली मौके पर विश्वनाथ महतो, रवि कोड़ा, प्रकाश महतो व तपन महतो आदि मौजूद थे।

# शराब से लदी कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर : युवक बुरी तरह घायल

*पुलिस ने कुल 96 बोतल शराब किया जप्त ।*

*चालक भी पुलिस के गिरफ्त मे।*

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)30 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रतापपुर मुख्य मार्ग मे प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बराटपुर मोड़ के पास शराब से लदे हुंडई कार जिसका नंबर (WB-34U-2056) ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी जिससे वो बुरी तरह घायल हो गया। बताते चले की हुंडई कार शराब की खेप ले कर बिहार मे खपाने के उदेश्य से ले जा रहा था उसी जल्दबाजी मे उसने बाइक सवार को टक्कर मार दी।टक्कर मार कर भागने के क्रम मे कार अनियंत्रित हो कर कुछ दूर आगे जाने के बाद पलट गयी। इसी क्रम मे घटना की सूचना प्रतापपुर थाना



को मिली घटना की सूचना पाते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लव कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।दुर्घटना मे घायल युवक की पहचान चतरा के टंडवा निवासी आनंद विश्वकर्मा के रूप मे हुई।ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र प्रतापपुर लाया गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजा-रीबाग रेफर कर दिया गया। इधर ड्राइवर जब भाग रहा था तो ग्रामीणों की सहायता से किसी तरह से ड्राइवर को जब पकड़ा गया तो ड्राइवर को भी नशे मे पाया गया जो ये साबित करता है की आनंद जो बाइक सवार था उसे जानबूझ कर टक्कर मारा और मार के भागने के फिराक मे था। अंततः ग्रामीणों और प्रशासन के सहयोग से उसके भागने की कोशिश नाकाम हो गयी

# हिंदी को बढ़ाने के लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा- जीएम बस्ताकोला

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा।. ज्यादा से ज्यादा काम हिंदी में करें। सबको मिलकर प्रयास करना होगा हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करना होगा उक्त बातें बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी दिवस समारोह का समापन कार्यक्रम में महाप्रबंधक जीसी राय ने कहा। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारियों में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है सबको मिलकर प्रयास करने की। ईमानदारी से हिंदी पखवाड़ा के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सार्थक पहल सबसे ज्यादा जरूरी है . लगातार 6 वर्षों से हम लोग राजभाषा पखवाड़ा में पूरे बीसीसीएल में प्रथम स्थान ला रहे हैं .यह सबका प्रयास से हो रहा है। इस बार भी अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद की। राजभाषा के क्षेत्रीय प्रभारी वशिष्ठ मुनि पांडे ने कहा कि 14 से 29 तक प्रत्येक वर्ष



सभी कोलियरी स्तर पर कार्यक्रम कराया गया.इस दौरान हिंदी भाषा प्रतियोगिता हिंदी आलेखन बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता जैसे अनेक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.हिंदी क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले कर्मी व आदर्श श्रमिक उच्च विद्यालय के विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया.मौके पर नागेंद्र यादव,बीड़ी सिंह,प्रतीक प्रकाश झा,शशांक शेखर अजय कुमार गुप्ता, विजय कुमार ,बी एन पांडे उमेश रवानी , सतीश मिश्रा,बिजय कुमार,बअक्षय यादव,उमेश रवानी, पुल पुल झा ,संतोष कुमार वर्मा,र-विंदर यादव आदि थे .'

# कोडरमा कांग्रेस के प्रभारी बनाए गए कृषि मंत्री बादल पत्र लेख कांग्रेसियों में खुशी की लहर

**दैनिक समाज जागरण ,घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 30 सितंबर 2023 :- कोडरमा लोकसभा प्रभारी कृषि मंत्री बादल पत्र लेख को बनाए जाने पर लोकसभा के साथ-साथ लोकसभा में पड़ने वाले कोडरमा बरकट्ठा , बगोदर ,राजधनवार , गाण्डेय ,डुमरी , विधानसभा के कांग्रेस कार्यकताओं में उर्जा उत्पन्न हुआ है ।लोकसभा में पडने वाले सभी विधानसभा को निश्चित तौर पर जीता जाएगा । क्यों कि जन-जन के नेता बादल पत्र लेख कार्यकताओं में उर्जा उत्पन्न करेंगे , यह बातें कांग्रेस प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष उत्तरी छोटा नागपुर डॉक्टर आरसी मेहता ने कांग्रेस द्वारा तिलैया में आयोजित जुड़ेगा भारत ,जीतेगा इंडिया कार्यक्रम से लौटने के बाद अपने निजी कार्यालय में कहा डॉक्टर मेहता ने कहा कि देश के जनता इंडिया गठबंधन की ओर देख रहा है ।निश्चित तौर पर 2024 में सत्ता परिवर्तन होगा इंडिया गठबंधन जीतेगा जिसका भावी




प्रधानमंत्री श्री राहुल गांधी होंगे । आज देश में बेरोजगारी , महंगाई , भ्रष्टाचार , नौकरियों से प्राइवेट डाइजेशन के कारण नौकरियों में छंटनी के कारण हो रहा है 2014 के बाद मोदी जी के चहेते व्यापारी द्वारा जिओ कंपनी लॉन्च किया 1 वर्ष तक निशुल्क उपभोक्ताओं को दिया गया₹300 मासिक अनिवार्य कर दिया गया है । इस तरह उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर को फ्री दिया गया कांग्रेस शासन काल में जी गैस सिलेंडर का कीमत ₹400 था उसमें सब्सिडी भी मिलता था जिसे आज बढ़कर ₹1200 कर दिया गया है , मोदी जी कहा करते थे, ना खाने देंगे, ना खाएंगे परंतु आज व्यापारियों को देश में चरागाह समझकर चलने के लिए खुला छूट दे दिए हैं ।देश त्राहिमाम कर रहा है , आज देश नौकरशाह तंत्र की ओर बढ़ रहा है भ्रष्टाचार इतनी है कि लोकतंत्र के जगह लोग भ्रष्ट तंत्र कहना शुरू कर दिए हैं । कानून व्यवस्था चौपट है । प्रजातंत्र का डेफिनेशन बदलने का प्रयास किया जा रहा है प्रजातंत्र को धनतंत्र के रूप में बदला जा रहा है।

# चौंकिए मत, झारखंड के विकास कार्य की असली पहचान , से रु बरु होइए।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 30 सितंबर 2023 :- बगोदर से हजारीबाग जाने वाली एन एच रोड का हाल ऐसा है की बारिश के दिनों में पता भी नहीं चलेगा कि आप रोड पर चल रहे हैं , कि गड्ढे में बताया जाता है कि इसी रोड में जितने भी इस इलाके से लेकर गिरिडीह, देवघर , धनबाद, दुमका, गोड्डा,जामताड़ा के लिए लिए छोटी छोटी बड़ी हजारों कि संख्या में रोज जनप्रतिनिधि एवं छोटे बड़े अधिकारी समेत सभी आवा गमन करते हैं, अपनी गाड़ी को सहेजते हुए क्रॉस कर जाते हैं यह है झारखंड का असली विकास कि सही पहचान। गांव ग्रामीण इलाके में जिस भी तरह के पानी , बिजली , शिक्षा , सड़क से संबंधित मामले होते हैं सभी लोगों का बड़े पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों पर विश्वास होता है कि हम जानकारी अगर देंगे तो हमारे गांव का कल्याण होगा लेकिन बगोदर से विष्णुगढ़ लाइन में परिवर्तित किया जाएगा जिसके तहत कई बार अधिकारी आकर भूमि को अधिग्रहीत करने के लिए नापी - जोखी भी किए हुए



जाने वाली रोड में किसी को किसी तरह का प्रमाण और लिखित देने की आवश्यकता नहीं है यह रोड अपने आप में गवाह देता है कि हम चलने में कितने लाचार हैं ।बताया जाता है की वर्षों से लोगों को अखबारों के जरिए यह खबर दी जा रही है कि इस रोड को फोर हैं , लेकिन कब बनना है इसकी ठोस जानकारी ग्रामीणों को नहीं लग पाया है इस संबंध में इलाके के जनप्रतिनिधि भी कई बार संबंधित अभियंताओं को जानकारी देकर इसे मरम्मत करवाने का आग्रह किए हैं बावजूद सफलता हाथ नहीं मिल पाया है।

# डुमरी थाना क्षेत्र में दूसरे दिन भी रही गोली बारी - बारी की धमक

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 30 सितंबर 2023 :- डुमरी थाना क्षेत्र के भंडारो गांव में शुक्रवार की शाम आपसी रंजिश में कुछ लोगों के द्वारा दो व्यक्तियों पर की गई फायरिंग के दौरान एक राहगीर घायल हो गया । घायल राहगीर का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया , इस संबंध घायल राहगीर ने थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है आवेदन में भंडारों निवासी सुधीर विश्वकर्मा एवं संदीप विश्वकर्मा ने बताया है कि वे दोनों चचेरे भाई हैं शुक्रवार की शाम लगभग 5:00 बजे दोनों एक बाइक से भंडारों चौक राशन लेने जा रहे थे इसी दौरान जुगल किशोर विश्वकर्मा और रामानंद विश्वकर्मा तथा उन दोनों की पत्नियों ने उन्हें अपने घर के पास रोका इसके वहां रुकते ही जुगल और रामानंद अपने घर से रिवॉल्वर निकालकर उन दोनों पर फायरिंग कर दिया , जिसमें दोनों बाल बाल बच



गए लेकिन इस दौरान वहां से गुजर रहे पुरनी भंडारों का राहगीर टुप लाल मंडल के पांव में गोली लग गई , जिससे वह घायल हो गया वहीं घटना में घायल टुपलाल मंडल ने भी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग किया है टूपलाल ने थाने को दिए आवेदन में कहा है कि वह शाम 5:00 बजे सामान लेकर घर लौट रहा था , इसी दौरान भंडारों स्थित जुगल विश्वकर्मा के घर के सामने अचानक गोली चली वह भागने का प्रयास किया , लेकिन उसके बाएं पैर की एड़ी में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया घटना की सूचना पर डुमरी पुलिस शुक्रवार की शाम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच की हालांकि उस दौरान पुलिस को कुछ भी बरामद नहीं हुआ पूछे जाने पर डुमरी पुलिस में बताया कि घटना को लेकर आवेदन मिला है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# टुण्डी के कदमाअहरा/ यज्ञ स्थल मोड़ के समक्ष दो दुपहिया वाहन आपाधापी में हुई जोरदार टक्कर में दोनों हुए चोटिल।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-30सितंबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत गत 29 सितम्बर 2023 को**

टुंडी थाना से महज एक किलोमीटरकी दुरी कदमाअहरा/ भु-रसाबांक यज्ञ स्थल मोड़ के समक्ष टुंडी - गोविंदपुर मुख्य पथ पर संध्या बेला में हुई एक सड़क दुर्घटना में दो दुपहिया वाहन आपस में टकरा गई, जिससे वाहन सवार दो युवक गंभीर रूप से चोटिल हो गए। दुर्घटना के सम्बन्ध मे बताया जाता है कि संध्या बेला लगभग 07 बजे JH10 AN /5285 एवं JH10 BF /6632 संख्या की दुपहिया वाहन जो आगे पीछे चल रही थी कदमा अहरा यज्ञ स्थल मोड़ के समक्ष आगे चल रहे वाहन के दाहिने मुड़ते ही पीछे से आ रही दूसरी वाहन ने उसे जोरदार रूप से ठोकर मार दिया। ठोकर लगते ही दोनों वाहन सवार गिर पड़े जिसमें बिराजपुर निवासी टेकलाल प्रजापति के पुत्र बिट्टू प्रजापति के माथे पर गंभीर चोट आई हैं जबकी दूसरे दुपहिया वाहन चालक लुकैया निवासी सहदेव हेम्ब्रम का पुत्र बिकास हेम्ब्रम को



भी गंभीर चोटें लगी है। बिट्टू प्रतिदिन की भांति आज भी टुंडी के कोलहर स्थित अपने दुकान से बिराजपुर स्थित अपने आवास जा रहा था । कदमा अहरा यज्ञ स्थल मोड़ के समक्ष दाहिने मुड़ रहा था तभी इसी बीच टुंडी बाजार से अपने आवास लुकैया के लिए निकला बिकास हेम्ब्रम की वाहन की भिड़ंत हो गई । जिसमे दोनो युवक घायल हो गये । क्षेत्रवासियों के सहयोग से उक्त दोनो घायल को दुबराजपुर स्थित समुदयिक स्वास्थ केन्द्र टुण्डी ले जाया गया हमेशा की तरह अस्पताल में डाक्टर का नहीं होना आम बात हो गई है । जहाँ नर्स एवं कंपाउंडर द्वारा प्राथमिक उपचार तो कर दिया गया किन्तु रेफर करने के लिए डॉक्टर नहीं थे ।जिसके कारण घायल युवकों को 108 एंबुलेंस भी नहीं मिल पाई। बाद में घायल युवक के परिजनों द्वारा घायलों को निजी खर्च पर धनबाद ले जाना पड़ा। चलंत दुर्भाष के माध्यम से सीएचसी प्रभारी से हुई वार्ता के अनुसार उन्होंने कहा कि डाक्टर नहीं है, यथासंभव मैं अपनी ड्यूटी करता हूं ।मैंने विभाग के अपने उच्च पदाधिकारियों को बहुतों बार लिखकर दिया हूं।

# रपट : साइबर अपराध के मामलों में टॉप 10 जिलों में रांची अव्वल, धनबाद दूसरी व देवघर तीसरी पायदान पर

## *सबसे ज्यादा क्राइम ओटोपी स्कैम और केवाईसी के मामलों में, इलेक्ट्रिक बिल और ऑनलाइन गेम से जुड़े फ्राड के मामले भी बढ़े*

**धनबाद** : देश में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ता जा रहा है और नवीनतम आंकड़ों के अनुसार झा-रखंड के जामताड़ा जिले ने देशभर में साइबर क्राइम के हब के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। लेकिन अब राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के मथुरा नए साइबर क्राइम हब के रूप में उभर रहे हैं।

**झारखंड में बढ़ते साइबर अपराध:**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आ-ईआईटी) कानपुर के एक स्टार्टअप द्वारा अपने शोध पर यह जानकारी सामने आया है कि देश के 10 जिले ऐसे हैं जहां से 80 प्रतिशत साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इनमें सबसे ज्यादा क्राइम राजस्थान के भरतपुर से 18 फीसदी, मथुरा से 12 फीसदी, हरियाणा के नूंह से 11 फीसदी, और झारखंड के देवघर से 10 प्रतिशत, बोकारो से 2.4 प्रतिशत, जामताड़ा में 9.6 प्रतिशत , और गिरिडीह से 2.3 प्रतिशत साइबर अपराध हो रहे हैं। इस रिपोर्ट में विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि झारखंड के चार जिले भी इस लिस्ट में शामिल हैं, जैसे कि बोका-रो, जामताड़ा, देवघर, और गिरिड-ीह।

**आंकड़ों से समझें हालात:**
झारखंड में साइबर अपराध के मामले पिछले साढ़े चार साल में (2019 से लेकर जुलाई 2023 तक) 5350 मामले हो चुके हैं, जिनमें से 1432 मामले सिर्फ रांची जिले में हुए हैं। इसके अलावा, धनबाद में 496, देवघर में 405, जमशेदपुर में 384, और हजारीबाग में 348 मामले दर्ज हो चुके हैं। यह साइबर अपराध में कई ऐसे मामलेभी हैं जिनका कभी दर्ज नहीं हुआ था।

**राज्य की कौन-कौन सी जगहों में बढ़ा साइबर अपराध का खतरा:**
नवीनतम रिपोर्ट में जिन जगहों को साइबर क्राइम हब के रूप में पहचाना गया है, उनमें लातेहार, धनबाद, संताल परगना, हजारीबाग, खूंटी, नारायणपुर, और रांची शामिल हैं। इन जगहों पर सबसे ज्यादा क्राइम ओटोपी स्कैम और केवाईसी के मामलों में हो रहा है। साइबर अपराधी इलेक्ट्रिक बिल और ऑनलाइन गेम से जुड़े फ्राड के मामलों में भी बढ़ रहे हैं।साइबर अपराध के बढ़ते मामले को देखते हुए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को अन्य जिलों में भी साइबर थाने को लेकर प्रस्ताव भेजा था। मुख्य सचिव सु-




खदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सहमति मिल गयी है। इस फैसले से संभव है कि अब झा-रखंड में बढ़ते साइबर अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके।इस शोध में बढ़ते साइबर अपराध के पीछे की कुछ वजहें शामिल हैं, जैसे कि स्थानीय आबादी के बीच सीमित डिजिटल साक्षरता और जागरूकता की कमी, तकनीकी ज्ञान की कमी, और साइबर सुरक्षा की जरूरत की कमी। साइबर अपराधों के खिलाफ सजाग रहने और सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता को बढ़ाना और साइबर सुरक्षा के मामले में सशक्तिकरण करना आवश्यक है।

**मोबाइल का आईएमईआई व सिम लॉक कराएगी पुलिस**
झारखंड में साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है. सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने सभी जोन के डीआईजी के साथ साइबर अपराध पर बीते दिनों समीक्षा की थी.इसके बाद उन्होंने आदेश जारी किया है कि जिलों में साइबर अपराध के दर्ज मामलों के बाद जिन मोबाइल फोन व सिम कार्ड के जरिए ठगी की गई है, उनके आईएमईआर नंबर व सिम को लॉक कराया जाएगा.डीजी सीआईडी के आदेश के बाद अबतक राज्य भर में 500 से अधिक मोबाइल के आईएमईआर व 6000 से अधिक सिम लॉक कराए जा चुके हैं. आईएमईआर के लॉक होने से एक मोबाइल का इस्तेमाल दूसरी बार नहीं किया जा सकेगा. सीआरपीसी 102 के तहत फ्रिज करने का आदेश राज्य में साइबर थानों व जिलों में साइबर अपराध के दर्ज मामलों में बैंक खातों को फ्रिज करने का भी निर्देश सीआ-ईडी डीजी ने दिया है. 1930 नंबर पर शिकायत के बाद भी खातों में पैसे फ्रिज करने की कार्रवाई की जाती है. लेकिन केस अनुसंधान में आए तथ्यों के आधार पर सीआरपीसी 102 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए खाते में जमा पैसा फ्रिज करने का निर्देश दिया गया है. वहीं राज्य में साइबर अपराध के मामले मे जामताड़ा रीजन व मेवात-नूह रीजन की धरती का इस्तेमाल हो रहा है. साइबर अपराध के दर्ज मामलों की अनुसंधान व समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि झारखंड में साइबर ठगी के अधिकांश मामले जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह के इलाके के साथ-साथ हरियाणा के मेवात व नूह रीजन से सामने आ रहे हैं.

# धनबाद में प्रज्ञा केंद्र से लाखों की संपत्ति उड़ा ले गए चोर

## *भुक्तभोगी ने कर्ज लेकर खरीदा था सामान, पुलिस कर रही छानबीन*

धनबाद : रणधीर वर्मा चौक कृषि बाजार प्रज्ञा केंद्र सह रोजी रोटी रोजगार समिति कार्यालय में शुक्रवार 29 सितंबर की रात चोर घुस गए और. लाखों रुपये मूल्य के सामान उठा ले गए. पहले दीवार तोड़ने की कोशिश की और विफल रहने पर शटर उखाड़ कर अंर घुसे व सारा समान लेकर चलते बने. ऊक्तभोगी प्रज्ञा केंद्र के संचालक प्रदीप राम गुप्ता का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर इन्वर्टर, बैटरी, कंप्यूटर, प्रिंटर औड्ड अन्य सामान खरीदा था. समान के अलावा नगद ₹5000 भी चोर उड़ा ले गए. भुक्तभोगी ने स्थानीय सदर थाना को सूचित किया. पुलिस शनिवार को घटना स्थल पर पहुंची व छानबीन की. हाल ही शुभम संदेश



दैनिक अखबार में छपा था कि कृषि बाजार में शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसे पुलिस अनदेखा करती है. आए दिन यहां शराब की दुकान से खरीदारी कर कृषि मार्केट के अंदर शराबी जाम से जाम टकराते हैं. सिटी एसपी अजीत कुमार ने भी थाना प्रभारी को निर्देश देने की बात कही थी. लोगों का कहना है कि शराबियों का जमघट व मनचलों के बेरोक टोक आने जाने के कारण ही चोरी-छिनतई जैसी घटना को बढ़ावा मिलता है.

# अगस्त महीने का चावल नहीं मिलने की शिकायत करने के बावजूद सितंबर का राशन भी हुआ गुल

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 30 सितंबर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम डुगो हरिजन महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान में उपभोक्ताओं को अगस्त महीने का राशन वितरण नहीं दिये जाने के मामले की शिकायत विष्णुगढ़ आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित रूप से देकर किया गया था ।बताया जाता है कि इस मामले को लेकर नब्बे की संख्या में हस्ताक्षर युक्त उपभोक्ताओं ने विष्णुगढ़ आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कहा था। और कई अखबारों में भी खबरें छपीं थीं , बिष्णुगढ़ आपूर्ति पदाधिकारी ने दो दिनों बाद स्थल पर जाकर जांच भी किया ।जांच के क्रम में उपभोक्ताओं के सामने अपने कार्यवाही की नसीहत देकर उपभोक्ताओं को खुश भी कर दिया गया , और यह भी आश्वासन दिया गया की बहुत जल्द आप लोगों को राशन दिया जाएगा । बावजूद सितंबर के 30 तारीख बीत जाने के बाद भी अगस्त - सितंबर महीने का राशन उपभोक्ताओं को नहीं मिली उपभोक्ता इंतजार में रह गए , इस मामले को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लाभुक उपभोक्ता वरीय पदाधिकारियों को जानकारी देने का मन बनाए हुए हैं। इस संबंध में दैनिक समाज जागरण अखबार ब्यूरो चीफ के द्वारा विष्णुगढ़ आपूर्ति पदाधिकारी से कार्रवाई की जानकारी हेतु फोन करने पर जवाब नहीं दिया गया।

# धनबाद के "ब्लेकबोर्ड वे आफ सक्सेस" के सौजन्य से निबंध प्रतियोगिता आयोजित।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-**

जिले के ब्लैकबोर्ड वे ऑफ सक्सेस नमक शैक्षणिक संस्था द्वारा एक अक्तूबर से हाउसिंग कोलोनी स्थित डेवीड केरियर हब मे आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता की सफलता को लेकर संस्था के ग्रामीण



संयोजक शहजाद अंसारी ने टुण्डी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो मे आवस्थित सरकारी विद्यालयों के अधिकतम बच्चों की भागीदारी हो ईसको लेकर आज विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं छात्रो से मिलकर प्रतियोगिता के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया। निबंध प्रतियोगिता को तीन स्तर मे बांटा गया है ..जिसमे आठ वर्ष के आयु वर्ग के बच्चो को हिन्दी अथवा अंग्रेजी मे दो सौ शब्दों मे "एक अच्छा मित्र कैसे बने " एवं आठ से तेरह वर्ष के बच्चो को साढे तीन सौ शब्दों मे " हमारा बदलता भारत " पर लिखना है ..जबकी तेरह वर्ष के उपर के बच्चो को पांच सौ शब्दों मे प्रतियोगिता के समय दिया जाने वाले शीर्षक पर लिखना है

# मासस के केंद्रीय महासचिव की सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

कतरास : मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो बीसीसीएल से सेवा निवृत्त हो गए हैं ।इसके लिए शनिवार विदाई समारोह हुए जिसमें अध्यक्षता प्रोजेक्ट ऑफिसर संजय चौधरी, संचालन बीसीकेयू सचिव सुनील महतो ने किए , मैनेजर संजय सिंह, पूर्व पार्षद छोटू सिंह, बीएमएस नेता लखन महतो , बीसीकेयू नेता नागेंद्र वर्मा, ठ-ाकुर महतो भीम महतो, के पी



दत्त,शकर महतो बिनोद सिंह,रंजीत महतो, लाव रवानी सनी शर्मा , अमरदीप महतो, कार्तिक महतो, बलराम महतो, बिट्टू महतो, सागर महतो, रदलाल रवानी , दिलीप महतो, महावीर कुमार, सुनीता देवी, रोबिन महतो, कलपु महतो, शिव कुमार महतो, रविन्द्र यादव, सुजीत महतो, सोहन महतो, तपन महतो, धनंजय महतो, तरुण महतो करमचन्द महतो, भूमेस्वर महतो, मुन्ना सिंह, अनूप भुइया, बिशाल महतो, पप्पू, महतो, बीरू महतो, विक्की प्रमाणिक, राजन कुमार, एव आदि महिलाए, मजदूर उपस्थित हुए।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारा धक्का, गंभीर रूप से जख्मी,

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में किसान चौक के समीप जीटी रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गया. ट्रक ने उसका दोनों पांव कुचल दिया. ट्रक और बाइक सवार दोनों किसान




चौक से लोहार बरवा की ओर जा रहा थे. अचानक ट्रक से बाइक में धक्का लग गया. आननफानन में स्थानीय लोगों ने बरवाअड्डा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी. खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को एसएनएमएमसीएच भेज दिया. पुलिस ट्रक और दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर थाना ले आई. घायल के नाम और ठिकाने का पता नहीं चला है.

# नेशनल हाईवे में अनियंत्रित स्कार्पियो : चालक फरार।

**दैनिक समाज जागरण**
**रामलाल मुर्मू (बाघमारा)।**

राजगंजः राजगंज थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे मैराकुल्ही ओवर ब्रिज के सामने अनियंत्रित स्कार्पियो गाड़ी BR 08P 4661 गड्ढे में गिर गया जानकारी के अनुसार स्कर्पियो गाड़ी तोपचाची की और से आ रहे तेज रफ्तार के कारण स्कर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा स्कर्पियो चालक तथा सवार लोग किसी प्रकार बाहर



निकल कर प्रशासन आने से पहले फरार हो गया ।

# छेड़खानी करने वाले युवक की हुई धुनाई,किया पुलिस के हवाले

धनबाद : धनबाद हीरापुर में एक युवती के साथ छेड़खानी करने वाले युवक को उसे समय महंगा पड़ गया जब लोगों ने पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई कर दी। छेड़खानी करने वाला युवक अभिजीत कुमार जो स्टील गेट का रहने वाला है। सरायढेला में बिलेशीमो सैलून संचालक अर्चना का भाई बताया जा रहा है। पकड़े गए युवक को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह द्वारा शनिवार को मासिक लोग अदालत में 60 मामले का हुआ निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 30 सितंबर 2023 :- गिरिडीह जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया ।इस लोक अदालत में कुल 60 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया , जिसमें 1 लाख 54 हजार सुलहनीय राशि संबंधित विभाग एवं पक्षकारों को प्रदान किया गया , उक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने दी श्री गौतम ने बताया कि इस मासिक लोक अदालत के सफल संचालन हेतु कुल सात पीठों का गठन किया गया था ।जिसके माध्यम से न्यायालय में लंबी सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामला सिविल वाद क्लेम , एन आई एक्ट वाद, एवं बिजली विभाग , के वन विभाग , उत्पाद विभाग , श्रम विभाग , माफ तोल विभाग , टेलीफोन विभाग से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया । इस मामले में लोक अदालत को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारी गण विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और अधिवक्ता गण न्यायालय कर्मियों एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

